CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, शनिवार 28 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 86 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 मुहर्रम 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तंभ: राष्ट्रपति मुर्मू पेज 2



आईसीसी ने क्रिकेट के छह नियमों में किए बदलाव खेल टाइम्स




वो आपातकाल था तो ये क्या है... संपादकीय



ईरान को 2.5 लाख करोड़ देने की तैयारी में अमेरिका पेज 12

# डोनाल्ड ट्रम्प के दोहरे मुखोटे से कई देश दुखी

## अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा: चीन से बड़ा समझौता भारत से होगा

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि व्हाइट हाउस ने एक दिन पहले चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और आने वाले दिनों में भारत के साथ इससे भी बड़ा एक और समझौता हो सकता है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने ब्लूमबर्ग टीवी को बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। हालांकि उन्होंने और श्री ट्रम्प ने इस समझौते के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। श्री ट्रम्प ने गुरुवार देर रात कहा कि हमने अभी-अभी चीन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम मई के शुरू में जिनेवा में अमेरिका-चीन वार्ता के बाद उठाया गया है, जिसके कारण दोनों पक्षों ने बड़े पैमाने पर टैरिफ बढ़ोतरी को स्थगित कर दिया था। इसकी वजह से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बहुत नुकसान पहुंच रहा था और दोनों देशों के बीच व्यापार प्रभावित हो रहा था। श्री लुटनिक ने कहा कि राष्ट्रपति इन समझौतों को खुद ही पूरा करना पसंद करते हैं। वे समझौता करने वाले हैं। हम एक के बाद एक समझौता करने जा रहे हैं। श्री ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका जल्द ही भारत के साथ बहुत बड़ा समझौता कर सकता है, हालांकि उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया है।



### कृषि सेक्टर में अमेरिका को ज्यादा मार्केट एक्सेस नहीं देना चाहता भारत

**नई दिल्ली।** भारत नहीं चाहता कि अमेरिकी मांगों जैसे- कृषि और ऑटोमोबाइल सेक्टर को भारतीय मार्केट में ज्यादा जगह मिले, क्योंकि इससे घरेलू कारोबारियों को नुकसान हो सकता है। भारत चाहता है कि डील दोनों देशों के लिए ज्यादा से ज्यादा बैलेंस्ड हो। सूत्रों का कहना है कि कृषि उत्पादों, खासकर मक्का और सोयाबीन पर टैरिफ में छूट की अमेरिकी मांग डील को अटकने वाला मुद्दा बन गया है। खबर है कि भारत अमेरिकी कृषि में प्रचलित जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलों के लिए अपने बाजार को खोलने के मामले में सावधानी बरत रहा है।

# जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं: सीजेआई

**नागपुर, वार्ता**

- एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है
- यह देश की सेवा, लेकिन कठिन काम
- कॉलेजियम पर कहा- जाति और धर्म चयन के मानदंड नहीं



**सुप्रीम कोर्ट** के चीफ जस्टिस बीआर गवई का कहना है कि एक जज अकेले काम नहीं कर सकता है। जज होना नौ से पांच की नौकरी नहीं है। यह राष्ट्र की सेवा है, लेकिन यह एक कठिन काम भी है।

सीजेआई गवई छत्रपति संभाजी नगर में बॉम्बे हाईकोर्ट, औरंगाबाद बेंच की एडवोकेट यूनियन की तरफ से रखे गए अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को सभी जजों के सर्वोच्च न्यायालय के रूप में काम करना चाहिए, न कि केवल भारत के मुख्य न्यायाधीश के, इसलिए सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए जाने चाहिए। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि वे महाराष्ट्र के कोल्हापुर में बॉम्बे हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग का समर्थन करते हैं। न्याय हर नागरिक को हर कोने में उपलब्ध होना चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट में वर्तमान में मुंबई की मेन बेंच के अलावा गोवा, औरंगाबाद और नागपुर में सर्किट बेंच हैं। जस्टिस गवई ने कहा कि एक जज को समाज में घुलना-मिलना चाहिए। इससे समाज की समस्याओं व प्रश्नों को समझा जा सकता है और न्याय के माध्यम से उनका समाधान किया जा सकता है। सीजेआई ने कहा कि जब भी हाईकोर्ट की कोल्हापुर बेंच की मांग की गई है, मैंने समर्थन किया। औरंगाबाद बेंच का उदाहरण दिया है। औरंगाबाद बेंच में बॉम्बे बेंच की तुलना में ज्यादा मामले दायर किए जाते हैं। हर सुनवाई के लिए हर किसी के लिए बॉम्बे आना आर्थिक रूप से संभव नहीं है। हर नागरिक को हर कोने में बिना ज्यादा समय और पैसा खर्च किए न्याय मिलना चाहिए।

### ब्रिटेन का फाइटर जेट एफ-35बी भारत में ही ठीक होगा

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट एफ-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है। 918 करोड़ रुपये का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है।

### विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ यात्रा का शुभारंभ

**पुरी।** ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के पीठासीन देवताओं, भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का नौ दिवसीय प्रवास शुक्रवार सुबह 'हरिबोल' और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और मंदिर नगरी में मंजीरों की लयबद्ध झंकार के बीच शुरू हुआ। दुनियाभर में विख्यात इस वार्षिक रथ यात्रा देखने के लिए लाखों श्रद्धालु इस तीर्थ नगरी में आए हुए हैं। वे 12वीं शताब्दी के मंदिर के 'लायंस गेट' से गुंडिचा मंदिर तक फैले तीन किलोमीटर लंबे 'बड़ा डांडा' (विशाल मार्ग) ग्रैंड रोड पर एकत्रित हुए।

### जगन्नाथ रथयात्रा में डीजे की आवाज से हाथी हुआ बेकाबू

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। जानकारी के मुताबिक, हाथी डीजे और सीटी की आवाज से बेकाबू हुआ था। हाथी को वन विभाग के अमले ने दो मादा हाथियों की मदद से काबू में किया। इसके बाद उसे और दोनों मादा हाथियों को जुलूस से हटा दिया गया। बाकी यात्रा में 14 हाथी शामिल हुए।

### महादेश्वर हिल्स में बाघिन और चार शावकों की मौत

**चामराजनगर।** कर्नाटक के माले महादेश्वर हिल्स वन्यजीव अभयारण्य में एक मादा बाघ और उसके चार शावकों की मौत से वन्यजीव प्रेमी काफी आहत हुए हैं। वन मंत्री ईश्वर खांद्रे ने इन मौतों की पुष्टि करते हुए इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हम इस घटना से स्तब्ध और दुखी हैं। माले महादेश्वर हिल्स में एक बाघिन और चार शावकों की मौत हो गई है। मैंने उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इनकी मौत के कारणों का पता लगाने के लिए वन्यजीव प्रोटोकॉल के अनुसार पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# पंजाब में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**मोहाली, वार्ता**

- एसएसओसी ने आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा के तीन सदस्य किए गिरफ्तार

**पंजाब में** मोहाली स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सहजपाल सिंह और विक्रमजीत सिंह हैं। दोनों अमृतसर ग्रामीण के रामदास के निवासी हैं। इसके अलावा एक किशोर को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से दो हैंड ग्रेनेड, एक ग्लॉक पिस्तौल और गोला-बारूद बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस गिरफ्तारी के साथ एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है जिससे कई निर्दोष लोगों की जान बच गई है। डीजीपी ने कहा कि इस मॉड्यूल को ब्रिटेन में रह रहे निशान सिंह और पाकिस्तान में रह रहे आतंकवादी हरविंदर रिंदा संचालित कर रहे थे। यह समूह अमृतसर क्षेत्र में पुलिस प्रतिष्ठानों पर हमले और लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था। इस संबंध में थाना एसएसओसी मोहाली में भारतीय न्याय संहिता और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच जारी है तथा कुछ और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है।

### गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां और उनके बॉडीगार्ड की गोली मारकर हत्या

**बटाला।** पंजाब के बटाला में गुरुवार देर रात को कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया की मां हरजीत कौर और उसके बॉडीगार्ड करणवीर की दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात देर रात बटाला के कादियां टोल बैरियर के पास हुई। जानकारी के अनुसार, करणवीर सिंह और हरजीत कौर स्कॉर्पियो में जा रहे थे। तभी बाइक पर आए हमलावरों ने उनकी गाड़ी पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। हत्या की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। गोली लगने से करणवीर सिंह की घटना स्थल मौत हो गई, जबकि हरजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें बटाला से अमृतसर रेफर किया गया, जहां उन्होंने भी दम तोड़ दिया। मरने वाला बॉडीगार्ड करणवीर सिंह जग्गू के मामा का बेटा बताया जा रहा है।

# चीन सीमा पर स्थायी शांति के लिए जटिल मुद्दों का समाधान जरूरी: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता**



**रक्षा मंत्री राजनाथ** सिंह ने चीन सीमा पर स्थायी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने तथा तनाव कम करने के लिए सुव्यवस्थित तंत्र के माध्यम से लंबित जटिल मुद्दों को सुलझाने की जरूरत पर बल दिया है।

श्री सिंह ने चीन के किंगदाओ में गुरुवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक से इतर रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधान पर बल दिया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेताओं ने भारत-चीन सीमा पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर गहन विचार-विमर्श किया।

### राजनाथ ने की रूसी समकक्ष के साथ एस-400 प्रणाली और सुखोई-30 के उन्नयन पर चर्चा

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रूस के अपने समकक्ष के साथ पहली महत्वपूर्ण बैठक में वायु सेना के बेड़े के प्रमुख लड़ाकू विमान सुखोई -30 के उन्नयन, वायु रक्षा प्रणाली एस-400 और मिसाइलों तथा अन्य महत्वपूर्ण साजो-सामान की खरीद तथा आपूर्ति के बारे में गहन विचार विमर्श किया।

### केदारनाथ हाईवे पर लैंडस्लाइड, यात्री फंसे

**नई दिल्ली।** देश में दिल्ली को छोड़कर सभी राज्यों में बारिश हो रही है। अब तक सामान्य से 12.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। 26 जून तक देश में सामान्य रूप से 134.3 मिमी होनी चाहिए थी, लेकिन 146.6 एमएम हो चुकी है। उत्तराखंड में भारी बारिश के चलते केदारनाथ हाईवे एक बार फिर मुनकटिया इलाके में लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। रास्ते पर लगातार पत्थर और मलबा गिर रहा है। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं और यात्रियों को जंगल के वैकल्पिक रास्तों से सुरक्षित निकाल रही हैं। इस बीच देश में बारिश के चलते मौतों का आकड़ा भी बढ़ने लगा है। हिमाचल के कुल्लू जिले में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 7 से ज्यादा लापता हैं।

# अहमदाबाद प्लेन क्रैश: जांच टीम में यूएन अफसर शामिल नहीं होगा

**अहमदाबाद, वार्ता**

- सरकार ने संयुक्त राष्ट्र का प्रस्ताव ठुकराया, ब्लैक बॉक्स का डेटा रिकवर हुआ
- जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण करेगी



**अहमदाबाद में** 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान क्रैश की जांच टीम में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अधिकारी को शामिल नहीं किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की विमानन एजेंसी आईसीएओ (इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन) ने भारत सरकार को अपने एक अधिकारी की मदद देने की पेशकश की थी। यह अधिकारी पहले से ही भारत में मौजूद था, लेकिन भारतीय अधिकारियों ने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया। इंडिया टुडे ने रिपोर्ट्स के हवाले से ये खबर दी है। वहीं, हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। अहमदाबाद में हादसे में 241 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक यात्री की जान बच गई थी। वहीं, इस घटना में कुल 270 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद प्लेन हादसा में जान गंवाने वाले 251 मृतकों की डीएनए से पहचान हो चुकी है। 245 मृतकों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। आईसीएओ आमतौर पर तब जांच में शामिल होता है जब किसी देश की तरफ से मदद मांगी जाती है। जैसे 2014 में मलेशियन विमान के गिरने और 2020 में यूक्रेनी विमान हादसे में। लेकिन इस बार आईसीएओ ने खुद पहल की थी। भारत की एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इनवेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) इस हादसे की जांच कर रही है, लेकिन एएआईबी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की। आईसीएओ की तरफ से भी अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हादसे के बाद प्लेन का ब्लैक बॉक्स के डेटा को रिकवर कर लिया गया है। गुरुवार को सरकार ने बताया कि इसका डेटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डेटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) कर रहा है। केंद्र सरकार के अनुसार, क्रैश प्लेन से दो ब्लैक बॉक्स (सीवीआर और डीएफडीआर) सेट मिले हैं। इनमें हादसे के समय पायलटों की बातचीत और विमान की तकनीकी जानकारी का रिकॉर्ड मिलेगा। पहला सेट 13 जून को और दूसरा 16 जून को बरामद किया गया।

# रिहाई में देरी पर उप्र को देना पड़ा 5 लाख मुआवजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- कोर्ट ने मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जमानती आदेश का पालन करने में करीब एक माह की देरी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देना पड़ा।

न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष उत्तर प्रदेश सरकार के अधिवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि अदालती आदेश का पालन करते हुए संबंधित पीड़ित व्यक्ति को मुआवजा दे दिया गया है। अदालत के समक्ष पीड़ित व्यक्ति के अधिवक्ता ने उक्त मुआवजा राशि प्राप्त होने की पुष्टि की। शीर्ष अदालत ने आरोपी व्यक्ति को जेल से रिहा करने में करीब एक माह की देरी के लिए 25 जून को उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई थी और इसके लिए उसे पांच लाख रुपये का मुआवजा संबंधित पीड़ित व्यक्ति को देने का आदेश दिया था। साथ ही, राज्य सरकार से इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को 29 अप्रैल को जमानत दे दी थी, लेकिन उसे गाजियाबाद जिला जेल से 24 जून को रिहा किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश आम महोत्सव चार जुलाई से लखनऊ में

**लखनऊ( ब्यूरो )।** आम के उत्पादन, निर्यात, प्रसंस्करण को प्रोत्साहित किए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 का आयोजन चार से छह जुलाई के बीच लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में किया जाएगा। प्रदेश के कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने यहां पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आम के उत्पादन में देश में अगृणी राज्य है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश में 3.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की बागवानी की गई, जो देश कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्रदेश में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश कुल उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बारा. बंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि आम उत्पादन वाले प्रमुख जिले है।

### जम्मू-कश्मीर के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में करेंगे वापसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) से जुड़े दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में वापसी करने जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, पूर्व मंत्री ताज मोहि. उद्दीन और गुलाम मोहम्मद सरूरी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सैयद नसीर हुसैन, जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में आज औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल होंगे। उन्होंने अगस्त 2022 में कांग्रेस छोड़ी थी और आजाद की नव गठित पार्टी डीपीएपी में शामिल हो गए। उन्होंने पिछले साल पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

# भाजपा-आरएसएस की सोच संविधान विरोधी: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ कांग्रेस इनके मंसूबों को नहीं होने देगी कामयाब

कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी-भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ-आरएसएस की विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए बार बार नए संविधान की मांग की जाती रही है, लेकिन अब इसी विचारधारा के लोगों ने सीधा हमला करते हुए संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द हटाने की मांग शुरु कर दी है।

कांग्रेस ने कहा कि भाजपा आरएसएस की संविधान विरोधी सोच अब खुलकर सामने आ गई है इसलिए आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने संविधान की प्रस्तावना में बदलाव करने की मांग की है। होसबोले का कहना है कि संविधान की प्रस्तावना से 'समाजवादी' व 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को हटाया जाए। पार्टी ने कहा कि यह बाबा साहेब के संविधान को खत्म करने की साजिश है और आरएसएस भाजपा हमेशा यही साजिश करती रही है।

जब संविधान लागू हुआ था, तो आरएसएस ने इसका विरोध करते हुए संविधान को जलाया था। अब एक बार फिर वे साजिश करने में जुट गए हैं, लेकिन कांग्रेस किसी कीमत इनके मनसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आरएसएस ने कभी भी भारत के संविधान को पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। उसने 30 नवंबर 1949 से ही डा. अंबेडकर, नेहरू और संविधान निर्माण से जुड़े अन्य लोगों पर हमले किए।

# कुछ लोग बिगाड़ रहे यूपी का अमन-चैन: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ इटावा कथावाचक कांड पर सपा मुखिया फिर गरजे

**लखनऊ।** यूपी के इटावा में कथावाचकों के साथ हुई अभद्रता पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कुछ लोग यूपी का अमन चैन बिगाड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि भाजपा अपने सेट किए हुए प्लांटेड लोगों के उपनाम का दुरुपयोग करके उप्र के पड़ोसी राज्यों से लोगों को लाकर, समाज को बांटनेवाली जो घुसपैठिया राजनीति प्रदेश में कर रही है, उसका सच बच्चा-बच्चा जानता है। उप्र का समाज कुछ नकारात्मक लोगों की गलतियों से बंटेगा नहीं, बल्कि और भी मजबूत होगा। उन्होंने लिखा कि आज क्या उप्र में एक भी ऐसा भाजपाई नहीं है, जिस पर दिल्ली वाले भरोसा कर सकें? शायद ऐसा ही है तभी तो वो बाहर से लोगों को लाकर षड्यंत्र की नई बिसात बिछा रहे हैं। सच तो ये है कि ये लखनऊ वालों के लिए एक ताल ठोंकती चुनौती है कि उप्र को अस्थिर करने के लिए उप्र की सीमा पार से लोग बार बार अंदर आ रहे हैं और प्रदेश का अमन-चैन बिगाड़ कर आराम से वापस चले जा रहे हैं। उप्र की भाजपा सरकार क्या अब अपने प्रदेश की सीमाएं किसी भी अराजक तत्व के लिए खोल देगी। सपा चीफ ने लिखा कि अगर ऐसा है तो उप्र की भाजपा सरकार खुलकर घोषणा कर दे या फिर उन अराजकतावादी तत्वों के खिलाफ एफआईआर करके तुरंत अपनी पुलिस भेजकर गिरफ्तार करवाए। अगर ये नहीं हुआ, तो कल को उप्र की भाजपा सरकार को ठेंगा दिखाते हुए ऐसे और लोग भी आएंगे और उप्र की जनता मान लेगी कि भाजपा सरकार उप्र में कागजी सरकार बनकर रह गई है, न उसके पास कोई नेतृत्व है और न ही उप्र की कानून-व्यवस्था और यहां कि शांति के लिए कोई प्रतिबद्धता।

### इटावा: हिंसक उपद्रव कांड में गगन यादव समेत 21 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में कथावाचकों के अपमान के मुद्दे पर दादरपुर गांव में हुए उपद्रव के जिम्मेदार अहीर रेजीमेंट के अध्यक्ष गगन यादव समेत 21 के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इटावा जिले के बकेवर थाने में यह मुकदमा दर्ज किया गया है, मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस पूरे प्रकरण को लेकर के गहन जांच करने में जुटी हुई है। गगन यादव के 19 उपद्रवी समर्थक गिरफ्तार भी कर लिए गए है,13 वाहनों को जब्त किया गया है,सभी वाहनों को मोटर एक्ट अधि. नियम में कार्यवाही की गई है। गगन यादव के उपद्रवी सभी समर्थकों को जेल भेज दिया गया है।

## 2017 से पहले यूपी था असुरक्षित: योगी

# युवाओं की प्रतिभा को बनाएंगे प्लेटफॉर्म

**लखनऊ, वार्ता**



■ इटावा कथावाचक कांड पर सियासत के बीच सीएम का बड़ा बयान
■ हमारे सामने जाति नहीं, प्रतिभा रखती है मायने
■ यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया

इटावा कथावाचक कांड पर सपा की ओर से लगाए जा रहे गंभीर आरोप के बीच सीएम योगी आदित्यनाथ ने बड़ा बयान दिया है। सीएम ने बिना नाम लिए सपा पर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि 2017 के पहले का यूपी दंगों के रूप में,माफिया , गिरोह के रूप में, बेटी और व्यापारियों के लिए सबसे असुरक्षित प्रदेश के रूप में जाना जाता था। जातीय संघर्ष कराकर , परिवारवाद के नाम पर एक जनपद-एक माफिया देना ही पिछली सरकारों की उपलब्धि रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल अपने परिवार के लिए काम करती थीं, पिछली सरकारें, एक जिला एक माफिया देने का काम किया था।

एमएसएमई कार्यक्रम में सीएम योगी उत्तर प्रदेश के हर युवा की प्रतिभा और उसकी ऊर्जा का लाभ हम उत्तर प्रदेश के विकास में लगाना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना चाहते हैं, इसलिए हमारे लिए जाति मायने नहीं रखती, हमारे लिए तो उसकी प्रतिभा को एक प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने की है और सीएम युवा स्कीम उसी का हिस्सा है। सीएम ने विश्व एमएसएमई दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई नई पहल का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए युवाओं की जाति नहीं, उनकी प्रतिभा मायने रखती है।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों को जातिगत संघर्ष कराने से फुरसत नहीं थी, युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि यूपी का निर्यात आज दो लाख करोड़ तक पहुंच गया है। प्रति व्यक्ति आय भी 46 हजार से बढ़कर 1 लाख 20 हजार पहुंची है। डबल इंजन सरकार में यूपी की जीडीपी 12 लाख 75 हजार करोड़ से बढ़कर 31 लाख करोड़ रुपये हुई। जाति, धर्म या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव को समाप्त कर डबल इंजन सरकार ने सभी को समान अवसर प्रदान किए।

### अब बायोमीट्रिक हाजिरी लगाने पर ही होगी शादी

**लखनऊ।** कमजोर वर्ग की बेटियों को विवाह में सहयोग देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को योगी सरकार ने और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और जनहितकारी रूप दे दिया है। इस योजना के अंतर्गत इस वर्ष एक लाख से अधिक जोड़ों के विवाह कराने का लक्ष्य तय किया है। इस योजना को सख्त निगरानी और तकनीकी माध्यम से जोड़ते हुए लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यापक रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही बायोमीट्रिक उपस्थिति अनिवार्य कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजना में वित्तीय सहायता राशि को दोगुना किए जाने के बाद अब इस योजना की निगरानी व्यवस्था को भी और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 से हर जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च कर रही है। मुख्यमंत्री ने कई बार कहा है कि यह योजना सिर्फ विवाह कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक सम्मान, पारदर्शिता और जरूरतमंदों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि सरकार ने जनपदों में आब्जर्वर तैनात करने का निर्णय लिया है। इसके तहत एक जिले के समाज कल्याण अधिकारी को दूसरे जिले में आब्जर्वर के रूप में भेजा जाएगा।

# अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल की

कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'अमृत काल' में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष तथा पार्टी के लोकसभा सांसद अमर्. रंदर सिंह राजा बरार ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी के 'अमृत काल' में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है। उनका कहना था कि देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है। पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस दौरान जगदीप और खुशबू यादव का परिचय कराते हुए कहा कि इन दोनों के भाई लोग डेढ़ साल से रूस में लापता हैं। उनका कहना था कि दिसम्बर 2023 को 126 लोग एजेंट के माध्यम से विदेश गए थे। वे लोग सिंगापुर, मलेशिया और इटली जाना चाहते थे, लेकिन उनको मॉस्को भेज दिया गया। जगदीप के अनुसार एजेंट के माध्यम से पांच लोग मॉस्को गए थे और इसके बदले उनसे 35 लाख 40 हजार रुपए दिए लेकिन उन्हें इटली भेजने की बजाय मॉस्को भेज दिया गया। उसके बाद मॉस्को की सरकार ने इन लोगों को सेना में भर्ती करा दिया और 15 दिन की ट्रेनिंग देकर उन्हें मशीन गन पकड़ा दी गई। उन्होंने कहा कि इन 126 लोगों में 14 लोग लापता हैं, जिनमें से करीब 100 लोग वापस आ गए हैं, क्योंकि कुछ लोगों को गोली लग गई।



सेंसेक्स 84058.90
निफ्टी 25637.80



सोना रु. 98040
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107900
प्रति किलो



# अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेत से चढ़ा बजार

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के संकेतों से यूरोपीय बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस, पावर और सर्विसेज समेत 16 समूहों में हुई लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में आज लगातार चौथे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 303.03 अंक की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर और 84 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 84058.90 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 01 अक्टूबर 2024 को 84,266.29 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 88.80 अंक की बढ़ोतरी लेकर 25637.80 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.38 प्रतिशत मजबूत होकर 46,541.25 अंक और स्मॉलकैप 0.54 प्रतिशत उछलकर 54,249.40 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4165 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2251 में लिवाली जबकि 1760 में बिकवाली हुई, वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 2986 कंपनियों के शेयरों में से 1681 में तेजी जबकि 1229 में गिरावट रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई के 16 समूहों में तेजी का रुख रहा। कमोडिटीज 1.11, ऊर्जा 1.10, एफएमसीजी 0.14, वित्तीय सेवाएं 0.35, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.54, दूरसंचार 0.90, यूटिलिटीज 0.99, ऑटो 0.30, बैंकिंग 0.39, कैपिटल गुड्स 0.83, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.37, तेल एवं गैस 1.21, पावर 1.14 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.17 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स 0.71 और जापान का निक्केई 1.43 प्रतिशत उछल गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.17 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70 प्रातिशत लुढ़क गया।

# दिल्ली से पटना तक सस्ता हुआ सोना-चांदी

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी की कीमत में शुक्रवार को भी भारी गिरावट रही। प्रति 10 ग्राम सोने और प्रति 1 किलोग्राम चांदी के रेट में कमी देखी गई है। शुक्रवार को 24 कैरेट सोने का रेट 98,950 रुपये की जगह 98,940 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। 22 कैरेट सोने का रेट 90,700 रुपये की जगह 90,690 रुपये प्रति 10 ग्राम है। प्रति 1 किलोग्राम चांदी की कीमत में 100 रुपये की गिरावट आई है। ऐसे में चांदी1,08,000 रुपये की जगह 1,07,900 रुपये बिकी। देश के बड़े चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,090 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,840 रुपये रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये है, जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,940 रुपये और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,690 रुपये रही। चांदी की बात करें तो राजधानी दिल्ली में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि मुंबई में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है। वहीं कोलकाता में चांदी की कीमत 1,07,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है, जबकि चेन्नई में चांदी की कीमत 1,17,900 रुपये प्रति 1 किलोग्राम है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, दालों में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि दालों में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 53 रिंगिट बढ़कर 3992 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट की तेजी के साथ 52.67 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपए और दाल चना 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गई जबकि मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में स्थिरता रही। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5800, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9200-9300, उड़द दाल 9500-9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपए, मूंगफली तेल 17948 रुपए, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए, सोया रिफाइंड 14102 रुपए, पाम ऑयल 13333 रुपए और वनस्पति तेल 14666 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# रसायनों का छठा सबसे बड़ा उत्पादक है भारत

**तिरुवनंतपुरम।** भारत वैश्विक स्तर पर छठा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक है, जिसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत योगदान है।

कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान की वैश्विक प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सीएसआईआर-एनआईआईएसटी के निदेशक डॉ. सी. आनंदधर्मकृष्णन ने इस क्षेत्र में नवाचार को गति देने के लिए जलवायु-स्मार्ट, कम कार्बन रसायन विज्ञान और एआई और स्वचालन जैसी प्रौद्योगिकियों के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने संस्थान के रासायनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रभाग (सीएसटीडी) द्वारा आयोजित कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान में प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एओएमसी-2025) का उद्घाटन करते हुए यह बात कही, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता के 50 वर्षों के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती कॉन्क्लेव श्रृंखला का हिस्सा है। दो दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य अग्रणी वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और युवा शोधकर्ताओं को एक साथ लाना है, ताकि वे कार्बनिक और पदार्थ रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हालिया प्रगति और उभरते रुझानों पर चर्चा कर सकें। भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के विकास पर विचार करते हुए आईआईएससी बैंगलोर के प्रोफेसर और सीएसआईआर-सीडीआरआई के पूर्व निदेशक प्रोफेसर टीके चक्रवर्ती ने युवा पीढ़ी को आज उपलब्ध उपकरणों और बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 697.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट होने से 20 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.02 अरब डॉलर कम होकर 697.स9 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 698.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 20 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 35.7 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 589.1 अरब डॉलर पर आ गई।

# छोटे उद्योग अर्थव्यवस्था के मजबूत स्तम्भ

## अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस समारोह के उद्घाटन पर बोलीं राष्ट्रपति

**नई दिल्ली, वार्ता**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छोटे उद्योगों को भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ करार देते हुए कहा है कि ए रोजगार सृजन के साथ साथ सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

मुर्मू ने शुक्रवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2025 के समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग देश की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग न केवल देश के सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर नवाचार को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योग महिलाओं, युवाओं, ग्रामीण क्षेत्रों तथा वंचितों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराकर सामाजिक समावेशन को भी बढ़ाते हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार के साथ-साथ मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे। आंकड़ों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे उद्योगों का देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत, विनिर्माण में 36 प्रतिशत और निर्यात में 45 प्रतिशत का योगदान रहा है। यह क्षेत्र कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा होते हैं। इस तरह यह क्षेत्र कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण और विकास के विकेन्द्रीकरण से समावेशी विकास में मदद करते हैं। छोटे उद्योग क्षेत्र देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के समक्ष वित्त की समस्या के साथ साथ बघी कंपनियों से प्रतिस्पर्धा, अत्याधुनिक तकनीक की कमी, कच्चे माल और कुशल मानवश्रम की कमी, सीमित बाजार और भुगतान में देरी की दिक्कतें हैं। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों को इन चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कुछ नीतिगत बदलाव किए हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नकली वीजा से कनाडा भेजने की कोशिश में पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने नकली वीजा के जरिए यात्री को कनाडा भेजने का प्रयास करने वाले एजेंट को हरियाणा से गिरफ्तार किया है। आरोपी एजेंट ने यात्री से १५ लाख रुपये में सौदा कर उसे कनाडा भेजने का वादा किया था। लेकिन नकली वीजा मिलने के बाद यात्री को ताइपे से भारत के लिए निर्वासित कर दिया गया।

गिरफ्तार एजेंट की पहचान गांव मेहर माजरा, यमुना नगर हरियाणा निवासी विशन दत्त उर्फ विशु के रूप में हुई है। आईजीआई एयरपोर्ट की अतिरिक्त पुलिस आयुक्त उषा रंगनानी ने बताया, २३ जून की रात गांव मेहर माजरा यमुना नगर हरियाणा निवासी तरसेम लाल ताइवान में कनाडा के लिए आगे की बोर्डिंग से इनकार करने के बाद आईजीआई हवाई अड्डे पर पहुंचा। उसके यात्रा दस्तावेजों की जांच में अधिकारियों ने पाया कि उसके पासपोर्ट में नकली कनाडाई वीजा लगा है। यात्री को धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस के हवाले कर दिया गया। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

यात्री तरसेम लाल ने बताया कि आजीविका के लिए वह वहां जाना चाहता था। गांव के एजेंट विशन ने १५ लाख रुपये में मल्टी-एंट्री विजिटर वीजा की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। साथ ही वहां नौकरी की बात कही। तरसेम ने एजेंट को ५.५ लाख रुपये दे दिए। बाकी रकम गंतव्य पर देने की बात हुई। तरसेम ११ मई को दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट से मलेशिया के लिए रवाना हुआ। वहां एक माह रहा।

इस दौरान एजेंट के एक सहयोगी ने उसका पासपोर्ट ले लिया और बाद में उसे कनाडा का वीजा लगाकर लौटा दिया। फिर विशन ने कनाडा जाने के लिए मलयेशिया से इंडोनेशिया, फिर बैंकॉक और अंत में ताइपे की यात्रा की व्यवस्था की। ताइपे पहुंचने पर एयरपोर्ट अधिकारियों ने उसके पासपोर्ट में कनाडा का नकली वीजा देखकर उसे वापस नई दिल्ली भेज दिया। एसआई राजेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यात्री की निशानदेही और तकनीकी जांच के जरिए एजेंट विशन दत्त को बुधवार को यमुनानगर हरियाणा के एक ठिकाने से पकड़ लिया। पूछताछ में विशन ने बताया कि वह आठवीं कक्षा तक पढ़ा है। वह २०२२ में वह एजेंटों के एक समूह के संपर्क में आया, जो विदेश यात्रा और रोजगार दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। जल्द पैसा कमाने के लिए वह उनके साथ एजेंट के रूप में काम करने लगा। उसने तरसेम के संपर्क करने पर अपने साथियों की मदद से वीजा और ताइपे के जरिए कनाडा की अंतर्राष्ट्रीय यात्रा सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की व्यवस्था की। पुलिस ठगी में शामिल अन्य एजेंटों की पहचान करने के बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के बवाना के पूठ खुर्द में स्थित महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र सिंह (इंद्राज) भी मौजूद रहे।

महर्षि वाल्मीकि अस्पताल का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, डॉक्टर्स और नर्सो, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, आपातकालीन व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। मंत्री महोदय ने अस्पताल की सफाई व्यवस्था और दवाइयों के स्टॉक के साथ ही मरीजों के उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने ओपीडी में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों के साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों, डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों से बातचीत कर सबकी समस्याएं सुनीं। औचक निरीक्षण के दौरान डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अस्पताल में सिविल वर्क्स में हो रही देरी और स्टाफ की उपलब्धता में कमी को लेकर अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त कर सभी पेंडिंग काम को जल्द पूरा करने के सख्त निर्देश भी दिए।

उन्होंने अस्पताल में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कमियों को तुरंत दूर करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित निर्माण कार्यों को संबंधित विभागों के सहयोग से शीघ्र पूरा किया जाए। मंत्री महोदय ने कहा कि महर्षि वाल्मिकी अस्पताल जो बाहरी दिल्ली के लोगों के बेहतर इलाज के लिए बनाया गया है। जहां बाहरी दिल्ली के रहने वाले लोग इस उम्मीद में पहुंचते हैं कि उनको समय पर और गुणवत्तापूर्ण हर बीमारी का इलाज मिल सके। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी सभी कमियों को शीघ्रता से दूर कर स्वास्थ्य सेवा को और मजबूत बनाया जा सके।

## बवाना इलाके में गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली।** बवाना इलाके में शुक्रवार सुबह एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान दीपक (४३) के रूप में हुई है, जो गैंगस्टर मंजीत महाल का भांजा था। बाइक सवार अज्ञात लोगों ने दीपक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। इस दौरान दीपक की बेटी भी उसके साथ थी, जो घायल हुई है। इस हत्या के पीछे पुलिस को गैंगवार की आशंका है। जानकारी के मुताबिक बवाना इलाके में आज सुबह करीब आठ बजे दीपक अपने परिवार के साथ टहलने निकला था। इस दौरान बाइक पर सवार दो लोग आए और उसपर कई राउंड फायरिंग कर दी। जिससे दीपक की मौत हो गई। उसकी बेटी घायल है, जिसका फिलहाल अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

## एक नजर

### 10 साल में तीन गुना हुए कैंसर के मामले

**नई दिल्ली।** कीटनाशक का बढ़ता इस्तेमाल, खराब जीवनशैली, पर्यावरण प्रदूषण, आहार संबंधी आदतें, आनुवंशिक सहित दूसरे कारण कैंसर के मरीजों की संख्या बढ़ा रहे हैं। अकेले सफदरजंग अस्पताल में हर माह कैंसर के करीब 125 नए मरीज पंजीकृत हो रहे हैं। अस्पताल का आंकड़ा बताता है कि पिछले 10 साल में कैंसर का इलाज करवाने आ रहे मरीजों की संख्या तीन गुना हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर का जीन्स (ओंकोजीन्स) हर व्यक्ति में मौजूद रहता है। जीन्स सक्रिय (ट्रिगर) होने पर कैंसर सेल बनाता है। बीते कुछ साल में लोगों के खान-पान, जीवन शैली सहित दूसरे व्यवहार में आए बदलाव के कारण कैंसर मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हालांकि जांच की सुविधा बढ़ने से मरीज पहले ही इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, जबकि कुछ साल पहले तक अधिकतर मरीज एडवांस स्टेज में अस्पताल पहुंचते थे, जिन्हें बचाना मुश्किल हो जाता था। सफदरजंग अस्पताल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट के प्रमुख डॉ. कौशल कालरा ने कहा कि पिछले दस साल में कैंसर मरीजों की संख्या तीन गुना तक बढ़ गई है। ओपीडी में रोजाना करीब 200 मरीज पहुंचते हैं। हर माह करीब 125 नए मरीज अस्पताल में पंजीकृत होते हैं। इसके अलावा दूसरे विभागों में भी कैंसर के मरीजों का इलाज होता है। डॉ ने बताया कि तंबाकू व शराब का सेवन,अनुचित आहार,पर्यावरणीय प्रदूषण ,शारीरिक गतिविधि का अभाव ,वायरल संक्रमण ,पारिवारिक इतिहास ,बढ़ती उम्र आदि से इस बीमारी के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इसके लिए ,स्वस्थ आहार,नियमित व्यायाम,पर्यावरण प्रदूषण से बचाव,समय पर टीकाकरण,नियमित स्वास्थ्य जांच करा कर अपनी सेहत का का ख्याल रखा जा सकता है।

### प्रतिदिन मिलने वाले ऑर्डर में दोगुना वृद्धि की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मिंत्रा ने दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में अपनी त्वरित डिलीवरी सेवा, एम-नाउ पेश की है। इससे पहले इस सेवा को बैंगलुरू के ग्राहकों से बहुत शानदार प्रतिक्रिया मिल चुकी है। अब एम-नाउ तीनों महानगरों में ६०० से अधिक ब्रांड्स की ९०,००० से अधिक ट्रेंड-फर्स्ट एसकेयू (स्टॉक कीपिंग यूनिट्स) उपलब्ध करा रहा है। मिंत्रा के इस विस्तार में बैंगलुरू, दिल्ली और मुंबई में कंपनी के ४० से अधिक डार्क स्टोर्स के बढ़ते हुए नेटवर्क का योगदान है। एम-नाउ ने पिछली तिमाही में तेजी से बढ़ती हुई फैशन श्रेणियों के साथ प्रतिदिन मिलने वाले ऑर्डर में लगभग दोग.ुना वृद्धि की। इस बारे में शैरन पायस, चीफ बिजनेस ऑफिसर, मिंत्रा ने कहा, ''स्पीड, मिंत्रा के लिए सर्वश्रेष्ठ ग्राहक अनुभव के मूल सिद्धांतों में से एक है, जिनके लिए मिंत्रा मशहूर है। एम-नाउ के साथ, हम फैशन में सुविधा का अर्थ फिर से परिभाषित कर रहे हैं, जिसमें संग्रह और प्लेटफॉर्म अनुभव की व्यापकता के साथ स्पीड का मेल है।

### व्यापारी वर्ग करेगा मुख्यमंत्री का अभिनंदन: देवेन्द्र शर्मा



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में दिल्ली के उपराज्यपाल के आदेश पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा लाखों व्यापारियों को दिल्ली पुलिस द्वारा दी जाने वाले सात लाइसेंसो के आवंटन से मुक्ति दिलाने व व्यापारी कल्याण बोर्ड की घोषणा पर उनके अभिनंदन की तैयारियां की जा रही है। प्रबुद्ध व्यवसायी एवं गेस्ट हाउस मालिक एसोसिएशन के प्रमुख देवेन्द्र शर्मा ने बताया,कि व्यवसायिक गतिविधियां में लाईसेंस लेने के लिए व्यापारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती थी, जिसके कारण महीनों या सालों तक विभाग के चक्कर काटने पड़ते थे। श्री शर्मा ने कहा,कि इस श्रेणी में होटल, मोटेल,गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, आडिटोरियम, स्वीमिंगपूल, वीडियो गेम पार्लर, डिस्कोथेक, मनोरंजन पार्क आदि व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों में खुशी की लहर है।साथ ही पिछली सरकारों ने व्यापारियों के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद व्यापारी वर्ग उपेक्षित नही रहेगा, बल्कि व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन से व्यापार में आ रही समस्याओं का समाधान भी सरकार द्वारा किया जाएगा।उन्होंने कहा,कि जल्द ही अपनी एसोसिएशन की संयुक्त बैठक कर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी का सार्वजनिक रूप से अभिनंदन किया जाएगा, जिससे की दिल्ली सरकार समय-समय पर व्यापारियों को प्रोत्साहित करती रहे।

### विजन अनवीलिंग' कार्यक्रम की घोषणा

**नई दिल्ली।** "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत सिर्फ 1 घंटे में 5 लाख से अधिक पेड़ लगाकर Save Earth Mission ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ एक ऐतिहासिक कदम उठाया और दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। इस विश्व रिकॉर्ड-सृजन कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और Forbes,Fox, Business Insider व अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया चौनलों पर प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। अब, Save Earth Mission वैश्विक स्तर पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराने जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को शाम 6 बजे IST पर, प्रतिष्ठित गिफ्ट सिटी क्लब, अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा। इस बारे में संदीप चौधरी, अध्यक्ष- भारत चैप्टर, सेव अर्थ मिशन ने कहा कि यह केवल भारत नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए गर्व का क्षण है। लोगों ने अपनी आवाज उठाई, और अहमदाबाद ने वैश्विक जलवायु एकता का प्रतीक बनकर एक नई मिसाल कायम की है।

### एक लाख रुपए छीनने वाले दो रॉबर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के गांधी नगर थाने के स्टाफ ने राहगीरों की मदद म एक लाख रुपए छीनने वाले दो रॉबर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी के साठ हजार रुपए बरामद किए है। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि १८ जून को रात करीब १०:०५ बजे एक कॉलर ने सूचना दी कि वह कंधे पर कपड़ों का बंडल लेकर अशोक गली, गांधी नगर में कपड़े सप्लाई करने जा रहा था। जब वह अशोक गली में शिव साईं गारमेंट्स के सामने पहुंचा तो तीन लोगों ने उसे घेर लिया। उनमें से एक उसके सामने खड़ा हो गया, जबकि दूसरे ने उसे धक्का दिया और उसके सामने खड़े तीसरे व्यक्ति ने उसकी जींस की जेब से एक लाख रुपये छीन लिए।



दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की पहली बैठक सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई।

# संपत्ति कर में मिलने वाले छूट को 31 जुलाई तक बढ़ाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की पहली बैठक सिविक सेंटर स्थित निगम मुख्यालय में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए श्रीमती सत्या शर्मा ने बताया कि स्थायी समिति के प्रत्येक सदस्य ने बैठक में सक्रिय रूप से भाग लिया और नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को स्थायी समिति के समक्ष रखा। इसके साथ ही मानसून को लेकर निगम की तैयारियों के संबंध में भी सकारात्मक चर्चा हुई और सभी सदस्यों ने अपने सुझाव रखे। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त ने आश्वासन दिया है कि इस वर्ष पिछले वर्ष के मुकाबले ज्यादा काम हुआ है और नए पंप लगाए गए हैं, वॉट्सऐप के माध्यम से ग्रुप बनाए गए हैं जिस पर लगातार अपडेट मिलते रहेंगे और निगम के सभी जोनों में हेल्पलाइन नंबर सुचारु रूप से कार्य करें यह सुनिश्चित किया गया है। समिति द्वारा विभिन्न एजेंडा विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने आगे बताया कि संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी उठाए गए मुद्दों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा अगली बैठक में उनका 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' (कार्यवाही विवरण रिपोर्ट) प्रस्तुत किया जाए।

अध्यक्ष ने यह भी जानकारी दी कि आज की पहली बैठक में लगभग २५ एजेंडा आइटम्स पारित किए गए, जो समिति के कार्यकाल की एक उत्पादक और निर्णायक शुरुआत को दर्शाता है। इसके साथ ही संपत्ति कर में मिलने वाले १०% तक की छूट को ३१ जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

# हल्के आभूषण सेगमेंट में किया प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।** सराफी उद्योग में १९२ वर्षों की विरासत और विश्वासार्हता रहे भारत के सबसे भरोसेमंद ज्वेलरी ब्रांड / हाऊस में से एक पीएनजी ज्वेलर्स ने पुणे में अपने समकालीन सब-ब्रांड लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के शुरू करने की घोषणा की. यह लॉन्च पीएनजी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह हर रोज पहनने के लिए हल्के, डिजाइन-फॉरवर्ड आकर्षक आभूषणों के माध्यम से आभूषण खरीदारों की अगली पीढ़ी से जुड़ता है। भारत में हल्के वजन के बढ़िया आभूषणों के बाजार में तेजी देखी गई है, जो सोने की बढ़ती कीमतों, प्राथमिक आभूषण खरीदारों के रूप में महिलाओं की उभरती भूमिका और समकालीन जीवन शैली के अनुकूल व्यावहारिक, डिजाइन से समृद्ध आभूषणों की बढ़ती चाहत के कारण संभव हो पाया है. १४ कॅरेट और १८ कॅरेट सोने के विभाग में अब दैनिक उपयोग के आभूषणों की खरीदारी में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है, प्रामाणिकता, किफायतशीर कीमत और डिजिटल सुविधा प्रदान करने वाले ब्रांड इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं. लाइटस्टाइल बाय पीएनजी एक तेज, भावनात्मक रूप से प्रतिध्वनित स्थिति और एक महत्वाकांक्षी मल्टी-चैनल रोलआउट योजना के साथ इस उच्च-विकास श्रेणी में प्रवेश करता है।

पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष और व्यवस्थापकीय संचालक डॉ. सौरभ गाडगी ने कहा की, लाइट स्टाइल के साथ, हम युवा उपभोक्ताओं के आभूषणों के प्रतिरुझान में स्पष्ट बदलाव को देख रहे हैं । पीएनजी और लाईटस्टाइल के प्रमुख- मार्केटिंग, ई-कॉमर्स, सीआरएम, और सीएस आर हेमंत चव्हाण ने कहा की, हम औपचारिक आभूषणों और रोज पहनने के पोशाक के बीच का अंतर कम कर रहे हैं, जिससे प्रीमियम सोने और हीरे के आभूषण ज़ुयादा सुलभ और प्रासंगिक बन रहे हैं।

# आरोपों के बाद छवि को लगा झटका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की कुछ आईटी कंपनियों पर लगे आरोपों ने भारत की वैश्विक प्रतिभा केंद्र के रूप में छवि को सवालों के घेरे में ला दिया है। जब भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपनी भूमिका बढ़ा रहा है, ऐसे समय में इस तरह के आरोप अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर बुरा असर डाल सकते हैं। 2023 में टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) में सामने आया नौकरी के बदले घूस कांड, भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी में वेंडर पक्षपात की गंभीर तस्वीरें सामने आयीं। टीसीएस की आंतरिक जांच के मुताबिक, हैदराबाद की फॉरे सॉफ्टवेयर प्राइवेट लिमिटेड और बेंगलुरु की टैलटेक टेक्नोलॉजीज ने वरिष्ठ अधिकारियों को रिश्वत देकर और अंदर की जानकारी हासिल कर कॉन्ट्रैक्ट स्टाफिंग में अनुचित फायदा उठाया। फॉरे सॉफ्टवेयर अब भी भारत और विदेशों में छुपकर काम कर रही है। एक बेंगलुरु स्थित इंडस्ट्री ऑडिटर के अनुसार, यह कंपनी अब भी वेंडर सिस्टम और भर्ती चैनलों की कमजोरियों का फायदा उठाकर फॉर्च्यून 500 कंपनियों को चूना लगा रही है।जबकि अमेरिकी कंपनियों की लागत बढ़ा रही है और वेंडर योग्य पेशेवरों को अवसरों से वंचित कर रहे हैं।

फॉरे सॉफ्टवेयर की साझेदारी टेक्सास की ईएस सर्च कंसल्टेंट्स के साथ भी संदेह के घेरे में है। यह कंपनी मधु कोनेनी और मृदुला मुनगला (पति-पत्नी) द्वारा संचालित है। पूर्व कर्मचारियों का कहना है कि जब ईएस सर्च के कर्मचारी किसी क्लाइंट कंपनी में काम शुरू करते हैं, तो वे वहां की हायरिंग टीम और इंटरव्यू प्रक्रिया को नियंत्रित करने लगते हैं। फिर वे जानबूझकर योग्य उम्मीदवारों (यहां तक कि अमेरिकी नागरिकों) को रिजेक्ट कर कृत्रिम कमी का माहौल बनाते हैं और अपनी पसंद के लोगों को ऊंचे रेट पर प्रस्तावित करते हैं।

# आपातकाल को लेकर विधानसभा में होगी संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा आपातकाल (१९७५-७७) की ५०वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन करने जा रही है। यह संगोष्ठी भारतीय लो. कतंत्र और संविधान का सबसे अंधकारमय दौर: ना भूलें, ना क्षमा करें शीर्षक के अंतर्गत रुसंविधान हत्या दिवस के रूप में मनाई जाएगी। यह आयोजन विधान सभा परिसर में किया जाएगा। इस संगोष्ठी में केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह (राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार), पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया आदि शामिल होंगे।इस अवसर पर दिल्ली विधान सभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।यह संगोष्ठी भारतीय लोकतंत्र के सबसे संकटपूर्ण और तानाशाही दौर की स्मृति में एक राष्ट्रीय आत्मचिंतन का अवसर होगी। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह संगोष्ठी न केवल आपातकाल का विरोध करने वाले लोकतंत्र के प्रहरी. जनों को श्रद्धांजलि है, बल्कि नई पीढ़ी को यह स्मरण कराने का संकल्प भी है कि लोकतांत्रिक मूल्यों की सतत रक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर "आपातकाल/५०" बुकलेट का विमोचन भी किया जाएगा, जो इस ऐतिहासिक घटना से जुड़े तथ्यों, अनुभवों एवं साक्ष्यों को रेखांकित करती है।

## दुकान में हुई लाखों की चोरी के मामले में चोर सह ऑटोलिफ्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के महेंद्र पार्क थाने के स्टाफ ने दुकान में २.१८ लाख रुपए के चोरी के मामले को सुलझाकर एक चोर सह ऑटोलिफ्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से आंशिक रूप से चोरी की गई नकदी दस हजार , एक मोबाइल और चोरी की स्कूटी भी बरामद की है। आरोपी पहले भी चोरी और शस्त्र अधिनियम के अठारह मामलों में शामिल रहा है।आरोपी ने आसानी से पैसा कमाने की चाह में अपराध को अंजाम दिया था। दिल्ली के उत्तर-पश्चिम जिला,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त-I सिकंदर सिंह ने बताया कि ६ जून को, पीपी नई सब्जी मंडी,महेंद्र पार्क थाने के क्षेत्र में एक दुकान में २.१८ लाख की चोरी के संबंध में महेंद्र पार्क थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। इस संबंध में,महेंद्र पार्क थाने में मामला दर्ज कर एसीपी शालीमार बाग राजबीर लांबा की देखरेख मे एसएचओ महेंद्र पार्क विजय शनवाल के नेतृत्व में टीम ने शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया प्राप्त इनपुट के आधार पर, टीम ने मुकरबा चौक से एक युवकों को स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जिसकी बाद में पहचान मोहित उर्फ गोलू (२४) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान, उसके पास से १०,००० रुपये नकद और स्कूटी की डिग्गी से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी व्यक्तियों ने उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली।

## एमएलसी व पोस्टमार्टम प्रक्रिया होगी सुगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मेडिको लीगल मामले (एमएलसी) को संभालने और पोस्टमार्टम जांच करने के लिए पुलिस स्टेशनों को अस्पतालों से जोड़ने व पुनर्वितरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। यह तीन नए आपराधिक न्याय अधिनियमों के तहत परिकल्पित सुधार का हिस्सा है। इस पहल के तहत दुष्कर्म, सड़क दुर्घटना और अन्य आपात स्थितियों के मामलों में शामिल पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सकेगा। साथ ही अधिक कुशल चिकित्सा और फोरेंसिक सहायता मिलेगी। इससे तत्काल चिकित्सा-कानूनी हस्तक्षेप की आवश्यकता को पूरा किया जा सकेगा। अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस, गृह विभाग और स्वास्थ्य विभाग के बीच व्यापक समीक्षा और सहयोग होने पर एलजी ने यह मंजूरी दी। इस पहल को अमली जामा पहनाने के लिए दिल्ली पुलिस के बाद स्वास्थ्य विभाग के तहत एक समर्पित समिति का गठन किया गया। यह पुनर्वितरण बीएनएसएस अधिनियम, २०२३ की धारा १९४(३) के तहत लागू किया जा रहा ह। यह पुलिस स्टेशनों को चिकित्सा-कानूनी मामलों के प्रबंधन और पोस्टमार्टम परीक्षा आयोजित करने के लिए अस्पतालों के साथ बेहतर ढंग से संरक्षित करने का काम करेगा।

# सामूहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नई दिल्ली।**

एक्स्पोपीडिया कीओर से अमलग. मेशन-13 नामक सामुहिक कला प्रदर्शनी का आयोजन विजुअल आर्ट गैलरी, इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में 30 जून तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी अपरिमिता सप्रू द्वारा क्यूरेट की गई है।

उन्होंने बताया कि 7-दिवसीय कला प्रदर्शनी में भारत के 35 से अधिक समकालीन और उभरते कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि, दिनेश सिन्हा, बायवर्ड बुक्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और रत्ना बुक्स रत्न अनुवाद श्रृंखला के प्रभारी, मुख्य अतिथि, सुनील डांग, पत्रकार और मीडिया मुगल, सुश्री शीला भट्ट, पत्रकार, प्रवीण उपाध्याय, कलाकार और पायनियर आर्ट गैलरी के निदेशक, प्रकाश बाल जोशी, कलाकार और लेखक द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में गंगा घाट, , मूर्तियां, पेंटिंग , मिश्रित मीडिया और विभिन्न रंगो के माध्यम से कहानियों को प्रदर्शित करती है - जो भारतीय कला परिदृश्य की झलक पेश करती है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकार, प्रकाश बाल जोशी, प्रोफेसर प्रकाश भिसे, सिकंदर मुल्ला, रतन साहा, आशिफ हुसैन, अजीत देसवंदिकर, भावेश पटेल, ममता मल्होत्रा, सतीश आर गायकवाड़, सुरेश लक्ष्मण गोसावी, माया मेनन, कादंबरी मेहता, रागिनी राजेंद्र सिंकर, राजश्री पतंगे, राखी शाह, भाव्या रामकृष्णन, संजीता अहमद, शैवी जनक शाह, उत्तरा सामंत, राजुल मोदी, पूजा नितिन गौड़, अलका पांडे, डॉ. इशिता पुरकायस्थ बिस्वास, पूनम चोपड़ा, भाविनी मयूर गोलवाला, उमा कृष्णमूर्ति, दीपायन घोष, जयेंद्र गोहिल, राजीव कापड़ी, अनीशा गुप्ता, मैथिली जावेरी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत

# विद्युत चोरों पर की गई कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शुक्रवार को विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत विषेश चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान सम्बन्धित अवर अभियन्ता तथा अन्य लाईन स्टाफ की टीम का गठन कर ग्राम विध्यापुर, शाज. हांपुर, बखारवा तथा गदाना, मोदीनगर में चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग अभियान के दौरान 57 नं० व्यवित्यों के परिसर चौक किये गये जिसमें 1 नं0 मीटर टेम्पर्ड, धारा 135 (ए) में 6 नं० तथा धारा 138 (बी) के अन्तर्गत 3 नं० प्राथमिकी दर्ज कराकर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की गयी। इसके अतिरिक्त खण्ड के अन्तर्गत 193 नं० विद्युत बिल बकाया होने के कारण संयोजन को अस्थायी रूप से विच्छेदित किये गये।

खण्ड के अन्तर्गत समस्त निवासीगणों से अनुरोध है कि जो सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, ससमय नया संयोजन स्वीकृत करायें। साथ ही साथ ऐसे उपभोक्ता जिनके द्वारा गलत विद्या में विद्युत का प्रयोग कर रहे है, वह अपने उपखण्ड / खण्ड में उपस्थित होकर, अपने संयोजन की विद्या परिवर्तित करायें गये तथा समस्त विद्युत बकायेदार अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र / ऑनलाईन तथा उपकेन्द्र पर उपस्थित होकर अपने विद्युत बिल का भुगतान करें। अन्यथा की स्थिति में अस्थायी रूप से संयोजन विचछेदन तथा पुलिस प्रवर्तन दल, गाजियाबाद व विभागीय टीम के द्वारा विभागीय नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करने की बाध्यता होगी।

# मोदीनगर में प्रशासन ने कराई 250 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम मोदीनगर की अगुवाई में राजस्व टीम ने ग्राम सैदपुर हुसैनपुर डीलना बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 500 बीघा जमीन पर कराया गया कब्जा मुक्त, जिसकी अनुमानित कीमत 250 करोड़ रुपये के आसपास बताई जा रही है। प्रशासन ने जमीन पर कब्जा ले लिया है। कार्यवाही के दौरान एसडीएम मोदीनगर निखिल चक्रवर्ती, नायब तहसीलदार सचिन पंवार,बीडीओ पीयूष रॉय, भोजपुत एसओ अमित शर्मा मौजूद रहे।

# भाजपा युवा मोर्चा का आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 'मॉक पार्लियामेंट' संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर में आपातकाल को भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय के रूप में मना रही है. इसी क्रम में आज भाजपा युवा मोर्चा की ओर से मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें पक्ष-विपक्ष के लोगों ने अपनी बातों को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी बृज बहादुर पाठक एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने किया।

मॉक पार्लियामेंट की सभापति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अभिनव प्रकाश बने। कार्यक्रम के दौरान सत्ता पक्ष ने बताया कि आपातकाल के समय देश की स्थिति क्या थी। वहीं, विपक्ष में आपातकाल क्यों लगाया गया, इस पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पश्चिम उत्तर प्रदेश के 10 जिलों ने सहभागिता एवं 80 से ज्यादा कार्यकर्ताओं की प्रतिभागिता रही। मॉक पार्लियामेंट में ज्यूरी मेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं कार्यक्रम संयोजक सोनू वाल्मीकि एवं किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज रहे इसके साथ ही प्रधानमंत्री, गृहमंत्री फाइनेंस मिनिस्टर आदि भी बनाए गए थे। मॉक पार्लियामेंट का समापन सत्र पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने लिया। अभिजीत मुखर्जी महानगर मीडिया प्रभारी ने मॉक पार्लियामेंट की पूरी कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ने एक बेहतर प्रयास किया है कि आम जनता को यह बताएं कि आपातकाल होता क्या है। एक तरह का यह चर्चा परिचर्चा है, जिसके जरिए आम जनता खासकर युवा पीढ़ी को आपातकाल की जानकारी देना था।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू वाल्मीकि, महानगर अध्यक्ष किसान मोर्चा पंकज भारद्वाज, क्षेत्रीय महामंत्री युवा मोर्चा अनुज कश्यप, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रॉबिन तोमर, धनंजय शर्मा, जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, महानगर उपाध्यक्ष राम त्यागी, मोनू त्यागी अन्य कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बोर्ड बैठक की तैयारी को लेकर पार्षद जनप्रतिनिधियों से मिले



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संपत्ति कर को लेकर 30 जून को होने वाली बोर्ड बैठक की तैयारी के चलते पार्षदों का एक दल मंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल से मिले वही सांसद अतुल गर्ग शहर से बाहर होने के कारण वीडियो कॉन्फ्रेंस पर चर्चा की। पार्षद इस बार किसी भी प्रकार की कसर छोड़ने वाले नहीं है वह लगातार बैठक कर रहे हैं वहीं बोर्ड के पदेन सदस्यों से भी आशीर्वाद ले रहे हैं साथ ही महापौर सुनीता दयाल से मिल कर बोर्ड बैठक को लेकर चर्चा की। शनिवार को निगम के लगभग सभी पार्षद एक स्थान पर मिलन कर बोर्ड बैठक की रणनीति तय करेंगे। इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद हिमांशु शर्मा, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद डॉक्टर अनिल तोमर, पार्षद ओम प्रकाश ओढ़, पार्षद देवनारायण शर्मा, पार्षद कन्हैया लाल, पार्षद पवन गौतम, शशि खेमका, भूपेंद्र उपाध्याय, संतोष राणा, हरीश करगेती आदि पार्षद उपस्थित रहे।

जीडीए ने की मुरादनगर में कार्रवाई

# 22 बीघा क्षेत्रफल में निर्माणाधीन तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालो. नियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी प्रर्वतन जोन-02 के नेतृत्व में मुरादनगर क्षेत्र में सुधीर चौधरी पुत्र ओमवीर व सन्तोष कुमार पुत्र हर स्वरूप, बम्बा रोड, शोभापुर से सैंथली मार्ग पर, ग्राम-शोभापुर के खसरा सं0-340 पर लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में चिनाई कर सड़क हेतु बाक्सिंग का कार्य कर अवैध प्लाटिंग, मुकेश त्यागी, आदेश त्यागी, सचिन त्यागी, शोभापुर बम्बा, असालतनगर, के खसरा सं0-86, पर लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में सडक हेतु मिट्टी भराई, जीएसबी भराई व दिवारों का निर्माण एवं योगेन्द्र सिंह, सुधीर अग्रवाल व अनिल त्यागी, बम्बा रोड से शोभापुर सैंथली मार्ग पर ग्राम बसन्तपुर सैंथली के खसरा सं0-153 के लगभग 08 बीघा क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग हेतु स्थल पर मिटटी भराव कर सड़क को चिन्हित करने के लिये चिनाई का कार्य किया जा रहा था। उपरोक्त क्षेत्र में कालोनाईजर द्वारा बनाई जा रही सडकें, बाउण्ड्रीवाल, साईट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। इसके अतिरिक्त मुरादनगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 03 ओयो होटल को भी सील किया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण/ सील की कार्यवाही सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/ सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# सपा ने बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर की प्रेसवार्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी गाजियाबाद द्वारा नगर निगम में बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया। वार्ता में पूर्व मंत्री राकेश यादव ने कहा कि निगर निगम ने हाउस टैक्स 4 गुना बढ़ा दिया है जिससे गाजियाबाद की जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा अगर निगम द्वारा बढ़ा हुआ टैक्स वापिस नहीं लिया गया तो समा. जवादी पार्टी गाजियाबाद से लखनऊ तक इसका विरोध करेगी और समाजवादी वादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलेगा और उन्हें अवगत कराएगा।

जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन ने कहा कि नगर निगम ऐसी कौनसी सुख सुविधा में इजाफा किया है जिसकी एवज में इतना हाउस टैक्स बढ़ाया गया है। पूर्व मेयर प्रत्याशी अभिषेक गर्ग ने कहा कि नगर निगम अंदर तक भ्रष्टाचार व्याप्त है पिछले 50 वर्षों से निगम में भाजपा की सरकार है लेकिन मूल भूत सुविधा भी जनता तक नहीं पहुंच रही है, जल आपूर्ति, कूड़े के निस्तारण का कोई स्थाई समाधान नहीं हैं, थोड़ी सी वर्षा होते है सड़के जलमग्न हो जाती हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व मंत्री राकेश यादव, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग एवम समाजवादी के पार्षद गण आदिल मालिक आरिफ मालिक, मोहम्मद कल्लन, आसिफ चौधरी, संजू चौधरी व मिर्जापुर पार्षद के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गांधीनगर व्यापार मंडल द्वारा अत्यधिक टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स एवं कमर्शियल टेक्स अत्यधिक एक साथ कई गुना बढ़ाकर दिया है। उसके विरोध में गांधीनगर व्यापार मंडल द्वारा अत्यधिक टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में मेयर सुनीता दयाल को उनके निवास स्थान पर एवं नगर निगम मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन देने वालों में प्रदीप बंसल, जगदीश यादव, हितेंद्र शर्मा, स. मुखविंदर सिंह भाटिया, अशोक चावला, सतेन्द्र प्रकाश , मनोज वोहरा, दिनेश कपूर, सचिन गोगिया, सौरभ महेन्द्रों, मनीष सिंघल, अमित चानना, डिंकी बत्रा व विजय छाबड़ा आदि प्रमुख व्यापारी उपस्थित रहे।

# श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में सुंदर कांड के पाठ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सुंदर काण्ड के पाठ का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की कार्यकारिणी समिति के समस्त सदस्य , प्रधानाचार्या पूनम शर्मा तथा विद्यालय की समस्त अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने कहा कि हनुमान जी का चरित्र हम सभी के लिए प्रेरणादायक है वह हमें अपनी प्रतिभा को पहचानकर उसके अनुरूप कार्य करने की प्रेरणा देता है। विद्यालय के अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने बजरंग बली हनुमान जी से सभी के कल्याण की प्रार्थना की। सुंदर काण्ड के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# आईआईए चैप्टर ने एमएसएमई आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ पर किया एमएसएमई दिवस का आयोजन

एमएसएमई दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी दीपक मीणा एवं उपायुक्त उद्योग श्रीनाथ पासवान उपस्थित रहे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन-आईआईए चौप्टर द्वारा एमएसएमई दिवस का आयोजन मुख्य अतिथि दीपक मीणा, आईएएस, जिलाधिकारी एवं विशिष्ठ अतिथि श्रीनाथ पासवान, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, तथा नीरज सिंघल, राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत हर्ष अग्रवाल, चौप्टर सचिव द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। संजय अग्रवाल, चौप्टर चेयरमैन द्वारा सभी का स्वागत करते हुए एमएसएमई दिवस की शुभकामनाऐं दीं तथा हर वर्ष एमएसएमई दिवस को पर्व के रूप में मनाए जाने का उद्यमियों से अनुरोध किया। सूक्ष्म-लघु और मध्यम आकार के उद्यम ऐसे संगठन हैं जो आम तौर पर 250 से अधिक कर्मचारियों को रोजगार नहीं देते हैं, हालांकि वैश्विक स्तर पर इस क्षेत्र में दो-तिहाई से अधिक रोजगार सृजन करने की आवश्यकता होती है।

इसका उद्देश्य विश्व आर्थिक विकास और सतत विकास में एमएसएमई के योगदान के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना भी है, जिसमें शासन व प्रशासन हमारा पूर्ण सहयोग कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने कहा कि आईआईए अपनी सेवाओं और गतिविधियों के माध्यम से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए कई पहल कराना है। मुख्य अतिथि दीपक मीणा द्वारा एमएसएमई दिवस की सभी को शुभकामनाऐं प्रदान करते हुए कहा कि अप्रैल 2017 में संयुक्त राष्ट्र (संयुक्त राष्ट्र- संयुक्त राष्ट्र) ने एक प्रस्ताव के माध्यम से 27 जून को सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यम दिवस के रूप में नामित किया। नोएडा क्षेत्र सपना कौशल द्वारा एमएसएमई हेतु बैंक द्वारा प्रदान की जा रही ऋण योजनाओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर आईआईए के विभिन्न पदाधिकारी एवं सदस्य जेपी कौशिक, मनोज कुमार, एसके शर्मा, अमित नागलिया,

# मोदीनगर की बैंक कॉलोनी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर की बैंक कॉलोनी स्थित शिव शक्ति मंदिर का सताईसवा वार्षिकोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया।मंदिर कमेटी के सचिव चतर मित्तल ने बताया कि बृहस्पतिवार शाम को मानव परिवार द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ किया गया था जिसने भक्तों को भाव विभोर कर दिया,शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया , जिसमे बैंक कॉलोनी और आस पास के सकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। मंदिर के वार्षिकोत्सव आयोजन में समाजसेवी हुकूमत राय मित्तल का विशेष सहयोग रहा।सेवादार अमित कुमार मित्तल, अमित गुप्ता एवं नवीन दादू ने घर घर जाकर लोगो को निमंत्रण दिया और मंदिर से जुड़ने के लिए प्रेरित किया

# इटावा प्रकरण घृणित अपराध: सिकंदर यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इटावा में कथावाचक के साथ हुई घटना ने पूरे देश को हिला दिया है, समझ में नहीं आता कि आखिर हम एक सभ्य समाज में संवैधानिक अधिकारों के साथ जी रहे हैं या वर्णवादी, मनुस्मृति के अनुसार, इस घटना को देखकर लगता है कि भारत में संविधान की जगह मनुविधान का शासन है, जिस प्रकार का दुस्साहस इन लोगों ने कथावाचकों के साथ किया है ऐसा तो तालिबान के राज में भी नहीं होता।

यूं तो हमारे देश में प्रतिदिन दलित उत्पीड़न की खबरें आती रहती हैं परंतु इस बार तो इन लोगों ने सीमा ही लग दी, क्या कोई सभ्य समाज इस बात को स्वीकार करेगा कि किसी व्यक्ति के 'बाल मूड' कर उसे किसी स्त्री के मूत्र से पवित्र किया जाए, क्योंकि वो ब्राह्मण नहीं है, आखिर ये कौन-सा विधान है जो ब्राह्मणों को ये अधिकार देता है की कथा कौन करेगा कौन नहीं।

भारत के संविधान में तो सबको समान अधिकार दिया गया है। ये जरूर है कि हजारों सालों से भारत के एक वर्ग द्वारा मनुस्मृति को आधार मानकर जाति व वर्ण के नाम पर शोषण करने का प्रयास होता रहा है। इसी वजह से बाबा साहेब ने मनुस्मृति का दहन किया था। परंतु आज वो कौन सी शक्ति है जो इन लोगों को वो बल दे रही है कि ये इस विधान को लागू करने की हिम्मत कर रहे हैं।

इन लोगों को समझाना पड़ेगा कि देश संविधान से चलेगा ना कि मनु के विधान से। ये वही लोग हैं जो दलितों को घोड़ी नहीं चढ़ने देते, बाबा साहेब की यात्रा नहीं निकलने देते ओर तो ओर उन्हें मूंछ भी नहीं रखने देते। एक शंकराचार्य कहते हैं की कथा कहने का अधिकार सिर्फ ब्राह्मणों को है, उनसे कोई पूछे क्या ये संविधान में कहीं लिखा है। भारत का हर नागरिक अपना पेशा चुनने के लिए स्वतंत्र है, इन शंकराचार्य के साथ यदि कोई घटना घट जाए तो ये कानून के पास जाते हैं, जब इन्हें मनु का विधान याद नहीं आता।

उत्तर प्रदेश में यादव की संख्या सबसे ज्यादा है उन्हें ये निर्णय लेना चाहिए कि उन्ही के कुल देवता की कथा कहने से उन्हें कौन रोक सकता है। यादव समाज को इकट्ठा होकर इन धर्म के ठेकेदारों के सभी कर्मकांडों का बहिष्कार करना चाहिए। यादवों के कुल देवता श्री कृष्ण के सभी मंदिरों पर इनका एकाधिकार क्यों है, हमारे देवता के नाम पर चढ़ना खाएंगे और हमसे ही घृणा करेंगे।

समस्त यादव समाज को चाहिए कि वो ऐसे किसी आयोजन में ना चंदा ना इनसे कर्मकांड कराये, जो लोग इस प्रकार की सोच रखते हैं और जो भी श्री कृष्ण के मंदिर है,वहां से इन लोगों को हटाने का आंदोलन किया जाए, तब इन लोगों को पता चलेगा कि भेदभाव क्या होता है। इस घटना पर भारत सरकार को भी संज्ञान लेना चाहिए कि आखिर इन लोगों की हिम्मत कैसे हो रही है। उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का जातीय विभेद करके एक समाज को अपमानित किया जा रहा है अन्यथा ये एक बड़े आंदोलन में बदल जाएगा।

**संबंध विच्छेद**

मैं इमामुददीन पुत्र मौहम्मद यामीन निवासी- म.नं- 307, प्रेमनगर लोनी थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्र महताब अली व पुत्रवधु नजराना को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एसआरएम में (UHV-II) पर

# आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद में ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (AICTE) द्वारा प्रायोजित आठ दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन 27 जून से 4 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उच्च शिक्षा में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज की गहन समझ विकसित करना एवं उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में देशभर से लगभग 75 प्रतिभागियों ने सहभागिता की है। उद्घाटन सत्र में एआईसीटीई द्वारा नामित विशेषज्ञों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें मोती चंद यादव (रिसोर्स पर्सन, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई), आर. पी. सिंह (को-फैसिलिटेटर, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई), आलोक कुमार पाण्डेय (को-फैसिलिटेटर, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई) तथा पूजा शर्मा (पर्यवेक्षक, एनसीसीआईपी, एआईसीटीई) सम्मिलित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. धौम्या भट्ट ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी) एवं प्रो. आर. पी. महापात्रा (डीन) ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। इसके बाद एआईसीटीई की ओर से पूजा शर्मा ने यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज-II फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डॉ. आर. पी. महापात्रा (डीन), डॉ. नवीन अहलावत (डीन, विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. धौम्या भट्ट तथा डॉ. गीता भवानी (डीन, अनुसंधान) के मार्गदर्शन में स्थानीय कार्यक्रम समन्वयक डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. महेश गुप्ता, यूएचवी सेल के सदस्यों एवं इवेंट मैनेजमेंट टीम द्वारा आयोजित उत्कृष्ट व्यवस्था के लिए अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया। यह आयोजन मानव मूल्यों की समझ को सुदृढ़ करने तथा शैक्षिक वातावरण में उनके समावेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी कर रहे तीन शिफ्ट में ड्यूटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने अब तीन शिफ्टों में ड्यूटी शुरू कर दी है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी प्रमुख मार्ग, चौराहों समेत प्रमुख स्थलों पर तैनात किए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी समेत देश में ऐसा पहली बार हो रहा है। वीआईपी जगहों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है, इससे रात के समय बाइकर्स का हुडदंग भी कम होगा।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अभी तक ट्रैफिक पुलिसकर्मी सभी जगहों पर दो शिफ्टों में काम कर रहे थे। ऐसे में देर रात के बाद से लेकर सुबह तक सड़कों, बाजारों और मार्गों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी न के बराबर ही दिखाई देते थे। नई दिल्ली जिले के पुलिस उपायुक्त राजीव रावल ने बताया अब नई दिल्ली जिले में ट्रैफिक पुलिस कर्मी पहली शिफ्ट सुबह ७ से ३ बजे तक, दूसरी शिफ्ट दोपहर ३ बजे से रात ११ बजे तक और तीसरी शिफ्ट रात ११ से सुबह ७ बजे तक ड्यूटी करेंगे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि नई दिल्ली में तीसरी शिफ्ट में कुल ८५ ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। हालांकि तीनों शिफ्टों में १३५ से ज्यादा ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। उन्होंने बताया कि तीसरी शिफ्ट में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को ज्यादातर इंडिया गेट, कनॉट प्लेस, बाराखंभा रोड, खान मार्केट, पंडारा रोड, यशवंत प्लेस, प्रगति मैदान आदि जगहों पर तैनात किए जाएंगे। ये पुलिसकर्मी सड़कों पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने, प्रमुख ऐतिहासिक जगहों पर हुड़दंग मचाने वाले और संदिग्ध लोगों पर नजर रखेंगे।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मी की २४ घंटे तैनाती से इंडिया गेट पर बाइकर्स का स्टंट व हुड़दंग पूरी तरह बंद हो गया हैं। पहले बाइकर्स इंडिया गेट पर हुडदंग व स्टंटबाजी करते हुए दिखाई देते थे। अब इंडिया गेट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी हमेशा तैनात रहते हैं और हुड़दंग मचाने वालों को तुरंत दबोच लेते है। ट्रैफिक पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट की शेरशाह सूरी मार्ग पर पार्किंग है। पहले जहां अधिवक्ता वाहनों को रोड पर छोड़ देते थे और पार्किंग खाली रहती थी। अब बार एसोसिएशन, अधिवक्ताओं और रजिस्टार से बात कर गाड़ियों को पार्किंग में पार्क करवाना शुरू कर दिया गया है। पहले जहां पार्किंग में सिर्फ ५० फीसदी गाड़ियां पार्क होती थीं वहीं, अब संख्या ८५ फीसदी तक पहुंच गई हैं।

अन्य पार्किंगों में भी वाहनों को पार्क करवाने के प्रयास किया जा रहा हैं। इस सिस्टम के तहत ट्रैफिक पुलिसकर्मी हमेशा तैनात रहते हैं। इसके अलावा हर शिफ्ट में तैनात पुलिसकर्मी भी अलर्ट रहते हैं। इस कारण इंडिया गेट पर जाम नहीं लगता। इससे पहले तक इंडिया गेट घूमने के लिए आने वाले लोग अपने वाहनों को इधर-उधर पार्क कर देते थे और इससे जाम लगता था।

# एयर इंडिया की फ्लाइट में मची अफरातफरी टिशू पेपर पर लिखा था 'बम'

**नई दिल्ली।** मुंबई से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की उड़ान में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब क्रू मेंबर ने विमान में एक टिशू पेपर देखा, जिस पर श्बमश लिखा था। तुरंत केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और दिल्ली पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि एअर इंडिया के विमान में बम होने की बात टिशू पेपर पर लिखी थी। विमान में क्रू मेंबर को टिशू पेपर मिला। इसकी जानकारी पुलिस अधिकारियों दी गई। इसके बाद सुरक्षा अधिकारी पूरे विमान की जांच करने के लिए पहुंचे हैं। जानकारी के मुता. बिक, फ्लाइट नंबर २९५४ जो मुंबई से दिल्ली आई। उसमें क्रू मेंबर को एक टिशू पेपर मिला। जिसपर लिखा था कि एअर इंडिया की फ्लाइट नंबर २९४८ में बम है।

इससे पहले बीते शनिवार को एअर इंडिया की बर्मिंघम (ब्रिटेन) दिल्ली आ रही एक उड़ान को बम की धमकी मिलने के बाद सऊदी अरब के रियाद शहर में डायवर्ट करना पड़ गया था। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन ने रविवार को इस घटना की पुष्टि की। एअर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि विमान को सुरक्षित रियाद एयरपोर्ट पर उतारा गया और पूरी सुरक्षा जांच की गई। जांच में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया।

# इस हफ्ते 'संतोषजनक' रहा एक्यूआईः पर्यावरण मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण कम करने और कचरा प्रबंधन की सजग रणनीति अब जमीन पर असर दिखा रही है। आज का AQI 76 दर्ज हुआ है, जो 'संतोषजनक' कैटेगरी में आता है। बीते सात में से पाँच दिन (२१-२७ जून) राजधानी में साफ हवा दर्ज की गई ख्र जो लगातार हो रहे प्रयासों का नतीजा है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह सुधार केवल मौसम का असर नहीं है, बल्कि हर विभाग द्वारा जमीन पर हो रहे समन्वित कार्यों का परिणाम है ख्र जिसमें लैंडफिल साइट्स की सफाई, गाड़ियों पर सख्त्ती और रोजाना की डस्ट कंट्रोल कार्रवाई शामिल है। ये अलग-अलग प्रयास नहीं हैं, बल्कि एक ही मकसद से चल रही मुहिम है ख्र दिल्ली की हवा, जमीन और सड़कों को साफ करने की। चाहे कचरा हो, धूल हो या गाड़ियों से निकलने वाला धुआँ ख्र हर चुनौती का जवाब सीधे एक्शन, साइंटिफिक तकनीक और विभागीय तालमेल से दिया जा रहा है।

उन्होने कहा कि ५४ ऊँची इमारतों में अब तक एंटी स्मॉग गन लग चुकी हैं, जो दिल्ली सरकार के पर्यावरण एक्शन प्लान के तहत अनिवार्य की गई हैं। यह कदम खासकर घनी आबादी वाले और ऊँची बिल्डिंग जोन में डस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करता है।

सिरसा ने कहा कि "दिल्ली को अब लैंडफिल और खराब हवा के लिए नहीं जाना जाएगा। हमारा लक्ष्य है-जीरो वेस्ट माउंटेन, कम से कम धूल और हर जगह में साफ हवा।

# फायरिंग की घटना में शामिल आरोपी महिला साथी के साथ पकड़ा गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरों पूर्वी जिला पुलिस के नंद नगरी थाने की टीम ने फायरिंग की घटना में शामिल आरोपी को उसकी महिला साथी के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उसके पास से अपराध में प्रयुक्त पिस्टल और एक महिंद्रा थार वाहन बरामद की है।आरोपी ने उस समय गोली चला दी जब एक रिक्शा उसकी एसयूवी से टकरा गया। दिल्ली के उत्तरी पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि २३ जून को जी.टी.बी. अस्पताल से गोली लगने से घायल एक व्यक्ति के भर्ती होने की सूचना प्राप्त हुई। अस्पताल पहुंचने पर पीड़ित ने बताया कि सुबह के समय वह अमित विहार से अपने रिक्शा से आ रहा था। जब वह गगन सिनेमा टी-पॉइंट के पास यू-टर्न ले रहा था, तो उसका रिक्शा एक एसयूवी से टकरा गया।

एसयूवी चालक ने कथित तौर पर उसपर गोली चला दी और अपने वाहन में मौके से भाग गया।इसके बाद नंद नगरी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर एसीपी नंद नगरी की देखरेख में,एसएचओ नंद नगरी आनंद यादव के नेतृत्व में टीम ने सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर उसका विश्लेषण किया तथा अन्य स्रोतों से सुराग जुटाए। एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर टीम ने आखिरकार फायरिंग में शामिल आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस ने आरोपी की पहचान समीर शर्मा (४६) के रूप में की है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसकी महिला साथी को भी पकड़ा है।इसके अलावा पुलिस ने अपराध में प्रयुक्त हथियार एक पिस्टल और थार भी जब्त कर ली गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।




**एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल के 50 साल पूरे होने के मौके पर मॉक पार्लियामेंट के आयोजन अवसर पर प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा**

# मुठभेड़ के बाद बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिम जिला पुलिस ने राजौरी गार्डन इलाके में मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाश के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान नजफगढ़ निवासी विनय उर्फ मोटा (३६) के रूप में हुई है। बदमाश पर लूटपाट और झपटमारी के ५६ मामले दर्ज हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि पश्चिम जिला ऑपरेशन यूनिट लूटपाट और झपटमारी की घटनाओं में शामिल अपराधियों की पहचान कर रही थी। इस दौरान विनय की पहचान की गई। पुलिस ने बदमाश पर निगरानी बढ़ाई। बृहस्पतिवार रात बदमाश के राजौरी गार्डन के इलाके में मौजूद होने की जानक. ारी मिली।

पुलिस की टीम ने संजय गांधी पशु अस्पताल के पीछे गंदा नाला रोड पर घेराबंदी कर दी। देर रात बदमाश बाइक से वहां पहुंचा। रुकने का इशारा करने पर वह भागने लगा और पुलिस टीम पर गोली चला दी। एक गोली सिपाही के बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी।

# हल्की वर्षा के आसार दिन में नहीं मिलेगी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गर्मी से परेशान दिल्लीवालों को कुछ राहत मिल सकती है। उम्मीद है कि आज शाम-रात को हल्की होगी। हालांकि दिन में धूप खिलने से गर्मी महसूस होगी।

प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के मुताबिक शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान ३९.० डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य से ०.८ डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान २९.६ डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से ०.७ डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दिन में धूप खिलने से लोगों को गर्मी से परेशान किया। शाम को हल्की ठंडी हवाओं से कुछ राहत जरूरत मिली।

केंद्र के अनुसार, शनिवार को आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की उम्मीद है। शाम-रात के समय गरज, बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश होने की उम्मीद है। इस दौरान अधिकतम तापमान ३७ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २७ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। केंद्र के मुताबिक, पूरे सप्ताह दिल्ली में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## बुराड़ी में गोली मारकर युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** बुराड़ी स्थित हूवर्स अपार्टमेंट में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी शिनाख्त अजीत कुमार त्रिपाठी (२९) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सीसीटीवी कैमरों से पड़ताल में पता चला कि अजीत का नशे की हालत में एक अन्य युवक से विवाद हुआ था। कहासुनी के बाद आरोपी चला गया। कुछ देर बाद वह दोबारा पहुंचा और उसने अजीत को गोली मार दी। पुलिस ने आरोपी अरुण डेढ़ा की पहचान कर ली है। वह उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गामड़ी गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ पहले से कई मामले दर्ज हैं।

# लोग संविधान की प्रति हाथ में लेकर घूमते हैं पर दिल की भावना कुछ औरः एस. जयशंकर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा युवा मोर्चा द्वारा एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में कांग्रेस द्वारा लगाये गए आपातकाल के ५० साल पूरे होने के मौके पर मॉक पार्लियामेंट का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथी के रूप में विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरुआत की। मॉक पार्लियामेंट् में विभिन्न कॉलेजों के युवा छात्रों ने भाग लिया। सम्बोधन से पूर्व डॉ. एस जय शंकर और वीरेन्द्र सचदेवा ने आपातकाल के ५० साल पूरे होने पर लगाए गए विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस मौके पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि विपक्ष बार-बार कहता है कि अघोषित इमरजेंसी है लेकिन मैं आप सभी के माध्यम से बताना चाहूंगा कि यह इमरजेंसी का समय नहीं है और ना ही आगे होगा इसलिए आज यहां मॉक पार्लियामेंट में हम सबकी उपस्थिति है। हमारी पीढ़ी ने उस इमरजेंसी को देखा और जो भी हमने उस समय सीखा उस अनुभव को आगे आने वाली पीढ़ियों को बताना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कभी भी स्वतंत्रता को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

आज कुछ लोग विपक्ष में हैं उनसे मैं कहना चाहता हूँ कि आखघ्रि इनकी स्टैंड इमरजेंसी में क्या थी ? क्योंकि मुझे बिल्कुल याद है कि आज कुछ लोग विपक्ष के साथ मिले हुए हैं जब १९७५ में इमरजेंसी लगाई गई थी तो वह भी उसका विरोध कर रहे थे लेकिन आज वे उन्हीं लोगों के साथ खड़े हैं जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाई थी।

## शब्बीर अहमद शाह की हालत ठीक, जेल विभाग ने दिया अपडेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर डेमोक्रेटिक फ्रीडम पार्टी नेता शब्बीर अहमद शाह के स्वास्थ्य को लेकर दिल्ली जेल विभाग की ओर से जवाब आया है। शाह के स्वास्थ्य के बारे में उड़ी अफवाहों का प्रशासन ने खंडन किया है। दिल्ली जेल विभाग ने गुरुवार को शब्बीर अहमद शाह के स्वास्थ्य के बारे में अफवाहों को निराधार बताया गया। दिल्ली जेल के जनसंपर्क अधिकारी अरविंद कुमार ने एक बयान में कहा कि गुलाम अहमद शाह के बेटे, कैदी शब्बीर अहमद शाह की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के बारे में सोशल मीडिया पर कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उसकी हालत स्थिर है। दिल्ली जेल के पीआरओ अरविंद कुमार ने कहा कि कैदी शब्बीर अहमद शाह की गंभीर स्वास्थ्य स्थिति के बारे में सोशल मीडिया पर कुछ अफवाहें फैलाई जा रही हैं।

इस संबंध में यह कहा गया है कि उक्त कैदी को नियमित रूप से सभी चिकित्सा सुविधाएं दी जा रही हैं। जेल प्रशासन ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है। पेशाब की शिकायत के संबंध में ओपीडी परामर्श के लिए २६ जून को सफदरजंग अस्पताल दिल्ली भेजा गया था। आगे के टेस्ट के लिए भर्ती किया गया है। शब्बीर की सभी रिपोर्ट सामान्य पाई गई हैं और सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।



**दिल्ली के पीडब्ल्यूडी वजल मंत्री ने छतरपुर विधानसभा का दौरा करते हुए।**

# जल मंत्री ने किया छतरपुर विधानसभा का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली** दिल्ली सरकार में लोक निर्माण (पीडब्ल्यूडी) एवं जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने छतरपुर विधानसभा का व्यापक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और लोगों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।इस मौके पर मंत्री ने क् कहाः कि "छतरपुर मेरे लिए केवल एक राजनीतिक क्षेत्र नहीं है - यह मेरे जीवन का हिस्सा है। मेरे पिता भी यहां से सांसद रहे हैं। मैंने इस जमीन, यहां की तकलीफों और संघर्षों को करीब से जिया है। मेरे लिए यहां की सेवा राजनीति नहीं, पारिवारिक जिम्मेदारी है।"

दौरे के दौरान मंत्री ने १०० फुटा रोड, CDR चौक, जोणापुर गांव, नेब सराय चौपाल और मैदानगढ़ी गांव में स्थानीय लोगों से मुलाकात की, उनकी शिकायतें सुनीं और विकास कार्यों में तेजी का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मांडी रोड को एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) को सौंपने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जैसे ही ये सड़कें एनएचएआई के अधीन आएंगी, इन्हें राष्ट्रीय मानकों के अनुसार चौड़ा और सुदृढ़ किया जाएगा। इससे जाम और खराब सड़कों की समस्याओं का स्थायी समाधान होगा। ८० एमजीडी क्षमता का वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटछतरपुर में बनाया जा रहा है। इसमें हिमाचल प्रदेश से कच्चा पानी लाकर क्षेत्र में स्वच्छ और निरंतर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।' ८५ ट्यूबवेल क्षेत्र के लिए पहले ही स्वीकृत किए जा चुके हैं और इनका इंस्टॉलेशन कार्य शुरू हो गया है।

उन्होंने आगे कहाः कि सड़क, पानी या सीवर ख्र हर मूलभूत सेवा को प्राथमिकता दी जा रही है। और मैं यह विश्वास दिलाता हूं ख्र दिल्ली देहात के विकास के लिए धन की कभी कमी नहीं होने दी जाएगी।

हम केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, विश्वास भी बना रहे हैं।" इस दौरे में उनके साथ पीडब्ल्यूडी,दिल्ली जल बोर्ड और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में, पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरी की जाएं।

# पंजाबी बाग में ताइक्वांडो प्रशिक्षक की ईट मारकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में २२ जून की रात सिगरेट लेने के विवाद में हिमांशु पासवान, दीपक, प्रवीण और नेकत ने ताइक्वांडो प्रशिक्षक दुर्गेश की ईंट मारकर हत्या कर दी।

पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस ने करीब २५० सीसीटीवी कैमरों की जांच कर वारदात में शामिल चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दुर्गेश के दोस्त नरवीर ने बताया कि दुर्गेश मूलतः जींद हरियाणा के रहने वाले थे और ताइक्वांडो प्रशिक्षक थे। देर रात वह अपने दोस्तों दुर्गेश, कप्तान और आकाश के साथ पंजाबी बाग में ट्रांसपोर्ट सेंटर में सिगरेट पीने गए थे।

वहां पहले से खड़े कुछ अज्ञात लोगों से उनका सिगरेट लेने को लेकर विवाद हो गया। बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपी ईंट-पत्थर मारने लगे। वह बचने लगे तभी हमलावरों के ईंट के वार से दुर्गेश लहूलुहान होकर गिरा तो आरोपी भाग गए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं **दिनेश बालू शिरगुप्पिकर** की पत्नी **प्रेमा**, निवासी घर नं. 07, आंबेडकर गल्ली, कडोली, जिला बेलगावी, राज्य कर्नाटक: 591143 ने अपना नाम प्रेमा से बदलकर **प्रेमा दिनेश शिरगुप्पिकर** रख लिया है। के समक्ष दिनांक: 17.06.2025 को तालुका दंडाधिकारी बेलगावी, कर्नाटक को समक्ष हलफनामा दिया है।

## एक बांग्लादेशी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले की वाहन चोरी निरोधक दस्ते (एएटीएस) ने पिछले १५ वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक ओ. हिद को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने दिल्ली में रहते हुए उसने अपने एक बांग्लादेशी जानकार का आधार कार्ड और ड्राइविंग लाईसेंस अपने पास रख लिया था। इन दस्तावेजों की मदद से उसने अपने भारत के पहचान संबंधित दस्तावेज बनवा लिए थे। आरोपी इन्ही दस्तावेजों की मदद से दिल्ली के अलग-अलग इलाके में नौकरी भी कर रहा था। पुलिस ने उसे बांग्लादेश भेजने के लिए एफआरआरओ को सौंप दिया है और उसकी निर्वासन प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# गाजीपुर टोल पर कलेक्शन के चलते रहता है लंबा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गाजीपुर का दिल्ली नगर निगम टोल के कारण हर रोज वाहन चालकों को जाम से जूझना पड़ता है। दिल्ली, गाजियाबाद व नोएडा में रहने वाले लोग इस टोल के जाम से आए दिन परेशान रहते हैं। नो एंट्री खुलने से पहले ही माल वाहक वाहन दिल्ली की सीमा में प्रवेश करके एनएच-नौ व दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे के किनारे पर खड़े हो जाते हैं। उनके कारण जाम तो लगता है, साथ ही हादसे होने की आशंका बनी रहती है। निगम कर्मी भी बीच सड़क पर वाहनों को रोककर टोल वसूली करते हैं।

दोनों ही कारणों से हाईवे और एक्सप्रेसवे पर जाम लगता है। निगम व यातायात पुलिस इस समस्या से लोगों को निजात नहीं दिलवा पा रहे हैं। दोनों ही विभाग एक दूसरे को जिम्मेदार बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। एनएच-नौ पर गाजीपुर बार्डर से २४ घंटे में करीब डेढ लाख वाहन गुजरते हैं। गाजीपुर मुर्गा मंडी के पास निगम ने एनएच-नौ की सर्विस लेन, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे और विनोद नगर डिपो के पास एनएच-नौ पर टोल बूथ बनाए हुए हैं।

गाजियाबाद व नोएडा में रहने वाले काफी संख्या में लोग दिल्ली में नौकरी करने के लिए आते हैं। दिल्ली के लोग गाजियाबाद व नोएडा जाते हैं। यह टोल गाजियाबाद से दिल्ली आने वाली लेन पर हैं। ऐसे में जाम इसी लेन पर रहता है। कई बार निगम के टोल कर्मी अचानक से टोल वसूलने के लिए वाहनो के सामने आ जाते हैं। पीछे जाम लगता चला जाता है। टोल पर ट्रक व व्यवसायिक वाहनों के लिए अलग लेन बनाई हुई हैं। लेकिन टैक्सी चालक लेन से अलग हटकर आम वाहनों की लेन में आ जाते हैं। रात ११ बजे माल वाहनों की नौ एंट्री खुलती है। इससे पहले ही माल वाहन दिल्ली की सीमा पर खड़े हो जाते हैं। हादसे की संभावना बनी रहती है। सड़क पर चलने वाले वाहन चालक अंदाजा नहीं लगा पाते हैं कि वाहन चल रहा है या खड़ा हुआ है। रोज ऐसा ही होता है। लेकिन पुलिस व निगम इस समस्या को खत्म नहीं कर पा रही है।

एनएचएआइ की गलती के कारण लगता है जाम निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि डीएमसी एक्ट में निगम को बार्डर पर टोल वसूलना है। जिस वक्त एनएचएआइ हाइवे व एक्सप्रेसवे बना रहा था, तभी सोचना चाहिए था कि निगम टोल कैसे वसूल करेगा। एनएचएआई को टोल की अलग से लेन बनानी चाहिए थी। बात अगर माल वाहन के हाइवे पर खड़े होने की है तो उन्हें रोकना पुलिस का काम है। माल वाहन खड़े नहीं होंगे तो जाम नहीं लगेगा।

# भाजपा कर रही केजरीवाल के विजन की नकलः भारद्वाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कृत्रिम वर्षा को लेकर बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि कृत्रिम वर्षा प्रोजेक्ट को अपनाकर बीजेपी अरविंद केजरीवाल के विजन की नकल कर रही है। यह इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली को लेकर सिर्फ अरविंद केजरीवाल के पास विजन है। उन्होंने सीएम रेखा गुप्ता से पूछा कि जब केजरीवाल सरकार कृत्रिम वर्षा कराना चाहती थी, तब बीजेपी मुंगेरी लाल के हसीन सपने कहकर मजाक उड़ाती थी, तो अब वह क्यों कराना चाहती है? केजरीवाल सरकार को केंद्र ने कृत्रिम वर्षा के लिए कोई अनुम. ति नहीं दी, लेकिन अब बीजेपी की सरकार है तो सारी अनुमति दे दी। अभी दिल्ली में बारिश नहीं हो रही तो बीजेपी कृत्रिम वर्षा भी नहीं करा रही, लेकिन जब बारिश हो जाएगी, तब कहेगी कि हमने कृत्रिम वर्षा कराई है। दिल्ली में वायु प्रदूषण हमेशा से बड़ा मुद्दा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कृत्रिम वर्षा की उपयोगिता दीपावाली यानि अक्टूबर से जनवरी बीच के प्रदूषण से लड़ने मे है।

**NOTICE**

I, **BASEERAT ZEHRA** D/o **Syed Ghazanfar Mumtaz** R/o A-56/1, Second floor, Okhla Vihar, Jamia Nagar Okhla, Delhi my given name Baseerat surname is **Zehra.**

# जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्धेश्य औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं के समाधान पर रहा।

बैठक के दौरान, जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र एमजी रोड हापुड़ पर सड़क और नाला निर्माण के संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक, यूपीसीडा को प्रस्तुत अनुमानों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। धीरखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इकाइयों की जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग और सिंचाई विभाग, तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत की एक संयुक्त टीम गठित करने का निर्देश दिया। यह टीम तकनीकी सर्वेक्षण करेगी ताकि जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिलाधिकारी ने धीरखेड़ा में ट्रांसफार्मर लगाने के लिए संबंधित संस्था को 10 दिनों का समय दिया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारी को बाबूगढ़ में बिजली की समस्या को तत्काल ठीक कर बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, जिससे कारखानों में बिजली की कमी के कारण आ रही समस्याओं का निवारण हो सके। बैठक में उपस्थित उद्यमियों को जिलाधिकारी ने सूचित किया कि धीरखेड़ा को जनपद में सम्मिलित करने की कार्रवाई शासन स्तर पर




लंबित है और इसका प्रस्ताव जनपद से भेजा जा चुका है। अंत में, जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जनपद की सभी फैक्टरियों में दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सेफ्टी हेतु साइन बोर्ड लगे होने चाहिए और समय-समय पर फैक्टरियों की जांच भी की जानी चाहिए। इस बैठक में उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न एसोसिएशनों के पदाधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की बैठक में नए सिरे से संगठन खड़ा करने पर दिया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगठन सृजन अभियान के तहत यूथ कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला कोऑर्डिनेटर पौरुष शर्मा ने हिस्सा लिया और युवाओं को संगठन से जुड़कर पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने का आहवान किया।

पौरुष शर्मा ने कहा कि यूथ कांग्रेस, कांग्रेस पार्टी का एक महत्वपूर्ण प्रकोष्ठ है, जिसमें युवा कार्यकर्ता सत्तासीन सरकार को अपनी बुलंद आवाज और जोश से हिलाने की क्षमता रखते हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि आज का नौजवान कांग्रेस की तरफ नई उम्मीद से देख रहा है। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के युवाओं से जुड़े मुद्दों को उठाने और दिल्ली के नेहरू पैलेस में युवाओं के उमड़ते



जोश का जिक्र करते हुए कहा कि आज देश को राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की सख्त जरूरत है, क्योंकि कांग्रेस ही देश के युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने का दम रखती है। इस बैठक में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल कादिर, इकबाल प्रधान, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष खालिद चौधरी, युथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ललित कुमार, यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष यूसुफ अलमास, यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव आसिम, युथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आदित्य राज शर्मा, आई. सी. शर्मा, भगीरथ शर्मा, गौरव गर्ग, रजत त्यागी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों संग एसपी की गोष्ठी, कानून-व्यवस्था पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में जनपद के जनप्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र की जनसमस्याओं, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की स्थिति और शांति व्यवस्था बनाए रखने संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

गोष्ठी में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। एसपी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि आमजन की सुरक्षा और अपराध पर अंकुश लगाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस सतत रूप से सजग और सक्रिय है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने कहा



कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका स्थानीय स्तर पर कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पुलिस और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त सुझावों को गंभीरता से अमल में लाया जाएगा। गोष्ठी में संबंधित थानों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे और विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्ययोजना साझा की गई।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके कब्ज़े से अवैध हथियार बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सुल्तानपुर अण्डरपास के पास से चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध आता दिखाई दिया। संदिग्ध युवक की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस उसे थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार किया गया युवक मौसम पुत्र मनीराम एक शातिर किस्म का बदमाश है। फिलहाल बदमाश को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

## एक नजर

### हत्या के प्रयास के आरोपी पुलिस पकड़ से दूर पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा में मामूली विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव असोड़ा के अमन कॉलोनी निवासी फरमान ने बताया कि 13 जून की रात समय करीब 8 बजे उसका भाई अरमान कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए एक दुकान पर गया था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले सिकंदर पुत्र नौशाद, इस्तकार पुत्र इदरीश और जुल्फिकार पुत्र इदरीश ने पीछे से आकर जान से मारने की नीयत से उसके भाई के गले में रस्सी डालकर गांठ लगा दी और उसके साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित अरमान के भाई फरमान ने बताया कि जब उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो दबंगों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। स्थानीय लोगों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई का आरोप है कि संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। करीब दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। आरोप है कि आरोपी लगातार गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। शुक्रवार को पीड़ित के भाई ने हापुड़ एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पीड़ित के भाई फरमान का आरोप है कि आरोपी सिकंदर का पिता नौशाद अपने आप को एक पत्रकार बताता है और पीड़ित परिवार पर फैसले का दबाव बना रहा है। आरोप है कि फैसला न करने पर कथित पत्रकार पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने हापुड़ एसपी से दबंगों और कथित पत्रकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### महिला ने ससुर पर लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** अंकल साहब नमस्ते, मैं क्षेत्र के गांव से आई हूं ,मेरी शादी करीब 4 साल पहले हुई थी । मेरे एक बेटा है मेरा पति बाहर रहता है । इसलिए मेरा ससुर अपने आप को पति बनने के लिए दबाव देता है। बताओ यह कैसा कलयुग है, अब मैं क्या करूं ताकि ससुर के उत्पीड़न से मेरा बचाव हो जाए। आप ही मेरी मदद करें। यह शब्द सिंभावली थाने में पहुंची एक महिला ने मौजूद पुलिस अधिकारी से कहें।

क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला शुक्रवार की सुबह को थाने पहुंची जहां उसने बताया कि उसकी शादी के बाद से ही ससुर उसका उत्पीड़न करता आ रहा है। उसने बताया की शादी के बाद उसकी जानकारी हुई कि उसके पति की पहले भी शादी हो चुकी थी, ससुर ने उत्पीड़न करने के बाद ही घर से निकाल दिया। उसके बाद उसकी दूसरी शादी हुई है। महिला ने बताया कि पति की गैर मौजूदगी में ससुर उस पर बुरी नजर रखता है और स्वयं को पति बनाने के लिए दबाव देता है। इसके लिए कई बार ससुर उसके साथ छेड़छाड़ भी कर चुका है। पीड़िता ने पुलिस अधिकारी से फूट-फूट कर आपबीती सुनाते हुए कार्रवाई करने की मांग की है । मौजूद पुलिसकर्मी ने पीड़िता की तहरीर पर मामले की जांच कर कार्रवाई करने आश्वासन दिया है।

### महिला पर लगाया किशोरी को पीटने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बाबू जी मैं तो बेटी के रोने की आवाज सुनकर घर के बाहर गया था। तभी देखा कि ये महिला मेरी बेटी को अपने घर में बंद कर पीट रही थी। बस इतना मामला है अब महिला मेरे ऊपर ऐसे गंभीर आरोप लगा रही है यह मैंने नहीं सोचा था। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पत्र पर मामले की जांच शुरू की

नगर के मोहल्ला निवासी व्यक्ति की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान वहां खेल रहे अन्य बच्चों से कहासुनी हो गई। इसी दौरान किशोरी को एक महिला अपने घर में ले गई और वह पिटने लगी। इसी दौरान बेटी के रोने की आवाज सुनकर उसका पिता वहां आया और बेटी को बचाने पहुंच गया। उसके बाद महिला ने युवक पर ही घर में घुसने और अभद्रता करने समेत अन्य कई गंभीर आरोप लगा दिए। पुलिस ने दोनों पक्षों को कोतवाली ले जाकर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

### सांसद चन्द्र शेखर आज़ाद पर युवती के शोषण के आरोपों को लेकर की जाएगी प्रेसवार्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारियों द्वारा नगीना सांसद चन्द्र शेखर द्वारा युवती के शोषण के आरोपों को लेकर प्रेस वार्ता की जाएगी। संगठन के मंडल अध्यक्ष दीपक चंद्रा ने बताया भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस द्वारा नगर के एक रेलवे रेस्टोरेंट में सुबह 11 बजे सांसद नगीना चन्द्र शेखर भीम आर्मी द्वारा वाल्मीकि युवती रोहणी घावरी के शोषण को लेकर प्रेस वार्ता की जायेगी। जिसके पश्चात एक ज्ञापन जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम दिया जायेगा। जिससे शोषित महिला को न्याय मिल सके।

### क्षेत्रा में बिना पंजीकरण चल रहा है सूदखोरी का काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की तरफ से साहूकारी अधिनियम समाप्त करने की कवायद से जरूरतमंदों को ब्याज के खेल के उत्पीड़न से छुटकारा मिलेगा। लेकिन वर्तमान में गढ़ क्षेत्र में बिना पंजीकरण ही सैकड़ों लोग मोटा ब्याज वसूलने का काम कर रहे हैं, जिससे जनता त्रस्त है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। गढ़ कोतवाली, बहादुरगढ़, ब्रजघाट और सिंभावली क्षेत्र में सूदखोरों के आंतक से जनता त्रस्त है। क्योंकि बैंक गरीब तबके के लोगों को पैसा देने में परहेज करता है। जिनमें सैकड़ों लोग ऐसे हैं, जो गैरकानूनी तौर पर बिना पंजीकरण कराए ही लोगों को ब्याज पर पैसा देते हैं, जिनसे मोटा व्याज लेकर मुनाफा कमाते हैं। जबकि प्रदेश सरकार साहकारी अधिनियम समाप्त करने की कवायद में है, जिससे कोई सूदखोर किसी गरीब का उत्पीड़न न कर सके।

# केबल बक्सा फटने से विद्युत आपूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को नगर क्षेत्र के आनंद विहार स्थित बिजली घर का केबल बक्सा फटने से शहर के कई मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई। इस घटना के कारण दिल्ली रोड पर स्थित कई इलाकों में बिजली गुल हो गई, जिससे भीषण गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति में हुई इस बाधा के चलते बिजली ने लोगों के साथ आंख-मिचोली का खेल खेला। जिससे स्थानीय निवासी लगातार बिजली कटौती और गर्मी से जूझते रहे। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने केबल बक्से की मरम्मत के लिए कड़ी मशक्कत की, जिसके बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

# मोहर्रम को सकुशल संपन्न कराने को लेकर डीआईजी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोहर्रम के पर्व को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ सहित रेंज के सभी जनपदों के अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। त्योहार के दौरान अमन-चैन बनाए रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती, ड्रोन कैमरों से निगरानी और पीस कमेटी की बैठकों सहित सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

डीआईजी कलानिधि नेथानी ने बताया कि रेंज के चारों जनपदों में इस वर्ष कुल 386 जुलूस निकाले जाएंगे, जिनमें 574 ताजिये शामिल होंगे। इनमें मेरठ में 112 जुलूसों में 134 ताजिये, बुलंदशहर में 228 जुलूसों में 370 ताजिये, हापुड़ में 41 जुलूसों में 65 ताजिये और बागपत में 5 जुलूसों में 5 ताजिये शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुल 98 स्थानों पर मजलिसों का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने चारों जिलों में 51 स्थानों को संवेदनशील या हॉटस्पॉट के रूप में चिन्हित किया है, जिनमें मेरठ के 15, बुलंदशहर के 22, बागपत के 4 और हापुड़ के 10 स्थान शामिल हैं। इन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए कुल 27 जोन, 88 सेक्टर और 59 क्विक रिस्पॉन्स टीमों का गठन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 7 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 क्षेत्राधिकारी, 102 निरीक्षक, 432



उपनिरीक्षक, 697 मुख्य आरक्षी, 1345 आरक्षी, 682 होमगार्ड/पीआरडी और एक कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। भीड़भाड़ और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त और पिकेटिंग के विशेष निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी नैथानी ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस मार्गों से प्रतिबंधित पशुओं को हटाने, छतों से पत्थर, बोतल आदि हटाने और तारों की ऊंचाई की जांच कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। डीआईजी ने बताया कि कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सभी थानों को सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने और आवश्यकतानुसार नए कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई अफवाह या भड़काऊ सामग्री वायरल न हो सके। डीआईजी नैथानी ने कहा कि हर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी की जिम्मेदारी तय की गई है। त्योहार रजिस्टर, रजिस्टर नंबर 8 आदि का अध्ययन कर किसी प्रकार की गड़बड़ी से पहले ही निपटने को तैयार रहने के निर्देश हैं। त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग और अंजुमनों के साथ कुल 262 गोष्ठियां आयोजित की जा चुकी हैं। साथ ही, असामाजिक तत्वों की सूची अपडेट कर उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है।

# किराया मांगने पर नाविक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दिल्ली से अस्थि विसर्जन करने आए श्रद्धालुओं से कुछ लोगों ने अस्थि विसर्जन के लिए नाव का किराया हजारों में मांग लिया। हालांकि नाव मालिक द्वारा नगर पालिका के निर्धारित किराया मांगने पर उनकी पोल खुल गई । इसी बात से नाराज दबंगों ने नाविक की पिटाई करते हुए गंभीर रूप से हमला कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला मीरा रेती निवासी सूरज ने बताया कि वह ब्रजघाट में नाव चलाने का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि दिल्ली लखनऊ हाईवे पर कुछ युवक अपनी बाइक लेकर खड़े हो जाते हैं और वह दिल्ली एनसीआर समेत अन्य स्थानों से अस्थि विसर्जन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अवैध वसूली भी करते हैं। पीड़ित ने बताया कि शुक्रवार की सुबह को भी दिल्ली निवासी कुछ श्रद्धालु गंगा नगरी में अस्थि विसर्जन करने आए और उसकी नाव पर पहुंच गए, जहां उसने उनको नगर पालिका द्वारा निर्धारित किए गए प्रति यात्री के 100 रूपये बताएं। जिसको सुनकर श्रद्धालुओं ने बताया कि उनको अस्थि विसर्जन करने के लिए यहां लाए बाइक सवार लोगों ने हजारों की रकम मांगी थी। पोल खुलने के बाद श्रद्धालु अस्थि विसर्जन कर अपने घर को लौट गए। घायल नाविक पुलिस चौकी पहुंचा और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# प्राधिकरण की अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, दो संपत्तियां की सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माणों और प्लाटिंग के खिलाफ सख्त अभियान छेड़ दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को पिलखुवा विकास क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अवैध संपत्तियों को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में की गई।

प्राधिकरण की टीम ने थाना पिलखुवा पुलिस बल के सहयोग से रोहित यादव पुत्र कालू यादव द्वारा अचपल गढ़ी बारातघर/मंदिर के सामने, अचपल गढ़ी रोड, पिलखुवा में लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में निर्मित हाल/गोदाम को सील किया गया। इस निर्माण के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं था।



सुभाष तोमर द्वारा ग्राम खेड़ा, धौलाना रोड, पिलखुवा में निर्मित 80 दुकानों को सील किया गया। इन दुकानों का निर्माण भी बिना स्वीकृत मानचित्र के किया गया था। इस अभियान में प्रभारी प्रवर्तन वीरेश कुमार राना, अवर अभियंता अंगद सिंह और जितेंद्रनाथ दुबे, और प्राधिकरण का सचल दस्ता शामिल था। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव ने सभी अवैध निर्माणकर्ताओं को पुन: चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि वे तत्काल अवैध निर्माण रोक दें और प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही निर्माण कार्य करें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो प्राधिकरण द्वारा सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ ऐसे अवैध निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। यह कार्रवाई अवैध निर्माणों पर लगाम लगाने और शहरी विकास को व्यवस्थित रखने की दिशा में प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# पूर्व सभासद ने फीता काटकर शुरू कराया निर्माण कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गढ़ नगर पालिका परिषद के वार्ड नं. 10 स्थित मौहल्ला राजीव नगर पश्चिम में निर्माण कार्यो का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर पालिका सभासद व कर्मचारी मौजूद रहे।

शुक्रवार को मौहल्ला राजीव नगर पश्चिम में पूर्व पालिका सभासद कृष्णा देवी ने पं. युगल किशोर के मकान से लेकर समय सिंह चक्की वालों के मकान तक सीसी रोड़ व सहायक गलियों के निर्माण को विधिवत रुप से फीता काटकर शुरू कराया। इस मौके पर वार्ड सभासद विनय सागर ने कहा कि चुनाव में उनके द्वारा वार्ड की जनता से जो भी वायदे किए गए थे उनको वो हरसंभव पूरा करने के किए वो प्रयासरत हैं। वार्ड के लोगों की सभी समस्याओं का निस्तारण कराना ही



उनकी पहली प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभासद विनय सागर, यतेंद्र यादव, विनय यादव, सतेन्द्र सागर, योगेश शर्मा, वीरेंद्र प्रधानाचार्य, आदर्शलता, संगीता, बॉबी आजाद, राजेश सिलेलान, डा. सचिन, पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# किशोर के साथ कुकर्म के प्रयास का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले दिव्यांग किशोर से कॉलोनी में ही रहने वाले किशोर ने कुकर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने किशोर को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। संबंधित घटना को लेकर पीड़ित दिव्यांग के भाई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि उसका 13 वर्षीय भाई दिव्यांग है, जो ना सुन सकता है और ना ही बोल सकता है। पीड़ित ने बताया कि उसका भाई बृहस्पतिवार की शाम को घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी कॉलोनी का रहने वाला एक किशोर उसके भाई को अपने साथ पहले पास के ही जंगल में स्थित गन्ने खेत में लेकर पहुंच गया। वहां आरोपी ने उसके भाई के साथ कुकर्म की घटना कार्य करने का प्रयास किया। इसको लेकर उसके भाई ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके भाई को धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस में शिकायत करने पर आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच का वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र गांव टोडरपुर मूल निवासी भूरे ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम को वह अपने घर की छत पर बैठा हुआ था। तभी गांव निवासी एक युवक वहां आया और उसको देखकर गाली गलौज करने लगा लेकिन आरोपी ने उसका नाम लेकर गाली गलौज उसकी तो उसने ऐसा करने से मना किया। इसी बात को लेकर आरोपी उसके घर में घुसकर छत पर पहुंच गया। वहां आरोपी ने लाठी से उसे पर हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आप बीती सुनते हुए पुलिस कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दिया।

# रजवाहे में मिला युवक का शव, परिवार में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** शुक्रवार को थाना गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां में उस वक्त सनसनी फैल गई जब मुंडेट गेट से करीब 200 मीटर दूर हथछोया पुल की ओर एक युवक का शव बाईक सहित संदिग्ध हालात में राजबाहे में पड़ा मिला। बाग में काम कर रहे बागवानों ने शव देखकर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर गढ़ीपुख्ता पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वीडियो ग्राफी कर गहन जांच करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए। वहीं स्थानीय पुलिस ने भी आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया।





वही बाइक नंबर से मृतक की पहचान रवि देव ढ्ढ32ॠ पुत्र ॠषिपाल, निवासी ग्राम पिंडोरा थाना झिंझाना के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पुष्टि की।मृतक के छोटे भाई नितिन ने जानकारी देते हुए बताया कि रवि देव मवाना की शुगर मिल में कार्यरत था। गुरुवार सुबह वह गांव से झाड़वन अपने एक मित्र से मिलने कहकर गया था। दोपहर करीब 12 :30 बजे तक रवि व परिजनों से आखिरी बार फोन पर बात हुई, जिसमें उसने बताया कि वह घर लौट रहा है। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला और शुक्रवार को उसका शव बरामद हुआ। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रवि अपने पीछे दो भाई और वृद्ध मां को छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। युवक की मौत के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति साफ हो सकेगी।

# जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** विकास खंड गांव सांपला में जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुद्गल की अध्यक्षता में हुई बैठक में योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को बताया गया। चौपाल में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई जनोपयोगी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान समाज कल्याण अधिकारी, पशुपालन अधिकारी, एडीओ पंचायत आदि विभागों के अधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई। आवास, पेंशन, राशन कार्ड,प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जनोपयोगी, महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई तथा योजनाओं के लाभन्वित होने का तरीका बताया गया।



इस अवसर पर मुख्य रूप से महेंद्र स्वामी, हरबीर देसवाल, कवरपाल कोरी, सतवीर, संजय जयवीर रामफल सोमपाल कोरी बीरमपाल धीमान उपस्थित रहे।

## हरिजन भूमि से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि सभी अनुसूचित जाति से भूमिहीन व गरीब व्यक्ति है। ग्राम आकोपुर उर्फ फूसगढ़ में जो हरिजन आबादी के लिए सुरक्षित भूमि है उक्त हरिजन आबादी की भूमि पर अपने कूप व बिटौडे डाल रखे थे। आरोप है कि कुछ लोगों शिब्बू, प्रमिल, तेजपाल, विनोद, अमित, धर्मपाल, मांगेराम, सेठपाल आदि ने बनाए गए हरिजन आबादी में कूप व बिटोडे को अपना बताकर कूप बना दिए है। उक्त भूमि में अपना निर्माण कार्य करना शुरू कर दिए गए है। जिसको लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई।

# पुलिस मुठभेड़ में तार चोरी के दो बदमाश दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** थाना प्रभारी जितेंद्र शर्मा अपनी टीम के साथ ऊन रोड पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ऊन की ओर से आती एक संदिग्ध कार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही कार सवार बदमाश भागने लगे और उन्होंने पुलिस पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी पोजीशन लेकर फायरिंग की और घेराबंदी कर दोनों बदमाशों को पकड़ लिया।

पकड़े गए आरोपियों में इस्लाम पुत्र इरशाद निवासी बल्ला मजरा चौसाना के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। दूसरा बदमाश फरमान उर्फ गुल्लू पुत्र मकबूल, निवासी मोहल्ला हकीकत नगर, कस्बा बनत, जिला शामली का रहने वाला है। दोनों पर नलकूपों से तार चोरी के कई मामलों में संलिप्त होने के आरोप हैं।

सीओ श्याम सिंह ने बताया कि मुठभेड़ पूरी तरह पुलिस की तैयारी और सतर्कता का परिणाम है। बदमाशों से अवैध हथियार और चोरी का माल बरामद हुआ है। फिलहाल घायल बदमाश का इलाज चल रहा है और दोनों से पूछताछ की जा रही है। इनके आपराधिक इतिहास की जांच भी शुरू कर दी गई है।

पुलिस टीम की मुस्तैदी से एक बड़ी वारदात टल गई और क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले दो शातिर बदमाश सलाखों के पीछे पहुंच गए हैं।

# एसपी ने पुलिस लाइन का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को एसपी ने परेड के दौरान पुलिस लाईन का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम द्वारा शुक्रवार की परेड के दौरान पुलिस लाईन का निरीक्षण किया। एसपी द्वारा सर्वप्रथम पुलिस लाईन में परेड़ की सलामी ली गई। परेड में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों के टर्नआउट व ड्रिल का मुआयना किया गया। पुलिस लाइन में कर्मचारियों के मैस में भोजन की गुणवत्ता, आवासीय बैरक, शौचालय आदि का भ्रमण कर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया गया। इस निरीक्षण में पुलिस लाईन की परिवहन शाखा व यूपी-112 शाखा के वाहनों की स्थिति की जानकारी भी की गई तथा पुलिस लाइन में जेटीसी प्रशिक्षण अभ्यार्थियों की बैरिक व मैस का निरीक्षण किया गया। इसके बाद अर्दली रूम में रजिस्टर चौक किए गए। इस अवसर पर सीओ थानाभवन जितेन्द्र कुमार, सीओ नगर अमरदीप मौर्य व प्रतिसार निरीक्षक विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।



# चेकिंग में कार सवार दो बदमाश पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** ऊन रोड पर पुलिस चैकिंग के दौरान कार सवार दो बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जिसमें कार सवार एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, वहीं दूसरे भागते हुए बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश के कब्जे से पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया।

गुरुवार की देर शाम कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा एवं चौसाना चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ ऊन रोड पर चै. कंग कर रहे थे, तभी ऊन की ओर से आ रही एक पोलो कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो कार सवारों ने भागने का प्रयास किया। जिसमें बदमाशों ने पुलिस पर फायर झौंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि भाग रहे दूसरे बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम इस्लाम पुत्र इरशाद निवासी बल्ला माजरा चौसाना, जबकि दूसरे बदमाश ने अपना नाम फरमान उर्फ गुल्लू पुत्र मकबूल मौहल्ला हकीकत नगर बनत बताया।जिनके कब्जे से एक पोलो कार अवैध तमंचा व कारतूस एवं चाकू व चोरी किया गया तार बरामद हुआ है। कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सर्वेन्द्र पुत्र इकबाल सिंह निवासी दरगाहपुर थाना झिंझाना व अन्य रोहित पुत्र वेद सिंह, अंकित पुत्र यशवीर, यशपाल पुत्र सुधीर, गुरनाम पुत्र भोपाल, अनिल पुत्र जगदीश निवासीगण सिकन्दरपुर की ग्राम सिकन्दरपुर स्थिति टड्ढबवैलों से अज्ञात चोरो द्वारा कटआउट व केबल चोरी कर लेने के सम्बन्ध तथा अन्य चार मुकदमों में वांछित, फरार चल रहे बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक बदमाश इस्लाम गोली लगने से घायल हो गया तथा दूसरे बदमाश फरमान को घेर कर गिरफ्तार किया गया है।



# चेयरमैन ने ली अधीनस्थों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को नगर पालिका परिसर में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर चेयरमैन अरविन्द संगल ने नगर पालिका अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक आयोजित की। जिसमें कांवड मार्ग पर बैरिकेटिंग करने, कर्मचारियों की डयूटी लगाने व मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए गए।

चेयरमैन अरविन्द संगल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कावडियां का गंगाजल, कांवड खंडित होने पर या गंगाजल रास्ते में गिर जाने पर परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके लिए नगर पालिका गंगाजल उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा जो शामली क्षेत्र नागरिक महाशिवरात्रि के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल नहीं ला पा रहे है, उन्हें शिवारात्रि से एक सप्ताह पूर्व से लगातार सात दिनों तक नगर पालिका शामली से गंगाजल प्रदान किया जाएगा जिससे कि वह शिवरात्रि के दिन भगवान शंकर को गंगाजल से जलाभिषेक कर सकें। ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने बताया कि कांवड यात्रा कैमरों की निगरानी में सम्पन्न होगी। इसके लिए कांवड मार्ग पर नाईट विजन कैमरे लगाए जाएगे। कांवड यात्रा में पालिका द्वारा यात्रियों के लिए लाऊडस्पीकर, 400 के लगभग अस्थाई लाईट, 3 पानी के टैंकर, पानी के प्याऊ, दो मोबाईल टॉयलेट जो एसटी तिराहे, विजय चौक तथा नहर पुल पर निगरानी हेतु वॉच टावर, शिव चौक तथा फव्वारा चौक पर कावड़ियो की निगरानी के लिए 2 वाटर प्रुफ कन्ट्रोल रूम, बेरिकेटिंग का कार्य पालिका द्वारा कराया जाएगा।



साथ ही शहर से गुजरने वाले कावड़ियो की गणना भी पालिका द्वारा की जाती है जो कि तीन शिफ्टों में 2-2 कर्मचारियों की 24 घंटे लगातार चलती रहेगी। इस वर्ष कांवड यात्रा की शुरूआत 11 जुलाई से प्रारम्भ होकर 24 जुलाई को श्रावण शिवरात्रि पर सम्पन्न होगी। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक अनिल कुमार, अवर अभियन्ता सिविल कान्त सिंह राणा, सभासदपति पंकज गुप्ता, जेई हर्ष गर्ग, चन्द्र किशोर, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार शर्मा, लक्ष्मण सिंह, आजम खां, राकेश कुमार, शशिकान्त आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग पुत्री के साथ फर्जी तरीके से कोर्ट मैरिज करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव निवासी व्यक्ति ने एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ में फर्जी तरीके से कोर्ट मैरिज करके जबरदस्ती दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत एसपी शामली से की गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने एसपी शामली रामसेवक गौतम ने शुक्रवार को शिकायती-पत्र भेजा है। बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव नंगलाराई निवासी एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। आरोपी ने उसकी पुत्री के आधार कार्ड में फर्जी तरीके से उम्र बढ़वाकर कोर्ट मैरिज कर ली। इसके बाद, आरोपी उसकी पुत्री को नेपाल ले गया। जहां पर करीब दो वर्ष तक बंधक बनाकर उसके साथ में जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। विगत 16 जून को आरोपी उसकी पुत्री को अपने घर ले आया। जहां पर आरोपी के परिजनों ने उसकी पुत्री को गाली-गलौच व मारपीट करके घर से निकाल दिया। इस पर आरोपी उसकी पुत्री को बागपत में अपने चाचा के यहां ले गया और तीन-चार दिन तक जबरदस्ती बंधक बनाकर रखा। आरोप है कि विगत 21 जून को आरोपी उसकी पुत्री को कैराना बस स्टैंड पर छोड़कर धमकी देकर फरार हो गया। आरोप है कि मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की गई, परन्तु पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की। पीड़ित ने एसपी से आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर सख्त कार्यवाही कराए जाने की गुहार लगाई है।

# इंडस्ट्रियल एरिया के उद्यमी विधायक से मिले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को इंडस्ट्रियल एरिया से उद्यमियों ने एकत्रित होकर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी से मुलाकात की। उद्यमियों ने विधायक को औद्योगिक क्षेत्र में पाइपलाईन चॉक होने से हो रहे जलभराव की समस्या को रखा। साथ ही डीएम को भी समस्या से अवगत कराया। विधायक ने अपनी निधि से 10 लाख रूपये देने की घोषणा की है।

शुक्रवार को उद्यमियों ने विधायक प्रसन्न चौधरी को अपनी समस्या बताई। जिसके बाद विधायक और उद्यमी डीएम अरविन्द कुमार चौहान से मिले। साईंमां एवं लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष अंकित गोयल ने बताया कि औद्योगिक आस्थान से लेकर पूर्वी यमुना नहर तक नाले की पाइपलाइन चौक हो गई है। इसके कारण इंडस्ट्री का पानी नाले में नहीं जा रहा है। वह वापस फैक्ट्री में ही आ जाता है और जलभराव होता है। जिससे फैक्ट्रियां बंद हो जाएगी और इसका समाधान तुंरत होना चाहिए। डीएम अरविंद चौहान ने नाले की सफाई के लिए फंड की समस्या बताई। इस पर सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रूपए इसकी सफाई के लिए देने के लिए घोषणा की। इसके अलावा कुछ फंड जिला पंचायत से व कुछ इंडस्ट्रियल एसोसिएशन से मिलकर सफाई की जाएगी।

## दस एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**शामली।** थाना कोतवाली शामली झिंझाना कांधला बाबरी आदर्शमंडी पुलिस द्वारा वांछित वारंटी एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 10 एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तगण नौशाद निवासी ग्राम बिडौली सादान थाना झिंझाना जनपद शामली, कमर अब्बास निवासी ग्राम बिडौली सादान थाना झिंझाना जनपद शामली, नसीम निवासी ग्राम बिडौली सादान थाना झिंझाना जनपद शामली, आशु कस्बा व थाना झिंझाना शामली, सरमोद कुडाना शामली, कमल उर्फ निवासी जनपद शामली, तैमूर थाना कांधला जनपद शामली, आदेश फुगाना जनपद मुजफ्फरनगर, अजय डांगरौल कांधला जनपद शामली, विक्की बाबरी जनपद शामली हैं।

# जिला सैनिक बंधुओं की बैठक में सुनी गई शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी ढ्ढन्यायिकॠ, परमानन्द झा की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। बैठक के दौरान कर्नल अजय कुमार सिंह ढ्ढअ।प्रा।ॠ जिला सैनिक कल्याण अधिकारी शामली ने सभी भूतपूर्व सैनिकों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के समस्त भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से संपर्क स्थापित करें एवं यदि उनकी कोई समस्या हो तो वे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क स्थापित करें। इस अवसर पर उन्होंने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। बैठक में मुख्यत: भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं राजस्व विभाग,नगरपा. लिका एवं शस्त्र अनुभाग से संबंधित रहीं। बैठक में पुलिस एवं अन्य विभागों के अधिकारी सहित सैनिक बन्धु मौजूद रहे।



## एक नजर

### सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस व पीएसी ने मामौर में किया पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** विगत 16 जून को हरियाणा के जनपद पानीपत के सनौली खुर्द थानाक्षेत्र के गांव कुराड़ निवासी किसान देवेंद्र की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र रोहित ने गांव मामौर निवासी नदीम, शोबान व फरमान के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए हत्यारा. पी फरमान व नदीम को घटना वाले दिन शाम को ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी नदीम को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। जबकि तीसरा आरोपी शोबान पुलिस अभिरक्षा में मेरठ के एक अस्पताल में उपचाराधीन था, जिसे गुरुवार को हत्या में प्रयुक्त तमंचे व छुरी के साथ में गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। विगत 20 जून को जनपद मुजफ्फरनगर के बघरा आश्रम के यशवीर महाराज ने देवेन्द्र के हत्यारोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्यवाही किए जाने की मांग की थी। साथ ही, मांग पूरी न होने पर 27 जून को हिंदू समाज के लोगो के साथ में गांव मामौर में महापंचायत व धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी। यशवीर महाराज की चेतावनी से पुलिस-प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए थे। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रासुका व गैंगस्टर के तहत कार्यवाही किए जाने का आश्वासन दिया था, जिस पर यशवीर महाराज ने महापंचायत व धरना-प्रदर्शन टालने की घोषणा कर दी थी। हालांकि यशवीर महाराज के महापंचायत टालने की घोषणा के बावजूद भी पुलिस-प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा था। इसी क्रम में शुक्रवार को सीओ श्यामसिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस व पीएसी बल के साथ में एतिहातन गांव मामौर में पैदल मार्च किया। पुलिस ने गांव की गलियों में घूमकर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देकर पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कानून-व्यवस्था व सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस व पीएसी बल के साथ में गांव मामौर में पैदल मार्च किया गया है।

### सांकेतिक बोर्ड पर लगाए गए रेडियम स्टीकर को उखाड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** असामाजिक तत्वों ने सांकेतिक बोर्ड पर लगे गांव पंजीठ के नाम के रेडियम स्टीकर को उखाड़ दिया। संस्था के पदाधिकारियों ने मामले की शिकायत एसडीएम कैराना से की है।

न्यू क्लीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के राष्ट्रीय सचिव कासिम भड़ाना ने एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि उनकी संस्था ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणढ्ढएनएचएआईॠ की अनुमति के पश्चात नेशनल हाइवे से गांव पंजीठ की ओर जाने वाले दो अलग-अलग रास्तों पर सांकेतिक बोर्ड स्थापित किए थे, जिन पर रेडियम स्टीकर से गांव के नाम का उल्लेख किया गया था, ताकि बाहर से आने वाले अनजान लोगो को गांव के रास्ते के बारे में आसानी से जानकारी हो सके। परन्तु, कुछ असामाजिक तत्वों को गांव की पहचान के लिए लगाए गए सां. केतिक बोर्ड रास नही आ रहे है। उन्होंने सांकेतिक बोर्ड पर लगे रेडियम स्टीकर को उखाड़ दिया। पिछले दो महीनों में तीसरी बार सांकेतिक बोर्ड से रेडियम स्टीकर को उखाड़ा गया है। इसमें गांव के ही कुछ लोगो की साजिश प्रतीत हो रही है, जिन्हें गांव का विकास अच्छा नही लग रहा है। शिकायती-पत्र में आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

### संचारी रोग नियत्रण को लेकर ब्लॉक पर आयोजित हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** शुक्रवार को खण्ड विकास कार्यालय के सभागार कक्ष में एडीओ पंचायत वसीम अहमद के नेतृत्व व ब्लॉक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर विकास बरनवाल की मौजूदगी में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर समूह की महिलाओं व आशाओं के साथ बैठक की गई। इस दौरान गांवों में विशेष साफ-सफाई व संचारी रोगों से बचाव हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। एडीओ पंचायत वसीम अहमद ने कहा कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गांवों में झाड़ियों की कटाई,नालियों की।साफ-सफाई,एंटीलार्वा का छिड़काव व फॉगिंग आदि का कार्य कराए जाएंगे। साथ ही दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा जिसके तहत आशा व आंगनबाड़ी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। अगर परिवार के किसी सदस्य को बुखार व डायरिया आदि से पीड़ित है तो आशाएं समय पर पीड़ितों को उचित दवाई उपलब्ध कराएंगी। इस दौरान एडीओ पंचायत वसीम अहमद,ब्लॉक चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर विकास बरनवाल,अशोक व सचिवगण उपस्थित रहे।

### कांग्रेसी सरकारी स्कूल बचाओ पदयात्रा को लेकर कर रहे चौपाल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित चौपाल को संबो. धित करते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश में सरकारी नौकरी खत्म करने और पिछड़े दलित आदिवासी समाज के गरीब बच्चों की शिक्षा छीनने की नीयत से लगभग 5000 सरकारी प्राइमरी स्कूलों को बंद कर अन्य प्राइमरी स्कूल में विलय का तानाशाही फरमान के खिलाफ सरकारी स्कूल बचाओ पदयात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग शेखर पाल ने कहा कि देश का कर्ज बढ़कर 4 गुना हो गया है। हर जनपद में 4-5 करोड़ के फाइव स्टार बीजेपी कार्यालय खुल गए हैं। अडाणी को तो कर्ज लेकर दुनियां का सबसे अमीर आदमी बनने की छूट है, तो फिर सरकारी स्कूल की अच्छी बिल्डिंग, इंग्लिश मीडियम शिक्षा,परिवहन सुविधाओं के लिए पैसा क्यूं नहीं है। प्रदेश योगी सरकार ने गरीब, पिछड़े, वंचित समाज के लोगों को शिक्षा से दूर करने का काम सरकारी स्कूल बंद करके कर दिया है। उत्तर प्रदेश में बहुत सारे ऐसे परिवार है जिनके पास बच्चों को पढ़ने के लिए पैसे भी नहीं है मजदूरी करके गुजारा कर रहे हैं। उनके बच्चे सरकारी स्कूल में पड़कर कुछ शिक्षा ग्रहण कर लेते हैं उन्हें भी इसे वंचित करने का काम सरकार कर रही है। इस अवसर पर विनोद सेन, राजवीर कश्यप, आरिफ खान, अनुज प्रजापति, देवाराम जाट, अंकुर, मांगेराम, दीपा, शहजाद, सलीम, फिरोज खान, असलम अली, राजेंद्र सैनी, रविंद्र सैनी, राजपाल पांचाल, पंकज, सरफराज अली आदि मौजूद रहे।

### आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने किया चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर के साथ मिलकर एनसीआरटीसी आयोजित कर रहा है प्रदर्शनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने शुक्रवार को आनंद विहार पर एक चित्रकला प्रदर्शनी, 'यंग ब्रश स्ट्रोक्स' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी के निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस प्रदर्शनी का आयोजन एनसीआरटीसी द्वारा इंटरनेशनल इंस्ट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स आईआईएफए के साथ भागीदारी में किया जा रहा है।

स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर आयोजित इस प्रदर्शनी में इंस्ट्यूट के छात्र-छात्राओं के साथ वहां की फैकल्टी भी अपनी चित्रकला प्रदर्शित कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का आयोजन आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के अनपेड एरिया में किया जा रहा है, जिस से दर्शक बिना किसी शुल्क के इसका अनुभव कर सकेंगे। गोयल ने प्रदर्शित कलाकृतियों को देखने के साथ उन्हें बनाने वाले कलाकारों से बातचीत भी की और उनके विजन को समझा। कलाकारों ने अपनी कला को हजारों लोगों के साथ साझा करने के लिए उन्हें यह मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत स्टेशनों को यात्रा के केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर यात्रियों की यात्रा को और सुखद बनाया जाए।

इस श्रृंखला में हर शुक्रवार की शाम 6 बजे से आनंद विहार स्टेशन पर नमो भारत अनप्लग्ड-म्यूजिकल फ्राइडेज के सीजन 2 का आयोजन भी किया जा रहा है। म्युजिकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, जहां वे पिछले एक महीने से अपने संगीत से एक साथ हजारों श्रोताओं का दिल जीत रहे हैं। साथ ही, दिन के अंत में थककर लौटते हुए यात्रियों का मनो. रंजन कर उन्हें भी एक मौका देता है कि वे दो पल ठहर कर, अपने तनाव भूल कर, एक खूबसूरत शाम का आनंद ले सकें। अब इसी के साथ यात्री इस चित्रकला प्रदर्शनी का भी आनंद ले पाएंगे। गोयल एवं एन सी आर टी सी के वरिष्ठ अधिकारियों ने म्युजिकल फ्राइडे की संगीत मय शाम का भी आनंद लिया। मेरठ के आईआईएमटी कॉलेज के बैंड, राबता के कलाकारों ने वहां मौजूद सभी श्रोताओं को अपनी धुनों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इनके साथ ही, एकल कलाकारों, सुश्री रुपल, सुश्री साक्षी और सैम ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं जिन्हें श्रोताओं ने बेहद पसंद किया और सराहा। नमो भारत अनप्लग्ड लाइव म्यूजिकल फ्राइडे के इस संस्करण में शुरु किए गए। नए सेगमेंट, ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी में भी श्रोताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस शाम को सभी के लिए यादगार बना दिया। एन सीआर टी सी अपनी इन पहलों से न केवल नमो भारत स्टेशनों को जीवंत बना रहा है बल्कि एक मंच प्रदान कर रहा है। जहां कलाकार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कला को एक साथ हजारों लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर पा रहे हैं। हर शुक्रवार शाम इनका लुत्फ उठाने जुटने वाली यात्रियों की बड़ी संख्या साक्षी है कि लोग एनसीआरटीसी के इन प्रयासों को बेहद पसंद कर रहे हैं।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पार्क में टहलने गए युवक पर कई युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बीच बचाव को आए उसके भाई के साथ भी मारपीट की गई। घायलो को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

मोहल्ला खानकाह निवासी फैसल ने जानकारी देते हुए बताया कि बृहस्पतिवार की रात वह भोजन करने के बाद पुलिस चौकी के समीप इंदिरा पार्क में टहलने के लिए गया था। इस दौरान वहां पहले से बैठे दो युवकों ने उसे रोक लिया तथा अकारण गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे सिर में चोट लगने से वह घायल हो गया। इस दौरान बीच बचाव को आया उसका भाई अब्दुल्ला को भी उक्त लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसका मोबाइल भी छीनकर ले गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## एक पौधा अपनी माता के नाम पर लगाने का किया आह्वान

**देवबन्द।** कार्यशाला की आयोजित बैठक में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर प्रत्येक कार्यकर्ता से एक पौधा अपनी माता के नाम पर लगाने का आह्वान किया।



सुभाष चौक स्थित देवबंद मंडल कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष यशवंत राणा ने दीप प्रज्वलन व पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्रों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वे अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने केंद्र सरकार की बीते 11 वर्षों की उपलब्धियों की कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकर्ता सरकार के कार्यकर्मों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। उन्होने कार्यकर्ताओं से आगामी 29 जून को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक शक्ति केंद्र के अंतर्गत हर बूथ पर सुनने की अपील की। बैठक में मंडल अध्यक्ष अरुण गुप्ता, भाजपा नेता अनिल, राजेश तनेजा, राम मोहन सैनी, विशाल गर्ग, आलोक खटिक, जोगेंद्र जाटव, शुबलेश शर्मा, स्नेह टंडन, मंजू शर्मा, अरविंद जौहरी, अमित, मनोज बंसल, उमेश सैनी, रणजीत वाल्मीकि आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## जमीनी विवाद में भाइयों में चले चाकू

### थाने पहुंचा घायल पीड़ित हुआ बेहोश, पुलिस ने कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के गांव जाहिदपुर में भाइयों में जमीन विवाद हो गया। इस विवाद में चाकू. बाजी शुरू हो गई। इस चाकूबाजी में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक थाने पहुंचा घायल थाने में बहोश होकर गिर गया, आनन फानन में पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में उपचार कराया। पीड़ित ने थाने में भाई व मामा के खिलाफ तहरीर दी है। गांव जाहिदपुर निवासी आसित उर्फ चीनू गर्ग ने बताया की जमीनी बंटवारे को लेकर उसका स्वजनो से विवाद चला आ रहा है, पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है ओर उसे जहरीला पदार्थ देने दिया गया था। गुरूवार की दोपहर वह घर जा रहा था



जेसे ही वह घर के पास पहुंचा तो उसके भाई निक्की गर्ग व मामा प्रदीप ने उसे रोक लिया, ओर उसके साथ गाली गलोज करने लगे, विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित भाई निक्की, व मामा ने अचानक उसके ऊपर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इस वारदात में चीनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवक जान बचाकर लहुलुहान हालत में थाने पहुंचा। हालत गंभीर होने के कारण युवक बहोश होकर थाने में गिर गया, करीब 15 मिनट थाने में ही पड़ा तड़पता रहा, उसके बाद घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, परिजन भी थाने पहुंचे चीनू की मां रेनू ने आरोप लगाया की बेटा शराब पीकर आता है ओर मारपीट करता है, आज भी उसने उसके साथ मारपीट की। जिसको लेकर विवाद हुआ है। पीड़ित ने भाई, मामा के खिलाफ तहरीर देकर बताया की उसके तीन जगह पीठ, गुप्तांग के पास पेट में चाकू मारे गये है, इतना ही नही उसे जान से मारने के इरादे से सिर में हमला किया है। इंस्पेक्टर लोहियानगर योगेश चंद का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

## डी फार्मा के छात्र पर जानलेवा हमला

### हालत गंभीर, घायल के भाई ने थाने में दंबगों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र के ग्राम जेई निवासी मेडिसिन डी फार्मा के छात्र पर दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, हमले में युवक की आंख को चोट पहुंची है जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। देर रात गांव के ही कुछ युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित छात्र के भाई मोहम्मद हसन ने थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।



बताया गया है कि पीड़ित छात्र हुसैन जो कि ग्राम जेई थाना भावनपुर किला मेरठ का रहने वाला है, वह खेत से काम खत्म करने के बाद जब वापस लौट रहा था, तभी घेर से गांव के ही दबंग उसे उठाकर ले गए और आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमलावरों के पास धारदार हथियार तमंचे और लोहे की रोड से जानलेवा हमला किया है। जिससे पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश होकर मौके पर गिर गया। इसके बाद हमलावर छात्र को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको इलाज नही मिलने पर पीड़ित को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां पीड़ित का इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की आंख फूटने की बात भी सामने आ रही है। पीड़ित के भाई मोहम्मद हसन ने थाना भावनपुर में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना भावनपुर प्रभारी ने दबंग युवकों की तलाश शुरू कर दी है आरोपियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## पुलिस ने नशा तस्कर को भेजा जेल

**देवबन्द।** पुलिस ने नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से सौ ग्राम चरस बरामद की। कोतवाली पुलिस ने श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर गेट के समीप खाली पड़े प्लाट से नशा तस्कर मोहल्ला बेरुन कोटला निवासी हारिस को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के कब्जे से सौ ग्राम चरस बरामद हुई है। जिसे वह कहीं बेचने के लिए जा रहा था। आरोपी को एनडीपीएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायक हिरासत में भेज दिया गया।

## सूदखोर से बाइक लेने गए युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सूदखोर से बाइक छुड़ाने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू लगने से युवक घायल हो गया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। एवन कालोनी हुमायूनगर निवासी माजिद ने बताया की सूदखोर आफाक के पास उसने पांच माह पूर्व अपनी बाइक 25 हजार में गिरवी रख दी थी, सूदखोर के तीस हजार रूपये हो गये थे, गुरूवार को वह अपनी बाइक छुड़ाने के लिए पहुंचा तो उसने बाइक देने से मना कर दिया, ओर बाइक को सौदा पचास हजार रूपये में कर दिया, उसने कहा की कि तीस हजार रूपये काटकर बीस हजार रूपये वापस दे दो, आरोप है कि बीस हजार रुपये मांगने पर आफाक ने अपने भाई आफताब के साथ मिलकर मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू कमर, कान पर लगने से वह घायल हो गया, पीड़ित का कहना है कि वह किसी तरहा जान बचाकर वहां से भागकर थाने पहुंचा, पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया व जांच में जुट गई है।

## मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कालोनी गली नंबर चार निवासी शाहबाज ने बताया की उसके पड़ोस में लईक रहता है, उसकी पीकप गाड़ी मकान के सामने खड़ी रहती है, गुरूवार की देर रात उसके भाई इबराहिम ने मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने का विरोध किया तो लईक गाली गलोज करने लगा, शोर की आवाज सुनकर दोनो पक्षो के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गये, देखते ही देखते दोनो पक्षो में जमकर मारपीट पथराव शुरू हो गया, पथराव होते देख कालोनी में भगदड़ मच गयी, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया, पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए भेज दिया है।

### पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न

## अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार मंत्री चुने गए। चुनाव पर्यवेक्षक नरेन्द्र शर्मा, शीतल त्यागी, ओमकार सिंह की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 55 शिक्षक मतदाताओं में 52 मतदाताओं ने भाग लिया जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अशोक कुमार को 38 मत व अरुण कुमार को 14 मत मिले। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार चुने गये वही मंत्री पद पर नितिन कुमार को निर्विरोध चुना गया। वहीं महिला मनीषा, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, लेखाकार ऋषि कुमार, संयुक्त मंत्री सतेन्द्र कुमार व सुनीता लेखा परीक्षक पद पर चुने गए। इस मौके पर कुलदीप चौधरी, मनोज कुमार शर्मा, विनय कुमार, राहुल कुमार, सोमवीर सिंह, कुलदीप ज्ञानेश्वर, संजय, शिवकुमार, शिखा शर्मा, ममता अग्रवाल, रीना शर्मा, मुकेश कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार, महेन्द्र कुमार, अब्दुल बारी, वसीम, अमित गोतम, शैलेन्द्र, अबरीश, संध्या, प्रदीप, मुनेन्द्र आदि मौजूद रहे।



## मोहर्रम पर्व व कांवड़ यात्रा सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता: थाना प्रभारी जानी खुर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आगामी कावड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया कि जानी पुलिस पूरी तरह से कांवड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए तैयार है। इसके लिए हमें जनता का भी सहयोग लेना पड़ेगा जिससे हमारे पुलिस को एक तरह से ढाल मिलेगी। जनता का सहयोग पुलिस के लिए एक मुफीद की तरह है। जनता और पुलिस मिलजुल कर ही हर परेशानी का समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांव रसूलपुर धौलडी में मोहर्रम पर्व को लेकर सभी धर्म के लोगों से उन्होंने पहले ही वार्ता कर ली है। मोहर्रम पर्व पर हर चौराहों और इमामबारगाहों पर पुलिस पिकेट लगी रहेगी। क्षेत्र में अगर कोई भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकाले पर सभी को निर्देश दिए हैं कि ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकालें क्योंकि बिजली की तारों से खतरा रहता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी हथियार व आपत्तिजनक संगीत नहीं बजाएगा और ना ही ज्यादा ऊंची कांवड़ लेकर जाएगा।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थाना प्रभारी निरीक्षक।

## लिसाड़ी गेट में युवक से मोबाइल लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के अहमदनगर में मोबाइल पर बात करते जा रहे युवक से दो बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गये, मोबा. इल की कीमत सत्तर हजार रूपये बताई जा रही है, पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने लूट की तहरीर बदलवाकर गुमशुदगी दर्ज की है। सुहेल गाडन निवासी सलमान पुत्र उस्मान ने बताया की वह किसी काम से कांच के पूल पर जा रहा अहमदनगर गली नंबर दस पर उसका फोन आ गया वह फोन पर बात करता हुआ जा रहा था उसी दौरान पीछे से दो बदमाश आए ओर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लेकर फरार हो गये, उसने बदमाशो का पीछा भी किया लेकिन बदमाश पैदल ही गली के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने लूट की घटना को गुमशुदगी में दर्ज किया है।

## ट्रक ड्राइवर ने पहली पत्नी को मृतक बता रचाई दूसरी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट में एक मामला सामने आया है जहां एक ट्रक ड्राइवर ने अपनी पत्नी को मृतक बता कर दूसरी शादी कर ली। आरोपी लिसाड़ी गेट क्षेत्र के नूर नगर इलाके का रहने वाला है महिला ने गुरुवार की रात में रोती हुई लिसाड़ी गेट थाने पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नूर नगर समर गार्डन का रहने वाला खुर्शीद आलम ट्रक ड्राइवर है खुर्शीद आलम की मुलाकात गोरखपुर की रहने वाले शफीक से डेढ़ साल पहले हुई शफीक भी गाड़ी चलाता है और खुर्शीद आलम का शफीक के घर आना जाना हो गया इस दौरान खुर्शीद की मुलाकात शफीक की मम्मी जैनब से हो गई दोनों में धीरे-धीरे बात होने लगी और दोनों में नजदीकियां बढ़ गई। खुर्शीद ने बीते एक साल पहले जैनब से अपनी पहली पत्नी को मरा बात कर उसके परिवार की सहमति के बाद शादी कर ली और खुर्शीद आलम जैनब को माड़ी चौक थाना भगवानपुर जनपद रुड़की में एक किराए के मकान पर लेकर रहने लगा जैनब के अनुसार चार महीने पहले खुर्शीद आलम नहा रहा था इसी दौरान उसका फोन बाहर था जिस पर एक कॉल आई जैनब ने फोन उठाया तो उसने एक महिला की आवाज सुनी जैनब ने पूछा कौन महिला बोली खुर्शीद की पत्नी बोल रही है इतना सुनते ही उसके होश उड़ गए इसके बाद जैनब ने खुर्शीद से इसका विरोध किया तो खुर्शीद ने जैनब के साथ गाली-गलौज मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता चार महीने से किराए के मकान में रहकर खुर्शीद का इंतजार कर रही थी। गुरुवार की रात में लिसाड़ी गेट थाने पहुंची और खुर्शीद के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ मांगा है तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं जैनब का आरोप है कि खुर्शीद ने उससे झूठ बोलकर शादी की उसको तीन बच्चे हैं और उसकी पत्नी का नाम सलमा है।

## महामंडलेश्वर दीनबंधु दास ने शिव सती की महापावन कथा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के बढ़ला रोड स्थित बालाजी कॉलेज में चल रही कथा के सातवें दिन कथा में पूज्य महाराज महामंडलेश्वर श्री दीनबंधु दास जी ने महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का वर्णन करते हुए बताया महाप्रभु जी के महाभोग को जो भी दोनों हाथ पसार कर प्राप्त करता है वह साक्षात् महाप्रभु जी के दर्शन करने मात्र का पुण्य प्राप्त करता है। साथ ही महाराज जी ने शिव सती की महापावन कथा का वर्णन करते हुए को भक्तों को भाव विभोर किया। इस पावन अवसर पर श्री बाला जी कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संस्थापक गौरव गिरी और शिव शक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष यतिन गर्ग, नितिन मित्तल, भरत अग्रवाल आर्यवीर शौर्य, सौरभ मित्तल, दिव्यांश मित्तल, संजीव दबाथला, शिवकुमार गर्ग, वरुण राणा, डॉ. शोभित कुमार सहित सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे।




## विवादित ब्यानों के सहारे जिंदा है संगीत की सियासत

- सरधना की सियासत में संगीत सोम का एक और विवादित बयान
- अखिलेश को मुगलिया सल्तनत से जोड़ा, मेला बूढ़ा बाबा को बताया सनातनियों का मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में भाजपा से दो बार के विधायक रहे संगीत सोम आए दिन अगर विवादित बयान न दें तो उत्तर प्रदेश की सियासत अब अधूरी सी लगती है। बात-बात पर विवादित बयान देने वाले संगीत सोम कभी हिंदू-मुस्लिम, कभी गाय तो कभी देश की एकता और अखंडता के प्रतीक अन्य धार्मिक आयोजनों पर भी उंगली उठाते रहते हैं। इस बार उन्होंने सरधना में आयोजित मेला बूढ़ा बाबा पर भी अपना विवादित बयान देकर उसे सनातनियों का मेला बता दिया है और अखिलेश यादव को भी मुगलिया सल्तनत से जोड़कर अजीबोगरीब बयान देते हुए कहा कि वह मुगलिया सल्तनत के आखिरी शासक हैं और अखिलेश का पीडीए पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी है। इसके बाद अब जनता संगीत सोम के बयान को हजम नहीं कर रही है। लोगों का कहना है कि क्या अब संगीत सोम की सियासत विवादित बयानों पर जिंदा रह गई है। जब तक वह विवादित बयान नहीं देते तब तक वह सुर्खियों में नहीं आते। क्षेत्र में किए हुए कार्य को लेकर वह कभी बात नहीं करते हैं जब भी बात करते हैं तो सांप्रदायिक और माहौल खराब करने की ही बात करते है। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संगीत सोम के बयान की निंदा की है और कहा है कि संगीत सोम दलित पिछड़ों व शोषित समाज के लोगों से नफरत करते हैं इसीलिए वह पीडीए को लेकर अपनी मानसिकता जहिर कर रहे हैं और देश के दलित पिछड़े व शोषित समाज को पाकिस्तान से जोड़ रहे हैं।



पूर्व विधायक संगीत सोम

गौरतलब है कि संगीत सोम को भाजपाई फायर ब्रांड नेता कहते हैं और संगीत सोम अपने विवादित बयानों के चलते ही प्रदेश भर में सुर्खिया बटोरते रहते हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों में भी उनका नाम आया। इस दौरान भी उन्होंने अनगिनत विवादित बयान दिए लेकिन कोर्ट से उन्हें बड़ी राहत मिली और वह इस इल्जाम से मामूली जुर्माने के साथ मुक्त हुए। संगीत सोम ठाकुर समाज के बड़े नेता हैं और चौबीसी मे उनकी मजबूत पकड़ है। वह सरधना से दो बार विधायक रहे हैं और दोनों बार उनके सामने समाजवादी पार्टी से अतुल प्रधान उन्हें टक्कर देते रहे हैं। तीसरी बार में अतुल प्रधान संगीत सोम को हराने में कामयाब हुए थे। अतुल प्रधान भी समाजवादी पार्टी के मजबूत और बड़े नेता हैं। उनके साथ भी सभी धर्म के लोग जुड़े हैं। अतुल प्रधान ने कहा कि पूर्व विधायक अजीबोगरीब बयान देते हैं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब होता है। ऐसे बयानों से पूर्व जनप्रति. निधियों को बचना चाहिए। हालांकि जनता अब पूर्व विधायक के बयान को सीरियस नहीं लेती। पीडीए को लेकर दिए विवादित बयान पर बार बोलते हुए अतुल प्रधान ने कहा कि पीडीए दलित पिछड़े व शोषित समाज की आवाज है और जो लोग दलित पिछड़ों को कुछ नहीं समझते वह ऐसे ही बयान देते हैं।

### आनंद विहार नमो भारत स्टेशन पर

# एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक ने किया चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर के साथ मिलकर एनसीआरटीसी आयोजित कर रहा है प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल ने शुक्रवार को आनंद विहार पर एक चित्रकला प्रदर्शनी, 'यंग ब्रश स्ट्रोक्स' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एनसीआरटीसी के निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस प्रदर्शनी का आयोजन एनसीआरटीसी द्वारा इंटरनेशनल इंस्ट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स आईआईएफए के साथ भागीदारी में किया जा रहा है।

स्टेशन के कॉनकोर्स लेवल पर आयोजित इस प्रदर्शनी में इंस्टयूट के छात्र-छात्राओं के साथ वहां की फैकल्टी भी अपनी चित्रकला प्रदर्शित कर रहे हैं। इस प्रदर्शनी का आयोजन आनंद विहार नमो भारत स्टेशन के अनपेड एरिया में किया जा रहा है, जिस से दर्शक बिना किसी शुल्क के इसका अनुभव कर सकेंगे। गोयल ने प्रदर्शित कलाकृतियों को देखने के साथ उन्हें बनाने वाले कलाकारों से बातचीत भी की और उनके विजन को समझा। कलाकारों ने अपनी कला को हजारों लोगों के साथ साझा करने के लिए उन्हें यह मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी। एनसीआरटीसी का प्रयास है कि नमो भारत स्टेशनों को यात्रा के केवल एक स्टॉप के बजाए एक जीवंत, सामाजिक केंद्र में परिवर्तित कर यात्रियों की यात्रा को और सुखद बनाया जाए।

इस श्रृंखला में हर शुक्रवार की शाम 6 बजे से आनंद विहार स्टेशन पर नमो भारत अनप्लग्ड-म्यूजिकल फ्राइडेज के सीजन 2 का आयोजन भी किया जा रहा है। म्युजिकल फ्राइडे स्कूल, कॉलेजों और एनसीआर के अन्य उभरते संगीत बैंड्स या एकल कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक मंच प्रदान करता है, जहां वे पिछले एक महीने से अपने संगीत से एक साथ हजारों श्रोताओं का दिल जीत रहे हैं। साथ ही, दिन के अंत में



थककर लौटते हुए यात्रियों का मनो. रंजन कर उन्हें भी एक मौका देता है कि वे दो पल ठहर कर, अपने तनाव भूल कर, एक खूबसूरत शाम का आनंद ले सकें। अब इसी के साथ यात्री इस चित्रकला प्रदर्शनी का भी आनंद ले पाएंगे। गोयल एवं एन सी आर टी सी के वरिष्ठ अधिकारियों ने म्युजिकल फ्राइडे की संगीत मय शाम का भी आनंद लिया। मेरठ के आईआईएमटी कॉलेज के बैंड, राबता के कलाकारों ने वहां मौजूद सभी श्रोताओं को अपनी धुनों पर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इनके साथ ही, एकल कलाकारों, सुश्री रुपल, सुश्री साक्षी और सैम ने भी अपनी प्रस्तुतियां दीं जिन्हें श्रोताओं ने बेहद पसंद किया और सराहा। नमो भारत अनप्लग्ड लाइव म्यूजिकल फ्राइडे के इस संस्करण में शुरु किए गए। नए सेगमेंट, ऑन-द-स्पॉट अंताक्षरी में भी श्रोताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इस शाम को सभी के लिए यादगार बना दिया। एन सीआर टी सी अपनी इन पहलों से न केवल नमो भारत स्टेशनों को जीवंत बना रहा है बल्कि एक मंच प्रदान कर रहा है। जहां कलाकार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कला को एक साथ हजारों लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर पा रहे हैं। हर शुक्रवार शाम इनका लुत्फ उठाने जुटने वाली यात्रियों की बड़ी संख्या साक्षी है कि लोग एनसीआरटीसी के इन प्रयासों को बेहद पसंद कर रहे हैं।

## बाग में आम तोड़ने गई किशोरी प्रेमी संग फरार, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर के एक मोहल्ला के रहने वाली नाबालिग किशोरी बहसूमा थाना क्षेत्र के एक गांव के आम के बाग में आम तोड़ने गई किशोरी को वहां काम कर रहे युवक से प्यार हो गया और जीने मरने की कसम खा ली। जब बाग मालिक को पता लगा तो किशोरी के परिजनों को किशोरी को बाग में न आने की नसीहत दे दी। लेकिन उसे यह क्या पता था कि बाग में काम कर रहे युवक किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाएगा। परिजनों ने आरोपित युवक के खिलाफ बहला फुसलाकर ले जाने तथा पोस्को में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने बताया कि कस्बे के एक मोहल्ले के रहने वाली नाबालिग किशोरी कस्बा रामराज के समीप स्थित एक बाग में मजदूरी पर आम तोड़ने के लिए गई थी। लेकिन वहा पर मौजूद फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला श्याम सिंह पुत्र रामलाल से प्यार हो गया और जीने मरने की कसम खा ली। जब इस मामले में बाग मालिक को पता लगा तो किशोरी के परिजनों को बाग में न आने की नसिहत दे दी। लेकिन आरोपित युवक श्याम सिंह नाबा. लिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी का कहना है कि जल्द ही किशोरी को बरामद कर परिजनों को सौंपा जाएगा।

# बीजेपी सरकार में सरकारी विभागों में हो रहा है निजीकरण

■ आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पर किया विरोध प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सूद ने एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि उत्तर प्रदेश में सरकारी जैसे स्थानीय निकाय नगर निगम, नगर पालिका, बैंक व बिजली विभाग में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति ठेके के आधार पर की जा रही है। जिसका भीम आर्मी विरोध करती है उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को बड़े स्तर पर शोषण हो रहा है कर्मचारी दलित समुदाय के होते हैं इसी का फायदा उठाकर स्थाई कर्मचारी इनका शोषण कर रहे हैं और उन्हें आर्थिक हानि पहुंचा रहे हैं उन्होंने मांग की है कि नगर निगम में 2415 स्थाई कर्मचारियों की ठेका प्रथा समाप्त की जाए और उनकी संविदा बहाल की जाए। मेरठ महानगर में मानक के अनुसार सफाई कर्मचारियों की भर्ती हो। वर्ष 1992 के बाद लगे कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। सफाई कर्मचारियों का नाम बदलकर स्वस्थ सैनिक किया जाए। इलाज करने के लिए मेडिकल लीव का आदेश किया जाए। बिजली कर्मचारियों को बिजली की लाइन पर कार्य करते समय सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं इसके अलावा भी उन्होंने अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

# जमीनी विवाद में भाइयों में चले चाकू

## थाने पहुंचा घायल पीड़ित हुआ बेहोश, पुलिस ने कराया भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के गांव जाहिदपुर में भाइयों में जमीन विवाद हो गया। इस विवाद में चाकू. बाजी शुरू हो गई। इस चाकूबाजी में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में युवक थाने पहुंचा घायल थाने में बहोश होकर गिर गया, आनन फानन में पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में उपचार कराया। पीड़ित ने थाने में भाई व मामा के खिलाफ तहरीर दी है। गांव जाहिदपुर निवासी आसित उर्फ चीनू गर्ग ने बताया की जमीनी बंटवारे को लेकर उसका स्वजनो से विवाद चला आ रहा है, पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है ओर उसे जहरीला पदार्थ देने दिया गया था। गुरूवार की दोपहर वह घर जा रहा था



जेसे ही वह घर के पास पहुंचा तो उसके भाई निक्की गर्ग व मामा प्रदीप ने उसे रोक लिया, ओर उसके साथ गाली गलोज करने लगे, विवाद इतना बढ़ गया कि आक्रोशित भाई निक्की, व मामा ने अचानक उसके ऊपर चाकू से वार करना शुरू कर दिया। इस वारदात में चीनू गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवक जान बचाकर लहुलुहान हालत में थाने पहुंचा। हालत गंभीर होने के कारण युवक बहोश होकर थाने में गिर गया, करीब 15 मिनट थाने में ही पड़ा तड़पता रहा, उसके बाद घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल भेज दिया। वहीं, परिजन भी थाने पहुंचे चीनू की मां रेनू ने आरोप लगाया की बेटा शराब पीकर आता है ओर मारपीट करता है, आज भी उसने उसके साथ मारपीट की। जिसको लेकर विवाद हुआ है। पीड़ित ने भाई, मामा के खिलाफ तहरीर देकर बताया की उसके तीन जगह पीठ, गुप्तांग के पास पेट में चाकू मारे गये है, इतना ही नही उसे जान से मारने के इरादे से सिर में हमला किया है। इंस्पेक्टर लोहियानगर योगेश चंद का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# डी फार्मा के छात्र पर जानलेवा हमला

## हालत गंभीर, घायल के भाई ने थाने में दंबगों के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना भावनपुर क्षेत्र के ग्राम जेई निवासी मेडिसिन डी फार्मा के छात्र पर दबंगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, हमले में युवक की आंख को चोट पहुंची है जहां युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। देर रात गांव के ही कुछ युवकों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित छात्र के भाई मोहम्मद हसन ने थाने में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

बताया गया है कि पीड़ित छात्र हुसैन जो कि ग्राम जेई थाना भावनपुर किला मेरठ का रहने वाला है, वह खेत से काम खत्म करने के बाद जब वापस लौट रहा था, तभी घेर से गांव के ही दबंग उसे उठाकर



ले गए और आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला बोल दिया। पीड़ित के भाई ने आरोप लगाते हुए बताया कि हमलावरों के पास धारदार हथियार तमंचे और लोहे की रोड से जानलेवा हमला किया है। जिससे पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश होकर मौके पर गिर गया। इसके बाद हमलावर छात्र को मरा हुआ समझकर मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसको इलाज नही मिलने पर पीड़ित को जिला अस्पताल लाया गया है, जहां पीड़ित का इलाज चल रहा है। हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की आंख फूटने की बात भी सामने आ रही है। पीड़ित के भाई मोहम्मद हसन ने थाना भावनपुर में तहरीर देकर आरो. पियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना भावनपुर प्रभारी ने दबंग युवकों की तलाश शुरू कर दी है आरोपियों पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

## गर्मी से परेशान हो रहे हैं लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद में भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं बिजली भी अपने नखरे दिखा रही है। लोगों का कहना है कि दोपहर के समय घर से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया है। वहीं कई बीमारी से लोगों को परेशानी हो रही है। डाक्टरों का कहना है कि गर्मी में बाहर से आकर फ्रिज का पानी लोगों को बीमार कर रहा है। सुबह उठते ही सूर्य देव आक्रमण रूप धारण कर लेते है और शाम होने तक रहते हैं। बारिश न होने से लोग परेशान है। जल्द बारिश होगी।

## सूदखोर से बाइक लेने गए युवक पर चाकू से हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लोहिया नगर क्षेत्र के हाजीपुर गांव में सूदखोर से बाइक छुड़ाने पहुंचे युवक पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू लगने से युवक घायल हो गया। पीडित ने थाने में तहरीर देकर कारवाई की मांग की है। एवन कालोनी हुमायूनगर निवासी माजिद ने बताया की सूदखोर आफाक के पास उसने पांच माह पूर्व अपनी बाइक 25 हजार में गिरवी रख दी थी, सूदखोर के तीस हजार रूपये हो गये थे, गुरूवार को वह अपनी बाइक छुड़ाने के लिए पहुंचा तो उसने बाइक देने से मना कर दिया, ओर बाइक को सौदा पचास हजार रूपये में कर दिया, उसने कहा की कि तीस हजार रूपये काटकर बीस हजार रूपये वापस दे दो, आरोप है कि बीस हजार रुपये मांगने पर आफाक ने अपने भाई आफताब के साथ मिलकर मारपीट कर उस पर चाकू से हमला कर दिया, चाकू कमर, कान पर लगने से वह घायल हो गया, पीड़ित का कहना है कि वह किसी तरहा जान बचाकर वहां से भागकर थाने पहुंचा, पुलिस ने घायल को अस्पताल भेज दिया व जांच में जुट गई है।

## मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने पर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कालोनी गली नंबर चार निवासी शाहबाज ने बताया की उसके पड़ोस में लईक रहता है, उसकी पीकप गाड़ी मकान के सामने खड़ी रहती है, गुरूवार की देर रात उसके भाई इबराहिम ने मकान के सामने गाड़ी खड़ी करने का विरोध किया तो लईक गाली गलोज करने लगा, शोर की आवाज सुनकर दोनो पक्षो के लोग लाठी डंडे लेकर आमने सामने आ गये, देखते ही देखते दोनो पक्षो में जमकर मारपीट पथराव शुरू हो गया, पथराव होते देख कालोनी में भगदड़ मच गयी, सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया, पुलिस ने घायलो को उपचार के लिए भेज दिया है।

### पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न

# अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार बने मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अशोक कुमार अध्यक्ष व नितिन कुमार मंत्री चुने गए। चुनाव पर्यवेक्षक नरेन्द्र शर्मा, शीतल त्यागी, ओमकार सिंह की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे कुल 55 शिक्षक मतदाताओं में 52 मतदाताओं ने भाग लिया जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अशोक कुमार को 38 मत व अरुण कुमार को 14 मत मिले। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार चुने गये वही मंत्री पद पर नितिन कुमार को निर्विरोध चुना गया। वहीं महिला मनीषा, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार, उपाध्यक्ष अजय कुमार, लेखाकार ऋषि कुमार, संयुक्त मंत्री सतेन्द्र कुमार व सुनीता लेखा परीक्षक



पद पर चुने गए। इस मौके पर कुलदीप चौधरी, मनोज कुमार शर्मा, विनय कुमार, राहुल कुमार, सोमवीर सिंह, कुलदीप ज्ञानेश्वर, संजय, शिवकुमार, शिखा शर्मा, ममता अग्रवाल, रीना शर्मा, मुकेश कुमार, धर्म सिंह, अजय कुमार, महेन्द्र कुमार, अब्दुल बारी, वसीम, अमित गोतम, शैलेन्द्र, अबरीश, संध्या, प्रदीप, मुनेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर्व व कांवड़ यात्रा सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता: थाना प्रभारी जानी खुर्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** आगामी कावड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने बताया कि जानी पुलिस पूरी तरह से कांवड़ यात्रा और मोहर्रम पर्व को सकुशल संपन्न करने के लिए तैयार है। इसके लिए हमें जनता का भी सहयोग लेना पड़ेगा जिससे हमारे पुलिस को एक तरह से ढाल मिलेगी। जनता का सहयोग पुलिस के लिए एक मुफीद की तरह है। जनता और पुलिस मिलजुल कर ही हर परेशानी का समाधान निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांव रसूलपुर धौलडी में मोहर्रम पर्व को लेकर सभी धर्म के लोगों से उन्होंने पहले ही वार्ता कर ली है। मोहर्रम पर्व पर हर चौराहों और इमामबारगाहों पर पुलिस पिकेट लगी रहेगी। क्षेत्र में अगर कोई भी माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकाले पर सभी को निर्देश दिए हैं कि ज्यादा ऊंची ताजिया ना निकालें क्योंकि बिजली की तारों से खतरा रहता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कोई भी हथियार व आपत्तिजनक संगीत नहीं बजाएगा और ना ही ज्यादा ऊंची कांवड़ लेकर जाएगा।



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते थाना प्रभारी निरीक्षक।

## लिसाड़ी गेट में युवक से मोबाइल लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के अहमदनगर में मोबाइल पर बात करते जा रहे युवक से दो बदमाश मोबाइल लूटकर फरार हो गये, मोबा. इल की कीमत सत्तर हजार रूपये बताई जा रही है, पीड़ित ने थाने में शिकायत की तो पुलिस ने लूट की तहरीर बदलवाकर गुमशुदगी दर्ज की है। सुहेल गाडन निवासी सलमान पुत्र उस्मान ने बताया की वह किसी काम से कांच के पूल पर जा रहा अहमदनगर गली नंबर दस पर उसका फोन आ गया वह फोन पर बात करता हुआ जा रहा था उसी दौरान पीछे से दो बदमाश आए ओर झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लेकर फरार हो गये, उसने बदमाशो का पीछा भी किया लेकिन बदमाश पैदल ही गली के रास्ते फरार हो गया। पुलिस ने लूट की घटना को गुमशुदगी में दर्ज किया है।

# ट्रक ड्राइवर ने पहली पत्नी को मृतक बता रचाई दूसरी शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट में एक मामला सामने आया है जहां एक ट्रक ड्राइवर ने अपनी पत्नी को मृतक बता कर दूसरी शादी कर ली। आरोपी लिसाड़ी गेट क्षेत्र के नूर नगर इलाके का रहने वाला है महिला ने गुरुवार की रात में रोती हुई लिसाड़ी गेट थाने पहुंचकर आरोपी पति के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है पुलिस मामले की जांच कर रही है। नूर नगर समर गार्डन का रहने वाला खुर्शीद आलम ट्रक ड्राइवर है खुर्शीद आलम की मुलाकात गोरखपुर की रहने वाले शफीक से डेढ़ साल पहले हुई शफीक भी गाड़ी चलाता है और खुर्शीद आलम का शफीक के घर आना जाना हो गया इस दौरान खुर्शीद की मुलाकात शफीक की मम्मी जैनब से हो गई दोनों में धीरे-धीरे बात होने लगी और दोनों में नजदीकियां बढ़ गई। खुर्शीद ने बीते एक साल पहले जैनब से अपनी पहली पत्नी को मरा बात कर उसके परिवार की सहमति के बाद शादी कर ली और खुर्शीद आलम जैनब को माड़ी चौक थाना भगवानपुर जनपद रुड़की में एक किराए के मकान पर लेकर रहने लगा जैनब के अनुसार चार महीने पहले खुर्शीद आलम नहा रहा था इसी दौरान उसका फोन बाहर था जिस पर एक कॉल आई जैनब ने फोन उठाया तो उसने एक महिला की आवाज सुनी जैनब ने पूछा कौन महिला बोली खुर्शीद की पत्नी बोल रही है इतना सुनते ही उसके होश उड़ गए इसके बाद जैनब ने खुर्शीद से इसका विरोध किया तो खुर्शीद ने जैनब के साथ गाली-गलौज मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता चार महीने से किराए के मकान में रहकर खुर्शीद का इंतजार कर रही थी। गुरुवार की रात में लिसाड़ी गेट थाने पहुंची और खुर्शीद के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर इंसाफ मांगा है तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है वहीं जैनब का आरोप है कि खुर्शीद ने उससे झूठ बोलकर शादी की उसको तीन बच्चे हैं और उसकी पत्नी का नाम सलमा है।

# महामंडलेश्वर दीनबंधु दास ने शिव सती की महापावन कथा का किया वर्णन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के बढ़ला रोड स्थित बालाजी कॉलेज में चल रही कथा के सातवें दिन कथा में पूज्य महाराज महामंडलेश्वर श्री दीनबंधु दास जी ने महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का वर्णन करते हुए बताया महाप्रभु जी के महाभोग को जो भी दोनों हाथ पसार कर प्राप्त करता है वह साक्षात् महाप्रभु जी के दर्शन करने मात्र का पुण्य प्राप्त करता है। साथ ही महाराज जी ने शिव सती की महापावन कथा का वर्णन करते हुए को भक्तों को भाव विभोर किया। इस पावन अवसर पर श्री बाला जी कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संस्थापक गौरव गिरी और शिव शक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष यतिन गर्ग, नितिन मित्तल, भरत अग्रवाल आर्यवीर शौर्य,




सौरभ मित्तल, दिव्यांश मित्तल, संजीव दबाथला, शिवकुमार गर्ग, वरुण राणा, डॉ. शोभित कुमार सहित सैंकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# विवादित ब्यानों के सहारे जिंदा है संगीत की सियासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में भाजपा से दो बार के विधायक रहे संगीत सोम आए दिन अगर विवादित बयान न दें तो उत्तर प्रदेश की सियासत अब अधूरी सी लगती है। बात-बात पर विवादित बयान देने वाले संगीत सोम कभी हिंदू-मुस्लिम, कभी गाय तो कभी देश की एकता और अखंडता के प्रतीक अन्य धार्मिक आयोजनों पर भी उंगली उठाते रहते हैं। इस बार उन्होंने सरधना में आयोजित मेला बूढ़ा बाबा पर भी अपना विवादित बयान देकर उसे सनातनियों का मेला बता दिया है और अखिलेश यादव को भी मुगलिया सल्तनत से जोड़कर अजीबोगरीब बयान देते हुए कहा कि वह मुगलिया सल्तनत के आखिरी शासक हैं और अखिलेश का पीडीए पाकिस्तान डेवलपमेंट अथॉरिटी है।

■ सरधना की सियासत में संगीत सोम का एक और विवादित बयान

■ अखिलेश को मुगलिया सल्तनत से जोड़ा, मेला बूढ़ा बाबा को बताया सनातनियों का मेला

इसके बाद अब जनता संगीत सोम के बयान को हजम नहीं कर रही है। लोगों का कहना है कि क्या अब संगीत सोम की सियासत विवादित बयानों पर जिंदा रह गई है। जब तक वह विवादित बयान नहीं देते तब तक वह सुर्खियों में नहीं आते। क्षेत्र में किए हुए कार्य को लेकर वह कभी बात नहीं करते हैं जब भी बात करते



पूर्व विधायक संगीत सोम

हैं तो सांप्रदायिक और माहौल खराब करने की ही बात करते है। वहीं समाजवादी पार्टी के नेताओं ने संगीत सोम के बयान की निंदा की है और कहा है कि संगीत सोम दलित पिछड़ों व शोषित समाज के लोगों से नफरत करते हैं इसीलिए वह पीडीए को लेकर अपनी मानसिकता जहिर कर रहे हैं और देश के दलित पिछड़े व शोषित समाज को पाकिस्तान से जोड़ रहे हैं।

गौरतलब है कि संगीत सोम को भाजपाई फायर ब्रांड नेता कहते हैं और संगीत सोम अपने विवादित बयानों के चलते ही प्रदेश भर में सुर्खिया बटोरते रहते हैं। 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों में भी उनका नाम आया। इस दौरान भी उन्होंने अनगिनत विवादित बयान दिए लेकिन कोर्ट से उन्हें बड़ी राहत मिली और वह इस इल्जाम से मामूली जुर्माने के साथ मुक्त हुए। संगीत सोम ठाकुर समाज के बड़े नेता हैं और चौबीसी मे उनकी मजबूत पकड़ है। वह सरधना से दो बार विधायक रहे हैं और दोनों बार उनके सामने समाजवादी पार्टी से अतुल प्रधान उन्हें टक्कर देते रहे हैं। तीसरी बार में अतुल प्रधान संगीत सोम को हराने में कामयाब हुए थे। अतुल प्रधान भी समाजवादी पार्टी के मजबूत और बड़े नेता हैं। उनके साथ भी सभी धर्म के लोग जुड़े हैं। अतुल प्रधान ने कहा कि पूर्व विधायक अजीबोगरीब बयान देते हैं जिससे क्षेत्र का माहौल खराब होता है। ऐसे बयानों से पूर्व जनप्रति. निधियों को बचना चाहिए। हालांकि जनता अब पूर्व विधायक के बयान को सीरियस नहीं लेती। पीडीए को लेकर दिए विवादित बयान पर बार बोलते हुए अतुल प्रधान ने कहा कि पीडीए दलित पिछड़े व शोषित समाज की आवाज है और जो लोग दलित पिछड़ों को कुछ नहीं समझते वह ऐसे ही बयान देते हैं।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

### खेल मंत्रालय ने 'माई भारत पोर्टल पर शुरु किया व्हाट्सएप चैटबॉट

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल मंत्रालय ने भारत के युवाओं के लिए डिजिटल जुड़ाव बढ़ाने और सेवाओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के एक प्रगतिशील कदम के तहत 'माई भारत' पोर्टल के साथ व्हाट्सएप एकीकरण शुरू किया है। व्हाट्सएप चैटबॉट अब माई भारत पोर्टल पर लाइव है और इसे सीधे व्हाट्सएप (7289001515) के द्वारा भी इस्तेमाल किया जा सकता है। यह मंच बातचीत करने का अधिक आसान, वास्तविक समय और उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीका प्रदान करता है। इसमे सभी पंजीकृत माई भारत उपयोगकर्ताओं को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम, स्वयंसेवा के अवसर, सीवी निर्माण, मेंटरशिप, संगठन में शामिल होने किसी भी मुद्दे की रिपोर्ट करने और माय भारत सहायता तक पहुंचने की सुविधा मिलती है। व्हाट्सएप चैटबॉट में सत्र शुरू करने के लिए व्यक्ति को 7289001515 नंबर पर 'हॉय' संदेश भेजना होगा।

### हैम्पशायर ने टी-20 ब्लास्ट के लिए लिन को किया अनुबंधित

**लंदन, वार्ता।** हैम्पशायर ने अपने शेष टी-20 ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को अनुबंधित किया है। हॉक के पास ग्रुप चरण में छह और गेम हैं और लिन का आगमन दक्षिण अफीकी जोड़ी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और डेवाल्ड ब्रेविस के अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित करने के बाद हुआ है। दक्षिण अफीका को 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है। लिन ने नॉर्थम्पटनशायर स्टीलबैक के लिए पहले ब्लास्ट में खेला है और इस प्रारूप में आठ हजार से अधिक रन के साथ 292 टी-20 मैच खेले हैं।

# आईसीसी ने 6 नियमों में बदलाव किए

**● खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाने की कवायद: टेस्ट में 60 सेकेंड में ओवर शुरू करना होगा, दो चेतावनी के बाद 5 रन कटेंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने हाल ही में पुरुष क्रिकेट के 6 नियम बदले हैं, ताकि खेल को ज्यादा तेज, निष्पक्ष और रोचक बनाया जा सके। टेस्ट क्रिकेट में ये नियम नई वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (2025-27) के लिए लागू हो चुके हैं। वहीं, सीमित ओवर (वनडे और टी-20) फार्मेट में ये नियम 2 जुलाई 2025 से प्रभावी होंगे। आईसीसी ने सभी देशों से नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी साझा की है। आईसीसी ने टेस्ट क्रिकेट में अब स्टाप क्लाक नियम लागू करने का फैसला किया है। इसके तहत फील्डिंग टीम ओवर शुरू करने में 60 सेकेंड से अधिक देर करती है तो उसे दो बार वार्निंग दी जाएगी। इसके बाद भी अगर यह नियम टूटा तो पेनल्टी के तौर पर उसके 5 रन काट लिए जाएंगे। टी-20 और वनडे क्रिकेट में यह नियम एक साल पहले ही लागू हो चुका है। आईसीसी ने तीनों फार्मेट के लिए शार्ट रन का नियम भी बदला है। जानबूझकर शार्ट रन लेने पर पहले 5 रन का जुर्माना लगता था। अब अगर बल्लेबाज एक्स्ट्रा रन चुराने के लिए जानबूझकर रन पूरा नहीं करता तो अंपायर फील्डिंग टीम से पूछेंगे कि वे पिच पर मौजूद दोनों में से किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर चाहते हैं। 5 रन के जुर्माना वाला नियम भी लागू रहेगा। गेंद पर सलाइवा (लार) लगाने पर बैन जारी रहेगा। हालांकि, गलती से सलाइवा लगाने पर बाल बदलना अनिवार्य नहीं होगा। अंपायर सिर्फ तभी गेंद बदलेंगे, जब उसकी स्थिति में भारी बदलाव हो, जैसे कि गेंद बहुत गीली हो या उसमें एक्स्ट्रा चमक हो। यह फैसला अंपायर के विवेक पर निर्भर होगा। अगर उसे लगता है कि गेंद की स्थिति में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है तो इसे नहीं बदला जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। आईसीसी ने कोरोना काल (2020) के दौरान गेंद पर लार लगाने को बैन कर दिया था। आईसीसी ने कैच का नियम भी बदला है। अगर कैच आउट रीव्यू में गलत साबित होता है, लेकिन गेंद पैड पर लगी हो तो टीवी अंपायर एलबीडब्ल्यू की भी जांच करेंगे। अगर बैटर एलबीडब्ल्यू आउट है तो उसे आउट दे दिया जाएगा। यह नियम भी तीनों फार्मेट के लिए है। साफ्ट सिग्नल (अंपायर का लिया रिव्यू) लिया गया है और नो बाल पर कैच पर सही है तो बल्लेबाजी टीम को नो-बाल का एक रन एक्स्ट्रा मिलेगा। कैच सही नहीं है तो नो बाल का एक रन और दौड़कर बनाए गए रन भी मिलेंगे। पहले कैच के डाउट होने पर फील्ड अंपायर थर्ड अंपायर को रैफर करता था और टीवी अंपायर बताता था कि ये नो बाल थी, तो कैच की जांच नहीं होती थी। लेकिन अब उसकी जांच की जाएगी।

# भारत में होंगे 2029 के विश्व पुलिस और अग्निशमन सेवा खेल

**● भारत ने मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की, इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में होगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन सेवा खेलों की वर्ष 2029 की मेजबानी से संबंधित बोली में जीत हासिल की है और इन खेलों का आयोजन अहमदाबाद में किया जायेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को स्वयं इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर दी।

उन्होंने कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है। भारत ने 2029 में होने वाले विश्व पुलिस और अग्निश्मन सेवा खेलों 2029 की मेजबानी के लिए बोली जीत ली है। बर्मिंघम में आयोजित समारोह में भारत ने वियतनाम को पछाड़कर इन खेलों के लिए बोली जीती। यह प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट गुजरात के अहमदाबाद शहर में आयोजित किया जायेगा। इससे भारत में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई मिलेगी और विश्वभर के पुलिस और अग्निश्मन सेवा के खिलाड़ियों के लिए यह भव्य मंच साबित होगा। शाह ने भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन सेवा खेल 2029 की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन खेलों की मेजबानी मिलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विस्तृत खेल ढांचे के निर्माण की वैश्विक मान्यता को दर्शाता है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत को प्रतिष्ठित विश्व पुलिस और अग्निश्मन खेल 2029 की मेजबानी मिलना हर भारतीय के लिए गौरव का क्षण है।

# टी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया से बदला लिया: रोहित शर्मा



**● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा पूरी टीम के मन में था**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया को हराने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा सुपर-8 मैच में ऑस्ट्रेलिया को हारकर पूरी टीम ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल का बदला लिया था।

रोहित शर्मा ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवम्बर की फाइनल हार का गुस्सा उनके और पूरी टीम के मन में था। इसके बाद टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हराया था। इस मैच में रोहित ने 92 रनों की पारी खेली थी। जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। रोहित रोहित ने कहा 2023 वर्ल्ड कप में हमने शानदार खेल दिखाया लेकिन फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने हमें हरा दिया। 19 नवम्बर की चिढ़न हमेशा से मेरे और टीम के मन में थी। उन्होंने कहा, गुस्सा तो हमेशा था।

ऑस्ट्रेलिया ने हमारा 19 नवम्बर खराब कर दिया था। ड्रेसिंग रूम में 2023 फाइनल की बात होती थी टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच पर रोहित ने बताया, ड्रेसिंग रूम में हम इस बारे में बात करते थे। मन में ये ख्याल तो रहता है, लेकिन जब आप बल्लेबाजी करने उतरते हैं, तो इन सबके बारे में ज्यादा नहीं सोचते। हमने पहले पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 205/4 का स्कोर बनाया।

# सीनियर्स हारे, पर भारतीय अंडर-19 ने इंग्लैंड को धोया



**● 442 रनों के जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस 211 रन पर हो गई ढेर**

**होव, वार्ता।** भारत की अंडर-19 टीम इन दिनों इंग्लैंड के दौरे पर है, जहां उन्हें इंग्लैंड की अंडर-19 टीम के खिलाफ पांच मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसकी शुरुआत आज होव में होगी। उससे पहले 24 जून को भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड के यंग लायंस के खिलाफ 50 ओवर का प्रैक्टिस मैच खेला। इस मैच में भारत के युवा खिलाड़ियों ने इंग्लैंड की टीम को धो दिया। आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली टीम ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 442 रन बनाए।

जवाब में इंग्लैंड यंग लायंस की टीम 41.1 ओवर में 211 रन पर सिमट गई। भारतीय अंडर-19 टीम ने इसी के साथ इंग्लैंड यंग लायंस पर 231 रन की जीत के साथ इंग्लैंड की अंडर-19 टीम को चेतावना दे दी है कि उन्हें हल्के में लेने की कोशिश न करें। भले ही सीनियर टीम इंग्लैंड की सीनियर टीम के खिलाफ लीड्स टेस्ट हार गई हो, लेकिन आयुष म्हात्रे एंड कंपनी का इरादा कुछ और ही है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और 33 रन तक टीम ने अपने दोनों ओपनर्स के विकेट गंवा दिए थे। कप्तान म्हात्रे एक रन और 14 साल के वैभव सूर्यवंशी 17 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद विहान मल्होत्रा और मौलयाराजसिंह चावड़ा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। विहान 31 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, चावड़ा ने 18 गेंद में पांच चौके की मदद से 23 रन की पारी खेली। अभिज्ञान कुंडू छह रन बनाकर आउट हुए। एक तरफ जहां भारतीय सीनियर टीम के लोअर आर्डर ने लीड्स टेस्ट में निराश किया था, वहीं दूसरी तरफ भारतीय अंडर-19 के लोअर आर्डर ने तूफान मचा दिया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए राहुल कुमार और इसके बाद आए कनिष्क चौहान ने छठे विकेट के लिए 140 रन की साझेदारी निभाई। राहुल 60 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 73 रन और कनिष्क 67 गेंद में पांच चौके और पांच छक्के की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए अंब्रिश ने 47 गेंद में छह चौके और चार छक्के की मदद से 72 रन की पारी खेली। हालांकि, पार्टी इसके बाद शुरू हुई। लाफबोरो में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हरवंश पंगलिया नाम की आंधी आई। जब वह बल्लेबाजी के लिए उतरे तो भारत का स्कोर सात विकेट पर 251 रन था। 52 गेंद पर आठ चौके और नौ छक्के की मदद से 103 रन जड़ दिए। वह नाबाद रहे। मोहम्मद एनान चार रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेनिल पटेल एक रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह भारत ने 50 ओवर में नौ विकेट पर 442 रन बनाए।

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के चार विकेट झटक कर मैच पर पकड़ बनाई

**दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 92 रन पर चार विकेट हुए**

**बारबाडोस, वार्ता।** तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर जेडन सील्स की अगुवाई में वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 92 रन के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बना ली है।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने बल्लेबाज शाई होप (48) और कप्तान रोस्टन चेस (44) के बीच जुझारू साझेदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी में बनाये गये स्कोर के आधार 10 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और उसने 27 के स्कोर पर उस्मान ख्वाजा (15) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद 34 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया का दूसरा विकेट सैम कॉन्स्टास (पांच) रन के रूप में गिरा। जॉश इंग्लिस (12) को जेडेन सील्स ने बोल्ड आउट किया। कैमरन ग्रीन (15) को जस्टिन ग्रीव्स ने रॉस्टन चेज के हाथों कैच आउट कराया। ऑस्ट्रेलिया 65 रन पर चार विकेट गवां कर दबाव में थी। ऐसे संकट के समय ट्रैविस हेड और ब्यू वेबस्टर की जोड़ी ने पारी को संभाला और दिन का खेल समाप्त होने के समय तक चार विकेट खोकर 92 रन बना लिए। स्टंप के समय बो वेब्स्टर (नाबाद 19) और ट्रैविस हेड (नाबाद 13) क्रीज पर मौजूद थे। वेस्टइंडीज की ओर से जेडेन सील्स, शमार जोसेफ, अल्जारी जोसेफ और जस्टिन ग्रीव्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# विंबलडन चैंपियन क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर



**लंदन, वार्ता।** विंबलडन चैंपियन बारबा.ेरा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमश: पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया।

क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया। दो बार की प्रमुख एकल चैंपियन क्रेजिकोवा ने बुधवार को शुरू में समस्या महसूस की जो रात भर में और खराब हो गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि मुझे नाम वापस लेने का बहुत दुख है, क्योंकि मेरी दाहिनी जांघ में कुछ दर्द है। मुझे लगता है कि अगले कुछ दिनों में विंबलडन के साथ आराम करना और यह देखना बेहतर होगा कि क्या हो रहा है और उसका समाधान करना है। क्रेजसिकोवा मंगलवार को विंबलडन में मौजूदा महिला चैंपियन के रूप में खेल की शुरुआत करेंगी, ने पीठ की चोट के कारण लंबे समय तक आराम करने के बाद इस साल सिर्फ छह मैच खेले हैं। वह पिछले सप्ताह क्वींस में अपना पहला राउंड मैच हार गई थी, फिर उसने डार्ट और बरेज दोनों के खिलाफ मैच प्वाइंट बचाए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में इटली की जैस्मीन पाओलिनी को हराया था।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार

**लिस्बन, वार्ता।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है, जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसम्बर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा कि एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

# आईओसी ने 2036 ओलंपिक की बिडिंग प्रोसेस रोकी

**प्रसिडेंट ने कहा कि मेजबान चुनने का सही समय नहीं भारत ने 8 महीने पहले दावेदारी पेश की थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंटरनेशनल ओलिंपिक काउंसिल (आईओसी) ने 2036 ओलिंपिक गेम्स की मेजबानी की बिडिंग प्रोसेस पर रोक लगा दी है। इससे गेम्स के लिए भारत की मेजबानी पर फैसला टल गया है।

आईओसी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कावेंट्री ने कहा कि एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सभी सदस्यों ने इस प्रोसेस को रोकने और इसकी समीक्षा करने का फैसला लिया है।

हम इस पर दोबारा विचार करने के लिए एक कार्य समूह गठित करेंगे।श 41 साल की क्रिस्टी लुसाने में एग्जीक्यूटिव बोर्ड की पहली बैठक ली। पिछले साल एक अक्टूबर को भारत सरकार ने एक अक्टूबर को लेटर आफ इंटेंट के जरिए आईओसी से गेम्स का आयोजन कराने की इच्छा जाहिर की थी। इस पर अगले साल तक फैसला होने की उम्मीद की जा रही थी। 2032 तक के मेजबान तय हैं, 2036 के लिए बिडिंग होगी 2032 तक के ओलिंपिक मेजबान तय हो चुके हैं। 2032 की मेजबानी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर को दी गई है। जबकि 2028 के ओलिंपिक लास एंजिलिस में होने हैं। अब तक 2 एशियाड, एक कामनवेल्थ गेम्स करा चुका है भारत भारत अब तक 3 मल्टी स्पोर्ट्स गेम्स की मेजबानी कर चुका है।

देश ने आखिरी बार 2010 में कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की थी। इससे पहले भारत में 1982 और 1951 के एशियन गेम्स भी कराए जा चुके हैं।

# विंडीज के सील्स पर लगा जुर्माना



**● सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमान जनक भाषा के प्रयोग का दोषी पाया गया**

**बारबाडोस, वार्ता।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी के आज एक बयान के अनुसार सील्स को खिलाड़ियों और उनके सहायक कर्मियों के लिए अपमानजक भाषा, क्रियाकलाप तथा हाव-भाव से आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

इसके तहत उन पर मैच फीस के 15 प्रतिशत जुर्माने के अलावा अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। यह पिछले 24 महीने की अवधि में उनका दूसरा अपराध है। यह घटना बुधवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पारी के 55वें ओवर में उस समय हुई जब कप्तान पैट कमिंस को आउट करने के बाद सील्स ने उन्हें पवेलियन की ओर इशारा किया। इससे पहले तीन दिसंबर 2024 को जमैका में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में सील्स को इसी तरह के अपराध के लिए दोषी पाये जाने पर एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया था। सील्स ने अपराध और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के जवागल श्रीनाथ द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया।

# विश्वकप की तैयारियों का आगाज करेगी भारतीय टीम

**इंग्लैंड से आज होगा टी-20 मैच में सामना**



**नाटिंघम, वार्ता।** अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत के लिए भारतीय महिला टीम के पास इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से अच्छा मौका नहीं होगा।

हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली टीम आगामी पांच मैचों की सीरीज के जरिये इंग्लैंड की प्लेइंग कंडीशंस में खुद को ढालना चाहेगी। यहां दोनों का तीन वनडे मैचों की सीरीज में भी आमना-सामना होना है। विश्व कप के आयोजन में अभी लगभग एक साल का वक्त है, लेकिन पिछले साल ग्रुप चरण में बाहर होने वाली भारतीय टीम के लिए यह सीरीज बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम प्रबंधन इंग्लैंड की पिचों की प्रख्रति और बदलते मौसम का खेल पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन करना चाहेगा। टीम प्रबंधन को इसके साथ ही यह पता करने का भी मौका मिलेगा कि इस तरह की परिस्थितियों में किस तरह के खिलाड़ी प्रभाव डाल सकते हैं। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की वापसी के अलावा भारत ने क्रांति गौड़, श्री चरणी और सायली सतघरे जैसे कुछ नए चेहरों को अपनी टीम में शामिल किया है। पूरी संभावना है कि शेफाली को स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने का मौका दिया जाएगा, क्योंकि उमा छेत्री कुछ मैचों में सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभावित नहीं कर पाई थी। भारत का यह इस साल का पहला टी-20 मैच है और आफ स्पिन आलराउंडर स्नेह राणा और तेज गेंदबाजी आलराउंडर अमनजोत कौर की वापसी पर सबकी निगाहें रहेंगी। राणा फरवरी 2023 के बाद टीम में वापसी कर रही हैं और इस साल की महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अच्छे प्रदर्शन से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। भारत को हालांकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर की कमी खलेगी, जो चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हैं। ऐसे में टीम प्रबंधन को अपनी युवा खिलाड़ियों से अच्छा प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। भारतीय टीम की इस दौरे की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और उसे दोनों अभ्यास मैच में हार का सामना करना पड़ा। अब उसका मुकाबला नैट सिवर-ब्रंट की अगुआई वाली मजबूत टीम से होगा। इंग्लैंड की टीम में एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट, डैनी व्याट-हाज और सोफी एक्लेस्टोन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# स्थायी शांति की जरूरत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का यह कहना बिल्कुल सही है कि जब तक जटिल मुद्दों का समाधान नहीं हो जाता, तब तक चीन सीमा पर स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकती। असल में इस समय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए चीन गए हैं। गुरुवार को हुई बैठक से इतर उन्होंने चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डॉन्ग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस बैठक में स्थापित व्यवस्था को पुन: सक्रिय कर सीमा विवादों के स्थायी समाधानों पर बल दिया। शुक्रवार को भारतीय रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी किया जिसमें कहा गया कि भारत-चीन सीमा पर शांति सौहार्द बनाए रखने की बेहद जरूरत है। अच्छी बात यह है कि श्री सिंह ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए दोनों पक्षों द्वारा किए जा रहे कार्य पर संतोष प्रकट किया। रक्षा मंत्री ने सीमा प्रबंधन पर जोर दिया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने परस्पर लाभ के साथ-साथ एशिया और दुनिया में स्थिरता के लिए सहयोग बढ़ाने पर भी बल दिया। जैसाकि हम जानते हैं 2020 में सीमा पर उस समय गतिरोध उत्पन्न हो गया था, जब वहां सैनिक झड़प हो गई थी। तभी से ही अविश्वास का माहौल बना हुआ है। हालांकि अभी जमीन पर काम होना बाकी है, लेकिन जिस तरह दोनों मंत्रियों ने मौजूदा व्यवस्थाओं के माध्यम से सैनिकों की वापसी, तनाव कम करना, सीमा प्रबंधन और सीमांकन मुद्दों पर प्रगति हासिल करने के लिए विभिन्न स्तरों पर परामर्श जारी रखने पर सहयोग की बात की है वह एक अच्छा संकेत है। भारतीय रक्षा मंत्री चीन के रक्षा मंत्री के साथ ही बल्कि रूसी रक्षा मंत्री बेलारूस, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान के रक्षा मंत्रियों से भी मिल रहे हैं और आपसी सहयोग के रास्ते भी तलाश रहे हैं। साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के विषय में भी भारत के दृष्टिकोण को रख रहे हैं और बता रहे हैं कि आखिर भारत को ऑपरेशन सिंदूर अभियान क्यों चलाना पड़ रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि जिस तरह इस समय तनाव बना हुआ है, इजरायल हमास संघर्ष, रूस-यूक्रेन और अब हाल ही में ईरान-इजरायल संघर्ष से इस बात का और महत्व बढ़ गया है कि भारत चीन के बीच तनाव को कम किया जाए। क्योंकि दुनिया और अधिक तनाव झेलने की स्थिति में नहीं है अगर और कोई संघर्ष छिड़ जाता है तो यह पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि चीन व भारत अपने बीच पनप रही अविश्वास की खाई को समय के साथ-साथ बढ़ाने के बजाए इसको कम करने का काम करें। इसी में भारत चीन ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का हित छिपा है। यूं भी हम सभी ने देख लिया कि कोई भी युद्ध समस्याओं को जन्म ही देता है। किसी समस्या का समाधान देता दिखाई नहीं देता। चीन इस बात को जितनी जल्दी समझे, उतना ही बेहतर है, क्योंकि जहां तक बात भारत की है, भारत हमेशा से ही विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहा है और कभी भी उसने किसी देश पर हमला नहीं किया। यही अपेक्षा भारत दूसरे देशों से भी अपने प्रति करता है। भारत ने साफ कह दिया है कि कोई भी दोस्ती एकतरफा नहीं हो सकती। समानता के आधार पर अपनाया गया फार्मूला ही कारगर साबित होगा।


## विदेश भेजने के नाम पर रूसी सेना में भर्ती



प्रधानमंत्री मोदी के अमृत काल में विदेश भेजने के नाम पर जमकर धंधा चल रहा है और देश के युवाओं से भारी भरकम राशि वसूल कर उन्हें धोखे से यूक्रेन से लड़ने के लिए रूसी सेना में भर्ती कराया जा रहा है, अमृत काल में जिस तरह के काम हो रहे है, वह बेहद चिंताजनक है, देश के युवाओं को विदेश जाने के नाम पर बहला फुसला कर उनसे मोटी रकम ऐंठी जा रही है और उन्हें धोखे से रूस भेजकर सेना में भर्ती कर सीधे युद्ध के मैदान में भेजा जा रहा है, क्या सरकार रूस से पूछेगी कि बिना अनुमति के हमारे लोगों को वहां की सेना में भर्ती क्यों किया गया और क्या सरकार ने अपने लोगों को वापस लाने का कोई प्रयास किया है। सरकार ने धोखेबाज एजेंटों पर कार्रवाई नहीं की।

**-अमरिंदर सिंह बरार, लोकसभा सांसद, कांग्रेस**

# वो आपातकाल था तो ये क्या है...






**पवन सिंह**

अगर आप सजग न रहे तो सत्ता और मीडिया का खतरनाक गठजोड़ आपको नफरती बना देगा। मीडिया आपमें शोषक के प्रति ही सहानुभूति पैदा कर देगा और जिसका शोषण हो रहा है, उसे अपराधी करार देगा। 2014 के बाद से भारत के मेन स्ट्रीम मीडिया ने सत्ता के साथ गलबहियां करके यही किया है। मीडिया ने अघोषित आपातकाल, अन्याय, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी और शर्म जैसे विषयों को गौरव का विषय बना दिया और तुर्रा यह कि मीडिया आपको 1975 के उस आपातकाल की ओर ले गया, जिसका समर्थन ऐसे लोगों ने किया था, जो आज फर्जी राष्ट्रवाद का सिंदूर लगा कर टहल रहे हैं।

जनता के प्रति जवाबदेह न होना। 11 सालों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस न करना। उत्तर प्रदेश और बिहार में नौकरियां मांगने व रिक्त पदों को भरने की मांग को लेकर धरना दे रहे और प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं पर बर्बर लाठीचार्ज कर देना। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में प्रदर्शनकारी छात्रों को उनके किराए के मकानों में घुसकर पीटना, वरिष्ठ नागरिकों से रेल की सुविधा छीन लेना, पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर देना। किसी भी आम आदमी की पीड़ा को पूरी तरह से नजर अंदाज कर देना। इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन माना जाना चाहिए या नहीं। अखबारों और चैनलों के मालिकों को खरीद लेना। जनता के सरोकारों के विषयों/खबरों को पूरी तरह से न्यूज चैनलों से गायब कर देना इसे इमरजेंसी की किस श्रेणी में रखा जाए या यह चर्चा केवल 1975 वाली दो साल की इमरजेंसी पर ही होगी या 11 सालों से अघोषित इमरजेंसी पर होगी? अपने ही देश के नागरिकों को सत्ता के लिए आपस में लड़ाकर रखना। हेट स्पीच पर केवल एक पक्षीय कार्रवाई को अघोषित इमरजेंसी माना जाए या न माना जाए? न्यायिक व्यवस्था और उसकी न्यायिक परिभाषा को धूलधूसरित कर देना, रिटायर्ड जजों को लालच या धमकी देना और फिर पद से नवाजा जाना। यह किस तरह की इमरजेंसी के तहत आएगा?

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता वर्तमान में शून्य हो चुकी है। एक पूरी की पूरी संवैधानिक संस्था को ही लगभग खिलौना बनाकर रख देना। इसे क्या नाम दिया जाए? बार-बार वोटर लिस्ट में व्यापक गड़बड़ियां करके अपने पक्ष में खेल खिलवाना। क्या माना जाए? पहले हर विदेशी दौरों पर मीडिया साथ जाता था और उस दौरे से देश को क्या लाभ होंगे, किन-किन विषयों पर बात हुई। उसकी जानकारी साझा होती थी। यह सब 11 सालों से बंद क्यों हुआ? सिर्फ गाना-बजाना। ढोल-मंजीरा लेकर नचनिया बने पत्रकारों के झुंडों को प्रश्रय देना। इसे इमरजेंसी के खांचे में फिट किया जा सकता है कि नहीं? यूट्यूब चैनलों पर जो पत्रकार खबरों और विश्लेषणों को आम जनता से साझा कर रहे हैं। उन्हें ब्लाक क्यों किया जा रहा है? ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियां भ्रष्टाचार रोकने के अपने मूल उद्देश्य से भटक कर सत्ता बनाएं रखने में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगीं, इसे कौन सा आपातकाल माना जाए? विकास के नाम पर जंगलों को एक तरफा काट देना। लोगों की जमीनों का बल पूर्वक अधिग्रहण कर लेना। लोगों की झुग्गी-बस्तियों को बुल्डोजरों तले चंगेज खान की तरह रौंद देना। पीड़ितों पर ही FIR करा कर जेल भेज देना। आदिवासियों की सैकड़ों की संख्या में हत्या और मीडिया की आश्चर्यजनक व रहस्यमय चुप्पी को किस आपातकाल के संदर्भ में देखा जाए?

कुछ रोज पहले सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई कि लाखों बेकसूर जेलों में हैं, जो कि भयावह है। यह क्या है? एक उदाहरण पेश है-एनडीटीवी के मालिक प्रवण राय पर सरकार के इशारे पर दर्ज केस हुआ और छापा पड़ा। फिर जांच शुरू हुई। मीडिया का एक दूसरा वर्ग जो घुटने टेक कर टेकचंद बन चुका था, अब बारी एनडीटीवी की थी, क्योंकि अघोषित आपातकाल में ऊंची आवा. जें और सवाल पसंद नहीं किए जाते। लगा कि एनडीटीवी ने मालिकान ने बहुत बड़ा आर्थिक घोटाला किया है। प्रणव राय ने आखिरकार हार मान ली और एनडीटीवी एकमेव राष्ट्रीय उद्योग. पति ने टेकओवर कर लिया। धीरे-धीरे सारे असल पत्रकार वहां से भगा दिए गए या खुद ही छोड़कर चले गए। यहां तक भी ठीक था, लेकिन एकमेव राष्ट्रीय उद्योगपति के चैनल खरीदते ही प्रणव राय के केस में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल हो गई। केस खत्म हो गया।।असल सवाल वहीं का वहीं खड़ा है कि अगर प्रणव राय दोषी थे तो छूटे क्यों? अगर दोषी नहीं थे तो यह सब हुआ हुआ क्यों? 2014 के बाद आपको ऐसे दर्जनों केस मिल जाएंगे। अगर आप खिलाफ थे और विपक्ष में थे तो ईडी थी, सीबीआई थी, इनकम टैक्स था, लेकिन फिर वे सारे के सारे भ्रष्टाचारी अचानक उधर से इधर आ जाते हैं और फिर सब कुछ समाप्त। ऐसा भारत के इतिहास में कब होता था? इसे कौन सा आपातकाल माना जाए?

दरअसल, 1975 वाली घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा नाराज कौन था? घोषित इमरजेंसी से सबसे ज्यादा तकलीफ किसको थी? आम आदमी को तो कोई दिक्कत नहीं थी।।ट्रेनें एकदम राइट टाइम चलने लगी थीं, सरकारी कार्यालयों में लोग बिलकुल राइट टाइम आने लगे थे, घूस मांगने की हिम्मत जवाब दे गई थी। अनाज में मिलावट और घटतौली बंद हो गई थी। फिर परेशान कौन था? परेशान थे जमींदार। परेशान थे सामंतवादी। जमींदारों और भूस्वामियों की संपत्तियों पर आंच आई और उनका प्रभाव कम हुआ। तमाम जमीनें भूमि विहीन किसानों, खेतिहरों को मिलीं। निजी बैंक खोल कर जनता का पैसा हड़पने वाले परेशान हुए, क्योंकि 1969 में 14 प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया था (1980 में 6 और बैंकों का राष्ट्रीय करण हुआ) इससे बैंकों के दिवालिया होने का खतरा खत्म हुआ छोटे किसानों को भी कृषि, छोटे उद्योगों और ग्रामीण क्षेत्रों को ऋण प्राथमिकता से मिलने लगे और साहूकारों की दुकान बंद हुई। अब इससे नाराज कौन था? निजी बैंकर और उद्योग. पतियों ने अपना नियंत्रण बैंकों पर से खो दिया और इसे सरकारी हस्तक्षेप माना। रूढ़िवादी अर्थशास्त्री परेशान थे उनका मानना था कि इससे नौकरशाही का प्रभाल बढ़ेगा।

जबकि गरीब, किसान और समाजवादी विचारधारा वाले लोग इसे समानता और आर्थिक न्याय की दिशा में कदम मानते थे। पूर्व राजघरानों को मिलने वाले प्रिवी पर्स (विशेष भत्ते) को समाप्त कर दिया गया जो स्वतंत्रता के समय राजाओं के साथ हुए समझौते का हिस्सा था। इससे नाराज कौन था? अंतिम और अकाट्य सत्य यह है कि होमी जहांगीर भाभा की हत्या में अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA की जो भूमिका थी, वह भयावह थी। CIA की पूरी योजना ही इस आजाद देश को तबाह करने की थी और समय रहते ही रूस द्वारा इनपुट्स मिले और आपातकाल लगा। बाद में उसके लिए माफी भी मांग ली गई और आम जनता ने बाद में बंपर वोटों से वापस आपातकाल लगाने वालों को सत्ता सौंप दी।

फिलहाल उपरोक्त अनेक सुधारों से भारत के गरीबों के बीच से एक बहुत बड़ा वर्ग उभरा, वह था मध्यम और उच्च मध्यम वर्ग, जो आज 1975 को गालियां बकता हुआ वहीं पहुंच चुका है जहां से वह मध्यम वर्ग के सुख तक आया था। अब तय आपको करना है कि घोषित आपातकाल सही था या अघोषित आपातकाल। 500 रुपये और चार पूड़ी लेकर अगर आप बिना सोचे-समझे भीड़ के साथ नाच-गा रहे हैं तो फिर इसी में मस्त रहिए, क्योंकि कुछ लोगों को घी हजम नहीं हुआ करता।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# खाद्य तेल की मदद से ई-कचरे से चांदी निकालें

**हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग पांच करोड़ लैपटॉप हैं। यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबा. इल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।**

सोने के बाद चांदी सबसे कीमती धातु मानी जाती है। कई परिवारों में खुशी के मौकों पर सोने-चांदी की चेन-अंगूठियां ली-दी जाती हैं (या पहनी जाती हैं)। बेशक, चांदी सोने से सस्ती है, लेकिन जब उद्योग और ऊर्जा उत्पादन में उपयोग की बात आती है तो चांदी सोने को पछाड़ देती है। पूरे भारत में चांदी का इस्तेमाल छतों पर लगे सौर पैनलों के माध्यम से सौर ऊर्जा को कैद करने में किया जाता है। इससे पूरे देश में सालाना लगभग 108 गीगावॉट स्वच्छ एवं हरित बिजली पैदा होती है। यह मात्रा कोयले से पैदा होने वाली बिजली की लगभग 10 प्रतिशत है। इसके अलावा, भारत की लगभग 1.4 अरब आबादी द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले मोबा. इल फोन में विद्युत चालन और भंडारण के लिए चांदी का इस्तेमाल किया जाता है। हर मोबाइल फोन में लगभग 100-200 मिलीग्राम चांदी होती है। इसी तरह, एक सामान्य लैपटॉप में 350 मिलीग्राम चांदी उपयोग होती है, और वर्तमान में भारत में लगभग 5 करोड़ लैपटॉप हैं।

यदि भारत में मोबाइल फोन और लैपटॉप इतनी संख्या में हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि पूरी दुनिया में इनकी संख्या कितनी होगी। अनुमान है कि मोबाइल-लैपटॉप या ऐसी ही अन्य चीजों में पूरे विश्व में लगभग 7275 मीट्रिक टन चांदी लगती है, लेकिन (इन उपकरणों के खराब होने पर इनसे) बमुश्किल 15 प्रतिशत चांदी ही वापस निकालकर पुनर्चक्रित की जाती है।

जब कोई फोन या कंप्यूटर खराब हो जाता है या फेंक दिया जाता है तो उसमें मौजूद चांदी भी कूड़े में चली जाती है। काश। हम इन बेकार उपकरणों से यह चांदी वापिस निकाल पाते। यह तो साफ है कि स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस संदर्भ में मारिया स्मिरनोवा एक हालिया रिपोर्ट स्प्रॉट सिल्वर रिपोर्ट में लिखती हैं कि जैसे-जैसे अधिक. ाधिक देश सौर पैनलों का उपयोग करके अक्षय ऊर्जा बनाएंगे, वैसे-वैसे चांदी की मांग में लगातार वृद्धि होगी।

वे आगे बताती हैं कि भले ही कुछ समूह सौर ऊर्जा के लिए अन्य धातुओं (जैसे लीथियम, कोबाल्ट और निकिल) का उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं, फिर भी स्वच्छ और हरित ऊर्जा उत्पादन में चांदी एक प्रमुख भूमिका निभाती है और, इस साल चांदी की मांग में लगभग 170 प्रतिशत वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, कारों, बसों और ट्रेनों में ईंधन के रूप में पेट्रोल की जगह सौर ऊर्जा का उपयोग होना शुरू हुआ है। स्मिरनोवा आगे बताती हैं कि अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का अनुमान है कि 2035 तक, दुनिया भर में बिकने वाली हर दूसरी कार इलेक्ट्रिक होगी।

इसका मतलब होगा कि हमें और चांदी चाहिए होगी। इसी संदर्भ में, फिनलैंड के प्रोफेसर टिमो रेपो और उनके साथियों ने अपने शोधपत्र में चांदी को पुन:चक्रित करने की एक कुशल रासायनिक विधि प्रस्तुत की है। इस विधि में कार्बनिक वसीय अम्लों (जैसे लिनोलेनिक या ओलिक एसिड) का उपयोग चांदी निकालने में किया गया है। यह कार्बनिक वसीय अम्ल तिलहन, मेवों और वनस्पति तेलों जैसे जैतून का तेल या मूंगफली का तेल में पाए जाते हैं, जिनका दैनिक भोजन में उपयोग होता है।

गौरतलब है कि इलेक्ट्रॉनिक कचरे से चांदी को पुनरू प्राप्त करना आसान नहीं हैरू प्रबल अम्लों और साइनाइड के उपयोग की वजह से इस प्रक्रिया में विषाक्त पदार्थ पैदा हो सकते हैं। अन्य धातुओं और मिश्र धातुओं से चांदी को अलग करने की पारंपरिक विधियों का उपयोग करने की बजाय उपरोक्त समूह ने सूरजमुखी, मूंगफली और अन्य तेलों में प्रचुर मात्रा में पाए जाने वाले साधारण असंतृप्त वसीय अम्लों के उपयोग से चांदी को अलग करके पुनरू हासिल करने की एक विधि विक. सित की है। समूह ने पाया कि इनका पुनर्चक्रण किया जा सकता है और इस प्रकार यह कार्बनिक विलायक और जलीय माध्यम से बेहतर हैं। शोधकर्ताओं ने इस विधि को शहरी खनन में भी कारगर पाया है, जहां कबाड़ या कचरे में फेंके गए कंप्यूटर के मदरबोर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के कचरे से चांदी पुनरू निकाली जा सकती है। शोध दल का निष्कर्ष है, ह्वसीय अम्ल बहुमूल्य बहु-धातु अपशिष्ट के निपटान का उन्नत माध्यम बन सकते हैं।

**-डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन**
**(स्रोत फीचर्स)**

# सिंगापुर: एक भीड़ भरे शहर में हरियाली की तलाश

सिंगापुर मात्र 730 वर्ग किलोमीटर का द्वीप देश है, आबादी करीब 60 लाख। इसके घनी शहरी बसाहट के बीच कुछ नाजुक प्राकृतिक क्षेत्र भी हैं, जिन्हें बचाने की जरूरत है। ऐसा ही एक जंतु जोहोरा सिंगापोरेन्सिस है। यह एक दुर्लभ, निशाचर, मीठे पानी का केकड़ा है और केवल सिंगा. पुर के आरक्षित क्षेत्रों में जलधाराओं के आसपास पाया जाता है।

2008 में जब इसकी संख्या तेजी से घटने लगी, तब यह पर्यावरणीय चिंता का विषय बन गया। एक छात्र द्वारा इसे ढूंढने के असफल प्रयासों ने सरकार और वैज्ञानिकों को सतर्क किया। इसके बाद सरकार के नेशनल पार्क्स बोर्ड ने वैज्ञानिकों और संगठनों के साथ मिलकर इस केकड़े को बचाने के लिए प्रजनन और पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया। आज भी यह केकड़ा संकटग्रस्त है, लेकिन इन प्रयासों से इसके जीवित रहने की संभावना कुछ बेहतर हुई है।

तेज विकास के दबाव के बीच सिंगापुर की हरियाली को बचाने की कोशिश काबिल-ए-तारीफ है। 1819 में जब यह एक ब्रिटिश व्यापारिक केंद्र बना था, तब से अब तक देश के ज्यादातर मूल वर्षावन खत्म हो चुके हैं। अब केवल थोड़ा-सा हिस्सा बचा है, जिसे सेंट्रल कैचमेंट नेचर रिजर्व में संरक्षित किया गया है। सिंगापुर के सामने एक बड़ी चुनौती बढ़ती आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अपनी प्राकृतिक धरोहर को बचाए रखना भी है। भले ही देश में जन्म दर घट रही है, लेकिन विदेश से आने वाले मजदूरों और छात्रों के कारण आबादी लगातार बढ़ रही है। यहां की एक-तिहाई आबादी प्रवासी है। लगभग 80 प्रतिशत लोग सरकार द्वारा बनाए गए बहुमंजिला मकानों में रहते हैं। 2025 तक करीब 1 लाख नए मकान बनाने की योजना है, जिनमें से कुछ वन्य क्षेत्रों में बनेंगे। तेजी से हो रहे विकास को लेकर पर्यावरणविदों में चिंता बढ़ रही है। सरकार भले ही एक करोड़ पेड़ लगाने और एक लाख कोरल ट्रांसप्लांट करने जैसे दीर्घकालिक उपायों का वादा कर रही है, लेकिन आलोचकों का मानना है कि ए कोशिशें शायद काफी नहीं हैं। इस स्थिति में कई सवाल उठते हैं-इन परियोजनाओं के दौरान कितने पेड़ काटे जा रहे हैं? क्या सैकड़ों साल पुराने जंगल आधुनिक घरों के लिए खत्म किए जा रहे हैं और क्या इतने बड़े पैमाने पर कोरल ट्रांसप्लांट करना वास्तव में मुमकिन है? पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए, लेकिन कुछ कार्यकर्ता अब भी संदेह में हैं। उनका कहना है कि जब तक किसी जंगल को काटे जाने की योजना की खबर आम जनता तक पहुंचती है, तब तक फैसला लिया जा चुका होता है। इन चुनौतियों के बावजूद, शहरी हरियाली को लेकर सिंगापुर की कोशिशें दुनिया भर में सराही जाती हैं। यहां पेड़ों की छांव (ट्री-कैनपी) का घनत्व दुनिया में सबसे ज्यादा है। कारण है कड़े नियम, जिनके तहत नई इमारतों में पर्यावरण के अनुकूल डिजाइन अनिवार्य हैं। जैसे हरित छतें और पेड़ों से सजे पैदल पुल। एक शानदार उदाहरण है बिशन-आंग मो किओ पार्क, जो न सिर्फ सैर-सपाटे के लिए मशहूर है, बल्कि जलवायु लाभ भी देता है। 62 हैक्टर में फैला यह पार्क आसपास की ऊंची इमारतों वाले इलाकों की तुलना में लगभग 3 डिग्री सेल्सियस ठंडा रहता है और लोगों को राहत पहुंचाता है। हरित क्षेत्र बारिश का पानी सोखने, शोर कम करने और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं।



सिंगापुर की सरकार अपनी पर्यावरण नीति को प्रकृति में बसा शहर कहती है। यह एक महत्वाकांक्षी सोच को जाहिर करता है जिसमें शहर के हर पहलू में प्रकृति को शामिल करने की कोशिश है। इस घनी आबादी वाले शहर में प्रकृति को केवल बचाया नहीं गया है, बल्कि उसे रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बना दिया गया है। सिंगापुर का अनुभव दुनिया भर के शहरों के लिए एक मिसाल हैरू पर्यावरण संरक्षण का मतलब प्रगति को रोकना नहीं है बल्कि इसके लिए समझदारी से फैसले लेने तथा खुली बातचीत और दूर.ष्टि की जरूरत होती है। उम्मीद है आगे भी सिंगापुर बाकी दुनिया के लिए मिसाल बना रहेगा।

**-स्रोत फीचर्स**

**पर्यावरण से जुड़े कई लोग इस बात से भी नाराज हैं कि सरकार की योजना से जुड़ा डैटा आसानी से नहीं मिलता, जिससे आपसी सहयोग में बाधा आती है। भले ही एनपार्क्स कहता है कि ज्यादातर योजनाएं साझेदारी से चलती हैं, लेकिन आंकड़े साझा न किए जाने को लेकर असहमति बनी हुई है। कई बार सरकार लुप्तप्राय प्रजातियों की जानकारी इसलिए नहीं देती कि कहीं उनका शिकार न होने लगे लेकिन पारदर्शिता की कमी लोगों के बीच अविश्वास पैदा करती है। 2024 में विशेषज्ञों और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा मिलकर तैयार किए गए सिंगापुर टेरेस्ट्रियल कंजर्वेशन प्लान में सुझाव है कि पर्यावरण से जुड़ी योजनाओं में बेहतर संवाद और आम लोगों की अधिक भागीदारी होनी चाहिए।**

# अब उल्टा 2.5 लाख करोड़ की ईरान को मदद देगा अमेरिका

## सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम में इन्वेस्टमेंट करेगा, कई प्रतिबंधों में राहत भी देगा वॉशिंगटन

### इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रतिबंधों से भी छूट मिल सकती है



**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका, ईरान को उसके सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम को विकसित करने में मदद करने पर विचार कर रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने ईरान को 30 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए) के निवेश का प्रस्ताव दिया है, जिसके तहत ईरान यूरेनियम का संवर्धन किए बिना सिविल एनर्जी के लिए परमाणु कार्यक्रम शुरू कर सकता है।

इस डील के तहत ईरान को कुछ प्रति. बंधों से भी छूट मिल सकती है और उसे विदेशी बैंकों में जमा 6 अरब डॉलर तक की राशि तक पहुंच मिल सकती है, जिस पर फिलहाल प्रतिबंध है। सिविल एनर्जी प्रोडक्शन न्यूक्लियर प्रोग्राम ऐसा परमाणु कार्यक्रम होता है जिसका इस्तेमाल सिर्फ बिजली या ऊर्जा बनाने के लिए किया जाता है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसमें न्यूक्लियर पावर प्लांट बनाए जाते हैं जो परमाणु रिएक्शन का उपयोग कर बिजली पैदा करते हैं। इसका सैन्य उद्देश्यों या हथियारों से कोई लेना-देना नहीं होता। यह कदम अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता शुरू करने की कोशिश का हिस्सा बताया जा रहा है।

20 जून को व्हाइट हाउस में अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और खाड़ी देशों के नेताओं के बीच एक सीक्रेट मीटिंग हुई। इसमें प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अमेरिका का कहना है कि वह इस कार्यक्रम के लिए सीधे पैसे नहीं देगा, बल्कि उम्मीद है कि खाड़ी के दूसरे देश इसमें निवेश करेंगे। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराग्ची ने गुरुवार को स्वीकार किया कि अमेरिका और इजरायल के हमलों से ईरान के परमाणु ठिकानों को 'भारी क्षति' हुई है। यह बयान सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और देश के अर्धसैनिक समूह, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के दावों के विपरीत है। अराग्ची ने सरकारी प्रसारक आईआरआईबी न्यूज के साथ साक्षात्कार में कहा कि परमाणु ठिकानों को 'गंभीर नुकसान' पहुंचा है और अब इस नुकसान का आकलन किया जा रहा है। उनका यह बयान खामेनेई और आईआरजीसी के दावों के विपरीत है, जिन्होंने उन हमलों को मामूली बताया था। उन्होंने कहा कि फिलहाल अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख राफेल ग्रोसी को ईरान आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### अमेरिका से वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई समझौता नहीं हुआ: ईरान

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने गुरुवार को कहा कि इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरानी क्षेत्र पर हमलों के बाद बढ़े तनाव के बीच अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कोई व्यवस्था या प्रतिबद्धता नहीं की गई है। सरकारी प्रसारक 'आईआरआईबी' के साथ एक साक्षात्कार में अराघची ने कहा कि वार्ता फिर से शुरू करने की संभावना पर विचार किया जा रहा है, लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि तेहरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती है या नहीं। उन्होंने कहा कि हमारे निर्णय पूरी तरह से ईरान के हितों पर आधारित होंगे। यदि हमारे हितों के लिए वार्ता की वापसी की आवश्यकता है, तो हम इस पर विचार करेंगे। लेकिन इस स्तर पर कोई समझौता या वादा नहीं किया गया है और कोई बातचीत नहीं हुई है।



मुंबई। संगीतकार दिवंगत आरडी बर्मन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करती गायिका आशा भोसले।

### अमेरिका के साथ युद्ध विराम वार्ता में खामेनेई को किया गया पूरी तरह दरकिनार

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को इजरायल के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी बातचीत और अमेरिका के साथ युद्धविराम वार्ता में पूरी तरह दरकिनार किए जाने की रिपोर्टें हैं। ईरान इंटरनेशनल के अनुसार, संपूर्ण निर्णय लेने की प्रक्रिया ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अपने हाथों में रखी थीं और उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के युद्ध विराम प्रस्ताव का तुरंत जवाब दिया।

### मार्च से अब तक इजरायल पर 309 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए: हूती नेता

**सना।** यमन के हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती ने गुरुवार को कहा कि उनके बलों ने मार्च के मध्य से अब तक इजरायल पर 309 बैलिस्टिक, हाइपरसोनिक मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं और जिसे समूह अपने सैन्य अभियान का दूसरा चरण कहता है। इस्लामिक नव वर्ष के अवसर पर हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक टेलीविज़न भाषण में, अल-हूती ने कहा कि इस महीने अकेले 25 मिसाइलें और ड्रोन दागे गए, जिसे उन्होंने गाजा के समर्थन में गुणात्मक सैन्य अभियान बताया। उन्होंने फिर से पुष्टि की कि लाल सागर इजरायल से जुड़े समुद्री यातायात के लिए बंद है। उसने इजरायल पर अमेरिका के समर्थन से गाजा में अपना आक्रमण जारी रखने का आरोप लगाया। अल-हूती ने फलीस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करने तथा ईरान को महान विजय और दृढ़ता के लिए बधाई देने के लिए आज सना तथा हूती नियंत्रण वाले अन्य क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रैलियां आयोजित करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया में किशोर पर हत्या का आरोप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने ब्रिसबेन में 58 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के आरोप में एक किशोर को आरोपी बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड की पुलिस ने आज बताया कि ब्रिसबेन के अंदरूनी उत्तरी इलाके क्लेफील्ड में एक घर में कल रात करीब 8:15 बजे एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया था। अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पाया कि 58 वर्षीय व्यक्ति मृत अवस्था में है और साथ ही वहां किशोरों का एक बड़ा समूह भी मौजूद है। पुलिस ने इलाके की तलाशी ली और पास में ही एक 15 वर्षीय लड़का मिला, जो उस व्यक्ति को जानता था।

### कोलंबिया भूस्खलन में मृतकों की संख्या बढ़कर 14 हुई

**बोगोटा।** उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है तथा अन्य 12 अभी भी लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि भूस्खलन की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए हैं और करीब एक हघर लोग बेघर हो गए हैं। मेयर लोरेना गोंजालेज ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राहत और बचाव दल बेलो शहर के प्रभावित एल पिनार इलाके में चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं, ताकि जीवित बचे हुए लोगों की तलाश की जा सके। गोंजालेज ने कहा कि बचाव ऑपरेशन जारी है। हमें उम्मीद है कि मलबे में दबे लोग जीवित मिलेंगे। उन्होंने लोगों से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में घरों को खाली करने का आग्रह किया।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे से सोना निकालने की नई तकनीक विकसित

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों ने सोने को अयस्क और इलेक्ट्रॉनिक कचरे से निकालने का एक अधिक टिकाऊ तरीका विकसित किया है, जो पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हुए सोना निकालने की प्रक्रिया को बदल सकता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार 2022 में ई-कचरा 6-20 करोड़ टन पहुंचने के बाद, इस यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक विकसित की है, जिससे सस्ते और सुरक्षित रसायनों की मदद से सोना निकाला जा सकता है।

### युद्ध विराम के बाद कूटनीतिक रास्ता अपनाने का किया आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुए युद्ध विराम पर चर्चा करने के लिए फोन पर बात की। मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए कूटनीतिक रास्ता अपनाने की जरूरत है। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने संकट के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत की मेज पर लौटने और सैन्य बल का सहारा लेने से परहेज करने की आवश्यकता पर जोर दिया। सिसी और स्टारमर ने युद्ध विराम के बाद तनाव में हुई कमी का स्वागत किया।

## लोकतंत्र से भटक रहा अमेरिका: ओबामा

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पिछले हफ्ते अमेरिकी राज्य कनेक्टिकट के हार्टफोर्ड शहर में एक कार्यक्रम में भाषण दिया।

प्रसिद्ध इतिहासकार हीदर काक्स के साथ चर्चा में ओबामा ने देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चिंता जताई और युवाओं से देश को बचाने की अपील की। ओबामा ने ट्रम्प सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जो लोग आज अमेरिका की सरकार चला रहे हैं, वे लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जरूरी है कि सरकार के बाहर और अंदर दोनों जगह से गलत चीजों का विरोध हो। लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है। ओबामा ने कहा कि व्यापारिक सौदों में डराया जा रहा है, जो केवल आर्थिक नहीं बल्कि नैतिक रूप से भी खतरनाक है। उन्होंने अपने कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि चीन की बढ़ती ताकत के बावजूद उन्होंने टैरिफ जैसे उपायों



■ **पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: ट्रम्प सरकार देश को खोखला कर रही ट्रेड वॉर से खतरे में देश की गरिमा**

का बेजा इस्तेमाल नहीं किया था, क्योंकि यह अमेरिका की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने ट्रेड वार को गलत बताते हुए कहा कि इससे देश की गरिमा खतरे में है। ओबा. मा ने अमेरिका की तुलना हंगरी जैसे देशों से की, जहां चुनाव तो होते हैं, लेकिन वहां सच में लोगों की आवाज की कद्र नहीं होती और नेता मनमानी करते हैं।

## चीन-पाक के सपनों पर बांग्लादेश ने फेरा पानी, भारत चिंतामुक्त

**ढाका।** एशिया में मजबूत गठजोड़ को लेकर चीन और पाकिस्तान के मंसूबों पर बांग्लादेश ने पानी फेर दिया है। पिछले दिनों बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान के सचिल स्तर के अधिकारियों ने बीजिंग में एक बैठक की थी। इसके बाद कहा जा रहा था कि भारत के विरोध में ये तीनों देश एक साथ आ गए हैं।

हालांकि, अब बांग्लादेश ने इसे सिरे से खारिज किया है। बांग्लादेश के विदेश सलाहकार तौहीद हुसैन के मुताबिक हमारे साथ कोई भी गठबंधन नहीं बनने जा रहा है। बांग्लादेश किसी भी गठबंधन में शामिल नहीं है। हम किसी एक देश के खिलाफ नहीं है। द डेली स्टार के मुताबिक तौहीद ने कहा कि तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक आधिकारिक बैठक थी। राजनीतिक

### तीनों सचिवों के बीच जो बैठक हुई थी, वो एक अधिकारिक बैठक थी: तौहिद

बैठक नहीं थी। इसलिए गठबंधन की बात तो कहीं से भी ठीक नहीं है। बांग्लादेश किसी एक देश के खिलाफ काम नहीं करता है। तौहिद ने कहा कि बैठक में उर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर बात हुई। इस तरह की बात से कोई मोर्चा नहीं बनता है। यह सब मीडिया की सिर्फ खबरें हैं। तौहिद ने कहा कि अगर भारत बांग्लादेश और नेपाल के साथ अगर मिलकर कोई बैठक करना चाहता है तो हम स्वागत करेंगे। हम इसके लिए ढाका की धरती भी मुहैया कराएंगे। हमारी कोशिश है कि पड़ोस से रिश्ते बेहत. रीन रहे। तौहिद के मुताबिक बांग्लादेश का विजन बड़ा है और हम सिर्फ काम पर फोकस कर रहे हैं। हम अपने विदेश नीति को ठीक ढंग से संचालित करने की कोशिश कर रहे हैं। विदेश सलाहकार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि हम रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटे हैं। रिश्तों में गर्माहट नहीं है तो यह ठंडा भी नहीं पड़ा है। हमारे पास सद्भाव की कमी नहीं है। हमारे लोग लगातार लगे हुए हैं। तौहिद के मुताबिक जल्द ही सबकुछ पटरी पर आ जाएंगे। अगस्त 2024 में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद से ही बांग्लादेश और भारत के रिश्तों में तल्खी आ गई। बांग्लादेश की यूनुस सरकार शेख हसीना को लेकर भारत के खिलाफ अग्रेसिव है। वहीं भारत भी बांग्लादेश को तवज्जो देने के मूड में नहीं है।

## 24 घंटे में चीन से पाक को दूसरा बड़ा झटका

### जेट-35 की फेल डील के बाद अब नहीं मिलेगी हाइपरसोनिक मिसाइल

**बीजिंग।** पाकिस्तान की अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने की उम्मीदों को चीन ने बड़ा झटका दिया है। चीन ने न केवल पाकिस्तान को हाइपरसोनिक मिसाइल देने से मना किया है, बल्कि इसकी टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार कर दिया है।

सूत्रों की माने तो बीजिंग ने इस्लामाबाद को साफ शब्दों में बता दिया है कि उसकी हाइपरसोनिक मिसाइलें एक्सपोर्ट के लिए नहीं हैं और इनका कोई एक्सपोर्ट वर्जन भी विकसित नहीं किया गया है। पाकिस्तान लंबे समय से चाहता था कि चीन उसे हाइपरसोनिक मिसाइल दे, ताकि वह भारत की बढ़ती मिसाइल ताकत का मुकाबला कर सके। भारत ने हाल के वर्षों में हाइपरसोनिक मिसाइल सिस्टम, बैलिस्टिक मिसाइल, सुपरसो. निक क्रूज मिसाइल और हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्सट्रेटर व्हीकल जैसे एडवांस हथियार विकसित किए हैं।

■ **टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर करने से भी साफ इन्कार किया**

खासकर ऑपरेशन सिंदूर में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत देखकर पाकिस्तान बेचैन है। वह ऐसी मिसाइलें चाहता है, जो ध्वनि की गति से पांच गुना तेज हों और जिन्हें रोकना लगभग असंभव हो। चीन ने हालांकि साफ कर दिया है कि वह अपनी स्पेशल हाइपरसो. निक तकनीक को सीक्रेट रखना चाहता है। उसे डर है कि अगर यह तकनीक पाकिस्तान को दी गई, तो पश्चिमी देशों या उनकी खुफिया एजेंसियों को इस पर रिसर्च करने का मौका मिल सकता है। इससे चीन की सैन्य रणनीति से जुड़े रहस्य उजागर हो सकते हैं। विशेषज्ञों की माने तो चीन अपनी डीएफ-17 जैसी मिसाइलों को अमेरिका और उसके सहयोगियों के खिलाफ महत्वपूर्ण हथियार के तौर पर देखता है। इसलिए वह इस तकनीक को किसी के साथ शेयर करने से बच रहा है। चीन और पाकिस्तान के बीच मजबूत रक्षा संबंधों के बावजूद यह इनकार दोनों देशों की दोस्ती की सीमाओं को दर्शाता है। दोनों देश सीपेक, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और अन्य मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, लेकिन हाइप. रसोनिक मिसाइल के मुद्दे पर चीन का रुख सख्त रहा है। यह चीन-पाक के मजबूत रक्षा संबंधों में एक बड़े मतभेद के रूप में देखा जा रहा है। जहां एक ओर दोनों देश सीपीईसी, लड़ाकू विमान, नौसैनिक जहाज और मिसाइल सिस्टम पर मिलकर काम कर रहे हैं, वहीं इस इंकार ने उनकी हर मौसम की दोस्ती की सीमाएं भी उजागर कर दी हैं। यह फैसला पाक के लिए एक बड़ा झटका है, क्योंकि वह भारत की डिफेंस प्रोग्रेस से दबाव में है और इस तकनीक को हासिल करने की उम्मीदें धराशाई हो गई हैं।

## कतर के लिए गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना

**नई दिल्ली।** भारत ने बाग. वानी निर्यात को बढ़ावा देते हुए पंजाब के पठानकोट से कतर की राजधानी दोहा तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सबसे बड़े शहर दुबई के लिए डेढ़ मीट्रिक टन गुलाब की खुशबू वाली लीची की पहली खेप रवाना की है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दोहा के लिए एक टन लीची की पहली खेप रवाना की गई है।

पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई है जो निर्यात में दोहरी उपलब्धि और वैश्विक ताजे फल बाजार में भारत की बढ़ती उपस्थिति दर्शाता है। इस पहल को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत

■ **पठानकोट से दुबई को 0.5 मीट्रिक टन लीची की एक अलग खेप भेजी गई**

कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (अपेडा) ने पंजाब सरकार के बागवानी विभाग ने लुल्लू समूह और सुजानपुर के प्रगतिशील किसान प्रभात सिंह के सहयोग से सुगम बनाया। उन्होंने गत 23 जून को उच्च गुणवत्ता वाली उपज की आपूर्ति की। यह महत्वपूर्ण पहल भारत की बाग. वानी उपज की उत्कृष्टता को रेखांकित करती है और देश की बढ़ती कृषि-निर्यात क्षमताओं को भी उजागर करती है। यह कृषक समुदायों को उनके ताजे और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंच प्रदान करके अपार अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 के लिए पंजाब का लीची उत्पादन 71490 मीट्रिक टन रहा जो भारत के कुल लीची उत्पादन में 12.39 प्रतिशत का योगदान देता है। इसी अवधि के दौरान भारत ने 639.53 मीट्रिक टन लीची का निर्यात किया। खेती का रकबा 4327 हेक्टेयर था जिसकी औसत उपज 16523 किलोग्राम/हेक्टेयर थी। रवाना की गई खेप में प्रीमियम पठानकोट लीची का एक रीफर पैलेट (रेफ्जिरेटेड कंटेनर) शामिल है जो इस क्षेत्र के उत्पादकों के लिए एक बड़ा कदम है।

### पाक में भारी वर्षा के कारण सात की मौत

**इस्लामाबाद।** पाक के पूर्वी पंजाब प्रांत में भारी बारिश के कारण पिछले 24 घंटों में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कल देर रात यह जानकारी दी। प्राधिकरण ने बताया कि झेलम नदी में डूबने से दो लोगों की मौत हो गई। ओकारा और बहावलनगर में वर्षा जनित घटनाओं में एक-एक बच्चे की मृत्यु की खबर है। मुजफ्फरगढ़ में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत हो गई और खानेवाल में बिजली गिरने से एक व्यक्ति की जान चली गई। इस बीच मुल्तान, फैसलाबाद, साहीवाल, शोरकोट और मंडी बहा. उद्दीन से बारिश से जुड़ी अन्य दुर्घटनाएं सामने आईं जो ज्यादातर छत और दीवार गिरने या बिजली के झटके के कारण हुईं।

## भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की विरासत को समर्पित कोरिया युद्ध की 75वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली।** कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया ने कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां कोरिया-भारत मैत्री पर बनी एक फिल्म की स्क्रीनिंग कर इस युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की ओर से की गई नि:स्वार्थ सेवा को याद किया। कोरियाई युद्ध में भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस ने संयुक्त राष्ट्र बलों के साथ सेवा दी थी। इस आयोजन ने कोरिया और भारत के बीच गहरी मित्रता और एकजुटता को फिर से पुष्टि की है।

फिल्म 'ताएगुकगी: द ब्रदरहुड ऑफ वॉर' एक बंटे हुए देश की पीड़ा और युद्ध के समय भाईचारे के रिश्ते को दर्शाती है। यह फिल्म कोरिया और भारत के साझा मूल्यों और बलिदानों की गहरी याद दिलाती है। इसमें वॉन बिन मुख्य भूमिका में हैं, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बोंग जून-हो द्वारा

### इस आयोजन ने कोरिया व भारत के बीच गहरी मित्रता की पुष्टि की है

निर्देशित फिल्म 'मदर' के लिए जाना जाता है। उनके साथ जांग डोंग-गुन हैं, जो 'फ्रेंड' और 'अ जेंटलमैन्स डिग्निटी' जैसी हिट फिल्मों के लिए लोकप्रिय हैं। इन दोनों कलाकारों के भारत में भी बड़ी संख्या में प्रशंसक हैं। कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया के निदेशक वांग इल यॉन्ग ने कहा कि फिल्म सिर्फ एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह भावनाओं, यादों और समझ को साझा करने का एक मजबूत पुल है। कोरियाई युद्ध के दौरान भारत द्वारा 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस को भेजना सच्ची दोस्ती और महान बलिदान का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम दर्शकों को कोरिया और भारत के मजबूत रिश्तों पर सोचने और सिनेमा के माध्यम से एक गहरे जुड़ाव और सहानुभूति का अनुभव करने का मौका देगा। उल्लेखनीय है कि 1950 में भारत ने 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस की टुकड़ी को कोरिया भेजा, जिसमें 341 चिकित्सा कर्मी शामिल थे। यह इकाई युद्ध के मोर्चे पर तैनात रही और घायल सैनिकों को बचाने और उनका उपचार करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। पूरे 25 महीनों तक कोरिया में सेवाएं देते हुए, उन्होंने मानवता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की भावना का आदर्श उदाहरण पेश किया। फिल्म स्क्रीनिंग के साथ-साथ, दर्शकों को कोरियाई कैलीग्राफी (लिखावट) कार्यशाला में भाग लिया, जहां कोरिया की प्राकृतिक सुंदरता को बहुत ही जीवंत तरीके से अनुभव किया। यह कार्यक्रम केवल देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि लोगों को कोरिया के इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़ने का मौका भी मिला।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट